

माँ शैलपुत्री

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 22 मार्च 2023 पृष्ठ-12 वर्ष-07, अंक- 207 मूल्य 3.00 ₹

## विधानसभा में अनुदान मांगों से ज्यादा चर्चा में रही जय-वीरू की जोड़ी

### बृजमोहन ने मंत्री सिंहदेव से पूछा-जय-वीरू की जोड़ी का क्या हाल









पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

विधानसभा में अनुदान मांगों से ज्यादा जय-बीरू की जोड़ी चर्चा में रही। विधानसभा सभा के बजट सत्र के दौरान मंगलवार को स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के विभागों से संबंधित अनुदान मांगों पर चर्चा हुई। भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने सदन ने पूछा कि जय-वीरू की जोड़ी का क्या हाल है? इस पर टीएस सिंहदेव ने कहा कि खट्टा-मीठा चलता रहता है। चर्चा के दौरान मंत्री सिंहदेव ने कहा कि शराब से राजस्व बढ़ा है। इस पर भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि आपके जनघोषणा पत्र में शराबबंदी का वादा था। मंत्री सिंहदेव ने इस पर जवाब देते हुए कहा कि इस मामले में महिला और पुरुषों की अलग-अलग राय थी। कुछ लोगों ने कहा कि शराबबंदी होगी तो वोट नहीं देंगे। महिलाओं ने कहा था शराबबंदी होनी चाहिए। इस पर दोनों तरह की बातें होती हैं। इसके बाद मंत्री टीएस सिंहदेव ने बड़ी घोषणाएं की। उन्होंने कहा कि-छत्तीसगढ़ में एक जून से सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिए कैशलेस व्यवस्था लागू होगी। जिसे चर्चा के बाद पारित कर दिया।

### भूपेश ने किसानों का आत्मबल बढ़ाया : भगत

मंत्री भगत ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जबसे भूपेश बघेल मुख्यमंत्री बने हैं तबसे किसानों का आत्मबल बढ़ा है। भाजपा सरकार में 56 लाख टन धान की खरीदी होती थी। हमारी सरकार ने इस वर्ष 107 लाख टन धान खरीदा है। हम गरीबों को एक रुपये और अमीरों को 10 रुपये में चावल दे रहे हैं। भाजपा के समय 58 लाख राशन कार्ड थे, अभी 73 लाख 83 हजार प्रचलन में हैं। भगत ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में किसान मानसिक अवसाद में थे। आज धरती पुत्रों का दिन आ गया। प्रदेश के किसानों के चेहरे में चमक है तो इनके पेट में दर्द क्यों हो रहा है।

### राशन पर राजनीति, एक हजार करोड़ के घोटाले का आरोप

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्त I संरक्षण विभाग के मंत्री अमरजीत भगत के विभागों के अनुदान मांग की चर्चा के दौरान विपक्ष ने नारेबाजी के साथ जमकर हंगामा मचाया और बहिर्गमन कर दिया। मंत्री भगत के जवाब पर नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने आरोप लगाया कि विभाग में चावल, दाल, शक्कर आदि राशन में एक हजार करोड़ का घोटाला हुआ है।

### बोधघाट परियोजना पर सरकार को घेरा बृजमोहन ने

विधानसभा में प्रश्नकाल में विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने बोधघाट परियोजना को लेकर सवाल किया। उन्होंने पूछा कि बोधघाट परियोजना का काम कब तक शुरू होगा। मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि बोधघाट वृहद परियोजना का सर्वेक्षण अनुसंधान कार्य प्रगति पर है। निर्माण कार्य प्रारंभ करने की तिथि अभी बताना संभव नहीं है। बृजमोहन ने पूछा कि क्या पर्यावरणीय स्वीकृति मिल गई है? इस पर मंत्री चौबे ने कहा कि पहले हाइड्रो पावर के लिए स्वीकृति मिल चुकी है।

#### इस कार्यकाल में शुरू नहीं हो पाएगी: रमन सिंह

बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि सदन में पहले भी पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह और मैंने कहा था कि यह परियोजना इस कार्यकाल में शुरू नहीं हो पाएगी। तब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और मंत्री ने कहा था कि परियोजना को शुरू करके दिखाएंगे। मंत्री चौबे ने कहा कि गोदावरी बेसिन में इस परियोजना से दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा में करीब तीन लाख हेक्टेयर में सिंचाई होगी। चौबे ने कहा कि यह दुर्भाग्य है कि देश में नौ साल से सरकार चला रहे लोगों ने एक भी सिंचाई योजना केलिए पहल नहीं की। हमने कहा था कि डीपीआर तैयार होगा, वह हो रहा है। कंपनी ने अगस्त 2023 तक का समय मांगा है।

#### बिना टेंडर के क्यों दिया गया काम

मंत्री ने बताया कि बोधघाट परियोजना के सर्वेक्षण एवं अनुसंधान तथा भारत सरकार से वैधानिक अनुमति प्राप्त करने का कार्य वाप्कोस लिमिटेड, गुरुग्राम को दिया गया है। बोधघाट परियोजना के सर्वेक्षण पर 12 करोड़ 50 लाख रुपये खर्च किया जा चुका है। बृजमोहन ने कहा कि इस कंपनी को 41 करोड़ का काम बिना टेंडर के क्यों दिया गया? यह कंपनी मध्यप्रदेश में नल जल योजना में ब्लैक लिस्टेड है। यह केंद्र सरकार की कंपनी नहीं है, यह केवल इंपैनल है।

#### किसान सरकार की नीतियों से बेबस

इसके पहले बेमौसम बारिश से हुए फसलों के नुकसान का मुद्दा उठा। बीजेपी के सदस्य शिवरतन शर्मा ने आरोप लगाया कि बरसात से हुए नुकसान का सरकार ने संज्ञान नहीं लिया। अजय चंद्राकर बोले- रबी की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। किसान सरकार की नीतियों से बेबस हो गया है।

## सीएम भूपेश ने मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना के हितग्राहियों से की चर्चा



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

कांकेर वन मंडल के तुएगहन गांव के राजूराम उसेंडी ने मुख्यमंत्री से चर्चा करते हुए बताया कि उनकी एक एकड़ भूमि में टिशु कल्चर सागौन के 250 पौधों का रोपण किया गया है। मुख्यमंत्री के पूछने पर उन्होंने बताया कि वन विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि 12 वर्ष में सागौन के वृक्ष तैयार होंगे और उन्हें 24 से 26 लाख रुपए की आमदनी होगी। उसेंडी ने बताया कि पहले वे अपनी 1 एकड़ जमीन में धान लगाते थे, जिसमें 3 से 4 क्विंटल धान का उत्पादन होता था। सिंचाई के बारे में उन्होंने बताया कि उनके खेत में बोर भी है, जल्द ही वे ड्रिप सिंचाई की व्यवस्था करेंगे। बलरामपुर वन मंडल राधा नगर के अभिषेक दुबे ने बताया कि उन्होंने 2 एकड़ में टिशू कल्चर सागौन के 500 पौधों का रोपण किया है। पहले वह सरसों की फसल लेते थे। सरगुजा वन मंडल के सखौली गांव की प्रमिला सिंह ने बताया कि उन्होंने 2 एकड़ में चंदन के 320 पौधे लगाए हैं। अधिकारियों ने बताया कि सरगुजा की जलवायु चंदन के लिए अनुकूल है। बीजापुर



वन मंडल के मंगालूर गांव के मंगल राम राणा ने बताया कि उन्होंने 5 एकड़ खाली जमीन में 1250 टिशु कल्चर सागौन के पौधे लगाए हैं। इसी तरह कवर्धा वनमंडल के अमरौदी गांव के मोहम्मद हसीम खान ने बताया कि उन्होंने 2 एकड़ में टिशु कल्चर सागौन के 550 पौधे और बोककरखार के सुखलाल धुर्वे ने बताया कि उन्होंने एक एकड़ में क्लोन नीलगिरी के 900 पौधे लगाए हैं। राजनवागांव के जलेश्वर पाली ने बताया कि उन्होंने 2 एकड़ में टिशु कल्चर सागौन के 500 पौधे रोपे हैं। रायपुर वनमण्डल के सरोना के डॉ मढरिया ने बताया उन्होंने 7 एकड़ में 1250 टिशु कल्चर सागौन के पौधे लगाए हैं। हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री से चर्चा के दौरान इस योजना को आमदनी और पर्यावरण की दृष्टि से अच्छी योजना बताया।

## क्विक न्यूज़

### चुनावी बॉन्ड को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई 11 अप्रैल को

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को चुनावी बॉन्ड योजना की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर विचार के लिए पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ को भेजने के मसले पर 11 अप्रैल को सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त की। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मामले को 11 अप्रैल के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। याचिकाकर्ताओं में शामिल 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे ने मामले को संविधान पीठ के समक्ष भेजने की गुहार लगाते हुए कहा, जब यह एक संविधान पीठ होगी, तभी हमें लाभ होगा। सबसे बड़ी बात यह कि इससे किसी का नुकसान नहीं होगा। हां, यह मुद्दा हमारे लोकतांत्रिक अस्तित्व की जड़ों तक जाता है। चुनावी बांड के तौर पर अब तक 12,000 करोड़ रुपये और इसका दो तिहाई से अधिक सबसे बड़ी पार्टी को जाता है।

### इंटरपोल को जानबूझकर भाजपा सरकार ने सबूत नहीं सौंपा : राघव चड्ढा

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा सांसद एवं आम आदमी पार्टी नेता राघव चड्ढा ने केंद्र सरकार पर भगौड़े मेहुल चोकसी के लिए रेड कारपेट बिछाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि इंटरपोल को जानबूझकर सबूत नहीं सौंपे गए। चड्ढा ने मंगलवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार मेहुल चोकसी को रेड कारपेट उपलब्ध करा रही है। पूरी भाजपा उसे बचाने में लगी हुई है।

### शेयर बाजार में लौटी तेजी, सेंसेक्स-निफ्टी आधी फीसदी से अधिक चढ़े

**मुंबई।** वैश्विक बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, वित्तीय सेवाएं, बैंकिंग और ऊर्जा समेत चौदह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार पिछले दिनों की गिरावट से उबरते हुए आधी फीसदी से अधिक की बढ़त पर रहा। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 445.73 अंक अर्थात 0.77 प्रतिशत की छलांग लगाकर 58 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 58,074.68 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 119.10 अंक यानी 0.7 प्रतिशत उछलकर 17,107.50 अंक पर पहुंच गया।

## पुलिस नक्सली मुठभेड़ में वर्दीधारी महिला माओवादी ढेर





### मौके से एक 12 बोर राइफल बरामद

पायनियर संवाददाता बीजापुर
www.dailypioneer.com

गंगालूर थानाक्षेत्र से सोमवार को कोरचोली एवं तोड़का के जंगलों में माओवादियों के पी एल जी ए कंपनी नम्बर 02 कमाण्डर वेल्ला एवं गंगालूर एरिया कमेटी सचिव दिनेश और अन्य की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी, एसटीएफ एवं केरिपु 85 की संयुक्त पार्टी माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी । अभियान के दौरान मंगलवार की सुबह लगभग 06.30 बजे कोरचोली और तोड़का के जंगलों में पुलिस और माओवादियों के बीच हुए मुठभेड़ में 01 वर्दीधारी महिला माओवादी को मार गिराने में सुरक्षा बलो को सफलता मिली । मौके पर सर्चिंग के दौरान 01 नग 12 बोर रायफल, राउण्ड, पिट्ठू बैग, वर्दी, माओवादी साहित्य एवं अन्य नक्सल सामग्री बरामद किया गया । मुठभेड़ में और माओवादियों के घायल होने की संभावना है ।

## हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित

वार्ता नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण के सातवें दिन भी मंगलवार को लोकसभा में भारी हंगामा जारी रहा जिसके कारण सदन की कार्यवाही गुरुवार सुबह तक के लिए स्थगित कर दी गयी। एक बार के स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही दो बजे शुरू हुई तो पीठासीन अधिकारी राजेंद्र अग्रवाल ने जरूरी कागजात सदन के पटल पर रखवाये। सदन के जरूरी काम पूरा करने के बाद जैसे ही उन्होंने सदन की कार्यवाही शुरू की तो विपक्ष के सदस्य सदन के बीचोंबीच आकर हंगामा करने लगे। हंगामे के बीच पीठासीन अधिकारी ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर से संबंधित बजट, अनुपूरक मांगों तथा विनियोग विधेयक को सदन में चर्चा के लिए रखवाया और संक्षिप्त चर्चा के बार विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। अग्रवाल ने सदस्यों से शांत रहने और अपनी जगह पर जाने का आग्रह किया लेकिन किसी ने उनके आग्रह को नहीं सुना और हंगामा करते रहे। इसी बीच सत्ता पक्ष की तरफसे भी हंगामा और नारेबाजी होने लगी तो पीठासीन अधिकारी ने सदन की कार्यवाही गुरुवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी। इससे पहले सुबह 11 बजे अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में प्रश्नकाल शुरू किया तो सत्ता पक्ष तथा विपक्ष के सदस्य अपनी-अपनी सीटों पर खड़े होकर नारेबाजी करने लगे। दोनों तरफ से सदस्य हंगामा करने लगे। विपक्ष के सदस्य तख्तियां लेकर भी विरोध व्यक्त करने के लिए आसन के इर्दगिर्द जमा हो गये।

### सत्ता पक्ष और विपक्ष के हंगामे के कारण राज्यसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित

सत्ता पक्ष और विपक्ष के अपनी-अपनी मांगों पर अड़े रहने के कारण राज्यसभा में दोनों पक्षों के बीच लगातार सातवें दिन मंगलवार को भी तीखी नोकझोंक हुई,





जिसके कारण सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित करनी पड़ी। भोजन अवकाश के बाद सभापति जगदीप धनखड़ ने देश के विभिन्न हिस्सों में नव वर्ष के अवसर पर होने वाले विभिन्न त्योहारों की जानकारी दी और कहा कि इस उपलक्ष्य में सदन की कार्यवाही 22 मार्च को नहीं होगी। इसके बाद उन्होंने केंद्रीय बजट 2023- 24 पर चर्चा कराने का प्रयास किया तो सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्य शोरगुल करने लगे। उन्होंने सदस्यों से शांत होने और सदन की कार्यवाही चलने देने का अनुरोध किया, हालांकि सदस्यों पर इसका कोई असर नहीं हुआ तो उन्होंने सदन की कार्यवाही 23 मार्च, गुरुवार तक स्थगित कर दी। इससे पहले सुबह सभापति ने कहा कि उन्हें 11 सदस्यों से नियम 267 के तहत कार्य स्थगन प्रस्ताव के नोटिस मिले हैं।

## भारतीय राजनीति के मीर जाफर हैं राहुल, भाजपा ने फिर साधा निशाना

एजेंसी नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणी के खिलाफ फिर निशाना साधते हुए कहा कि वह आज के मीर जाफर हैं। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने मंगलवार को कहा कि जिस तरह मीर जाफर ने नवाब बनने के लिए ईस्ट इंडिया कंपनी की मदद ली, उसी तरह राहुल गांधी अपने शर्मनाक एजेंडे के तहत विदेशों से मदद मांग रहे हैं। उन्होंने कहा यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि राहुल गांधी आज भारतीय राजनीति के मीर जाफर हैं। इतिहास खुद को दोहराता है। आज के मीर जाफर को माफी मांगनी चाहिए। पात्रा ने कहा यह बेहद शर्मनाक है कि राहुल गांधी ने भारत में लोकतंत्र के स्तंभ संस्थानों को 'डीप स्टेट्स' करार दिया। उन्होंने पाकिस्तान की आईएसआई के साथ भारतीय मीडिया और न्यायपालिका जैसे संस्थानों की समानता की। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने अपनी टिप्पणी से विदेशों को भारत में लोकतंत्र की 'रक्षा' करने के लिए आने का खुला निमंत्रण दिया है। उन्होंने कहा, मणिशंकर अय्यर और राहुल गांधी एक ही काम कर रहे हैं। दोनों भारत को बदनाम कर रहे हैं। संसदीय बहस में राहुल गांधी की भागीदारी की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा, बहस लोकतंत्र की आत्मा है लेकिन राहुल गांधी ने 2019 से केवल छह बार भाग लिया है। वह बहस में भाग नहीं ले रहे हैं। गांधी के दुर्भाग्य से मैं एक सांसद हूं जैसी टिप्पणी पर पात्रा ने कहा, राहुल गांधी को नहीं पता कि क्या कहना है। वह जयराम रमेश की मदद से ही बोलते है जिन्होंने खुद कहा था कि दुर्भाग्य से मैं सांसद हूं।

### नीयत साफ हो और इरादे नेक हो तो कानून व्यवस्था किया जा सकता है कायम

## देश के खिलाफ काम करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा: केजरीवाल

वार्ता नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को कहा कि पिछले कुछ दिनों की पंजाब सरकार की कार्रवाई ने दिखा दिया कि 'आप' कट्टर देशभक्त पार्टी है और देश के खिलाफ काम करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। केजरीवाल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पंजाब में कानून व्यवस्था मजबूत रखने और शांति व्यवस्था को कायम रखने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार ने पिछले कुछ दिनों में कई कठोर कदम उठाए हैं। बहुत ही परिपक्वता और संयम के साथ कार्रवाई की है। उन्होंने कहा, जब पंजाब में हमारी सरकार बनी थी, उस वक्त कुछ लोग कहते थे कि आपको शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और पानी आदि के काम करने तो आते हैं, लेकिन क्या पंजाब में कानून व्यवस्था को काबू में कर पाएंगे? पिछले एक साल के अंदर आम आदमी पार्टी की सरकार ने यह साबित कर दिया है कि अगर नीयत साफ हो, सरकार ईमानदार हों और उसके इरादे नेक हों तो कानून व्यवस्था को भी बहुत बखूबी कायम किया जा सकता है। उन्होंने कहा, पंजाब में पहले गैंगस्टर और अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण दिया जाता था। अलग-अलग अपराधियों की अलग-अलग नेताओं के साथ सेटिंग थी। हमारी किसी के साथ साठगाँठ नहीं है। हमारी पार्टी ईमानदार पार्टी है। पंजाब में सत्ता संभालने के बाद हमारी पार्टी की सरकार ने एक के बाद एक गैंगस्टर्स और अपराधियों की धर-पकड़ शुरू हुई। पिछले एक साल के अंदर कई नशा माफिया, गैंगस्टर्स और आपराधिक माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की गई है।''आप' के राष्ट्रीय संयोजक ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा पिछले कुछ दिनों की कार्रवाई ने यह दिखा दिया है कि आम आदमी पार्टी की सरकार कड़े से कड़ा कदम उठाने के लिए भी तैयार है।

### दिल्ली का बजट रोक कर लोकतंत्र का मजाक बना रहे मोदी : आप

आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली के बजट को केंद्र सरकार द्वारा रोका जाना देश की लोकतंत्रिक व्यवस्था के लिए शर्मनाक है। आप के वरिष्ठ नेता



एवं मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्लीवासियों को पता है कि 21 मार्च को दिल्ली सरकार के वित्त मंत्री कैलाश गहलोत दिल्ली विधानसभा में दिल्ली का बजट रखेंगे। हर वर्ष मार्च में ही देश की संसद और राज्यों की विधानसभाओं के सदन में बजट पर चर्चा होती है। पूरी दुनिया के इतिहास में शायद ही कभी ऐसा हुआ हो कि किसी राज्य सरकार का बजट निर्धारित दिन पर आना हो और केंद्र सरकार उस राज्य के बजट को रोक दे। यह बहुत ही शर्मनाक बात है। यह तो हम पूरी दुनिया में अपने प्रजातंत्र का मजाक उड़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम जी-20 में अलग-अलग देशों के लोगों को बुला रहे हैं। कई महीने से इटली और जापान समेत अन्य देशों से लोग यहां आ रहे हैं। जब लोग अखबार देखते होंगे तो क्या समझते होंगे कि इस देश की केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री एक छोटे से राज्य दिल्ली का बजट रोक रहे हैं। यह तो बहुत ही शर्म की बात है। आप नेता ने कहा कि 20 मार्च की शाम छह बजे जब एक खबर चली कि केंद्र सरकार ने दिल्ली का बजट रोक दिया है तब मुख्य सचिव ने शाम छह बजे वित्त मंत्री को बताया कि केंद्र सरकार से रुकावटें आ गई हैं। वित्त मंत्री को केंद्र सरकार का पत्र पहले क्यों नहीं दिखाया गया? पूरी दिल्ली जानना चाहती है कि मुख्य सचिव इतना बड़ा षडयंत्र किसके कहने पर कर रहे हैं?

## नगर निगम जारी करेगा 200 करोड़ के बॉन्ड

### महापौर एजाज ढेबर ने शायराना अंदाज में बजट भाषण पढ़ा

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर नगर निगम मुख्यालय में मंगलवार को बजट पेश करते हुए महापौर एजाज ढेबर ने शायराना अंदाज में अपना भाषण पड़ा। महापौर ने एक शेर पढ़ते हुए कहा कि बेशक बुलंदियों में ही यकीन रखते हैं हम, मगर पांव के नीचे जमीन भी रखते हैं हम, मंजिल क्या है रास्ता क्या है हौसला हो तो फैसला क्या है, जो दुनिया को देखने की अलग नजर रखता है वही बुलंदियों को छूने का सही हुनर रखता है...। कुछ अहम घोषणाएं भी की जो पूरी हुई तो आने वाले दिनों में शहर की सूरत बदल सकती है। नगर निगम पहली बार 200 करोड़ रुपए के बॉन्ड जारी करेगा। साल 2023 का बजट पेश करते हुए यह ऐलान महापौर एजाज ढेबर ने किया है। छत्तीसगढ़ का पहला



नगर निगम रायपुर ही होगा जो ऐसा करने जा रहा है। 200 करोड़ के बॉन्ड जारी करने के इस मामले को आसान शब्दों में ऐसे समझें कि लोगों का निवेश नगर निगम में होगा और इस निवेश के बदले नगर निगम लोगों को ब्याज देगा। इस पब्लिक इन्वेस्टमेंट की रकम को निगम शहर के विकास कार्यों में लगाएगा। रायपुर के लिये महापौर ढेबर ने 1 हजार 608 करोड़ का बजट पेश किया।महापौर एजाज ढेबर ने दावा किया कि इससे नगर निगम की आय बढ़ेगी, लोगों को भी मुनाफा होगा। बॉन्ड के बदले नगर निगम तयशुदा समय में लोगों को ब्याज देगा। इसके अलावा तय रिटर्न्स भी दिए जाएंगे। बॉन्ड जारी करने वाले नगर निगमों में इससे पहले उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद, मध्यप्रदेश के इंदौर शहर का नाम हैदेश में रायपुर नगर निगम तीसरी ऐसी संस्था होगी जो बॉन्ड जारी करेगी। नगर निगम से बॉन्ड खरीदने वालों को भी फायदा पहुंचाएगा और रकम का भुगतान डॉक्यूमेंटेशन के आधार पर होगा। अधिकारियों ने इस पूरे प्रोजेक्ट को तैयार कर लिया है अब बजट में इसके प्रावधान किए जाने के बाद जल्द ही इसकी प्रक्रिया भी शुरू कर ली जाएगी। भारत में निवेश के कई तरीके हैं। बॉन्ड इन्हीं में से एक है। बॉन्ड को एक ऋण साधन के तौर पर देखा जाता है । इसे जारी करने वाली कंपनी या संस्था एक तरीके से निवेशकों से पैसे उधार लेती है।

# महिला कांग्रेस अध्यक्ष हेमा देवांगन ने मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना अंतर्गत महिला कर्मचारियों के साथ किया वृक्षारोपण

पायनियर संवाददाता कोंडागांव
www.dailypioneer.com



विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा में वाणिज्यिक वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी 'मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना' का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस अवसर पर कोंडागांव जिला महिला कांग्रेस ने भी वन विभाग की महिला कर्मचारियों के साथ वृक्षारोपण किया और मुख्यमंत्री की योजना का विस्तार पूर्वक वर्णन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री बघेल विभिन्न वनमंडलों में 'मुख्यमंत्री वृक्षसंपदा योजना' के हितग्राहियों से वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा भी किए। ये बताना जरूरी हैं कि, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य में वृक्षों के व्यवसायिक उपयोग को बढ़ावा देने की अपार संभावनाओं को देखते हुए इस योजना को लागू किए जाने की घोषणा की हैं। इस योजनांतर्गत कृषकों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से कृषकों की सहमति पर उनके भूमि पर वाणिज्यिक वृक्षारोपण किया गया।

### पौधे रोपे जाएंगे 1 लाख 80 हजार एकड़ में

हेमा देवांगन अध्यक्ष शहर महिला कांग्रेस कमेटी कोंडागांव ने बताया कि, मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना अंतर्गत किसान, इच्छुक भूमि स्वामी, शासकीय, अर्ध शासकीय एवं शासन के स्वायत्त संस्थाएं, निजी शिक्षण संस्थाएं, निजी ट्रस्ट, पंचायत और भूमि अनुबंध धारक इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। जिसमें राज्य शासन द्वारा 1 वर्ष में 36 हजार एकड़ व 5 वर्षो में 1 लाख 80 हजार एकड़ क्षेत्रफल में कुल 15 करोड़ वृक्षारोपण करने का लक्ष्य रखा गया हैं। इस योजनांतर्गत राज्य शासन द्वारा 5 एकड़ तक वृक्षारोपण हेतु 100 प्रतिशत अनुदान और 5 एकड़ से अधिक क्षेत्र में वृक्षारोपण हेतु 50 प्रतिशत वित्तीय अनुदान देगी। चिन्हित वृक्ष प्रजातियों की खरीदी हेतु न्यूनतम य मूल्य का निर्धारण भी शासन द्वारा किया जाना हैं। 5 वर्षो में रोपित सभी प्रजातियो के वृक्ष परिप[ होने पर उनका मूल्य 10 हजार करोड़ रुपये होने की सम्भावना हैं, इस योजना से किसानों को प्रति एकड़ प्रतिवर्ष 15 हजार से 50 हजार तक आय सम्भावित है।

### 30 हजार एकड़ रकबे में इस वर्ष होगा रोपण

इस वर्ष 12 प्रजाति के वृक्ष का 30 हजार एकड़ रकबे में रोपण किया जाना हैं। इनमें से क्लोनल यूकलिप्टस का 17 हजार 182 एकड़ में, रूटशूट टीक का 6 हजार 456 एकड़ में, टिश्यू कल्चर का 2 हजार 617 एकड़ में, चंदन का 1 हजार 462 एकड़ में, मेलिया दुबिया का 8 सौ 34 एकड़ में, सामान्य बांस का 7 सौ 37 एकड़ में, टिश्यू कल्चर बम्बू का 6 सौ 7 एकड़ में, रक्त चंदन का 1 सौ 26 एकड़ में, आंवला का 43 एकड़ में, खमार का 40 एकड़ में, शीशम का 20 एकड़ में और महानीम का 20 एकड़ रकबे में लगाने का लक्ष्य रखा गया है। वही आपकों बतादें कि मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य में वाणिज्यिक वृक्षारोपण को बढ़ावा देना हैं। इसके तहत राज्य के सभी कृषकों, शासकीय, गैर शासकीय, अर्धशासकीय, पंचायतें, अथवा स्वायत्व संस्थानों की भूमि पर वाणिज्यिक प्रजातियों के वृक्षारोपण उपरांत सहयोगी संस्था, निजी कंपनियों के माध्यम से निर्धारित समर्थन मूल्य पर वनोपज के य की व्यवस्था करते हुए एक सुदृढ़ बाजार व्यवस्था आदि सुनिश्चित करना हैं।

### 87 किसानों के 113 एकड़ भूमि में सागौन और बॉस का रोपण किया जाएगा-डीएफओ

इस संबंध मैं रमेश जांगड़े दक्षिण वन मंडलाधिकारी कोण्डागांव ने बताया कि, मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजनांतर्गत दक्षिण वन मंडल कोण्डागांव अंतर्गत ग्राम कुसमा की रदनी बाई के साढ़े तीन एकड़ सिंचित भूमि से शुभारंभ किया गया हैं, यह 87 किसानों के 113 एकड़ भूमि में सिंचित सागौन और बॉस का रोपण किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि, मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना अंतर्गत समस्त वर्ग के सभी इच्छुक भूमि स्वामी पात्र होंगे, इसके साथ ही शासकीय, अर्धशासकीय तथा शासन के स्वायत्व संस्थान जो अपने स्वयं के भूमि पर रोपण करना चाहते हैं वो भी पात्र होंगे। इसी तरह निजी शिक्षण संस्थाएं, निजी ट्रस्ट, गैर शासकीय संस्थाएं, पंचायतें, भूमि अनुबंध धारक, जो अपने भूमि में रोपण करना चाहते हैं, वे पात्र होंगे।

# वनों के प्रबंधन की दिशा में एक नया अध्याय प्रारंभ होगा



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

वन अधिकार अधिनियम के प्रावधानों के तहत् छत्तीसगढ़ राज्य में व्यक्तिगत वन अधिकारों के साथ-साथ सामुदायिक अधिकार एवं सामुदायिक वन संसाधन अधिकारों का प्रदाय ग्रामसभाओं को किया जा रहा है। अद्यतन स्थिति में 3905 ग्रामसभाओं को 1676096 हे. वनभूमि सामुदायिक वन संसाधन अधिकार के तहत् प्रदाय की गयी है। आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर योजनाओं के लागू होने से वनक्षेत्रों के बेहतर प्रबंधन तथा स्थानीय स्तर पर वनों से होने वाले लाभ अधिकाधिक रूप से ग्रामसभाओं को प्राप्त हो सकेंगे, जिससे कि वनों के प्रबंधन की दिशा में एक नया अध्याय प्रारंभ होगा।

उल्लेखनीय है कि सामुदायिक वन संसाधन अधिकार वनों के संरक्षण, संवर्धन, पुनर्जीवन एवं प्रबंधन का सम्पूर्ण अधिकार ग्राम सभाओं को देता है। छत्तीसगढ़ राज्य में वर्ष 2018 तक मात्र 05 ग्रामसभाओं को यह अधिकार दिए गए थे किन्तु आज की स्थिति में इनकी संख्या बढ़कर 3905 ग्रामसभाओं तक हो गयी है। इस प्रकार राज्य के कुल वनक्षेत्र का लगभग 30 प्रतिशत वनक्षेत्र सामुदायिक वन संसाधन अधिकारों के तहत ग्रामसभाओं को प्रदाय किया जा चुका है। देश में सामुदायिक वन संसाधनों के अधिकार के प्रदाय में छत्तीसगढ़ का स्थान देश में प्रथम है। दूसरे तथा तीसरे स्थान पर क्रमशः मध्यप्रदेश एवं उड़ीसा राज्य आते हैं। उक्त स्थिति से यह स्पष्ट है कि छत्तीसगढ़ राज्य ने इन अधिकारों के वितरण में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। इन अधिकारों के प्रदाय के साथ-साथ वन अधिकार अधिनियम एवं पेसा नियमों के प्रावधानों के पालन में सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन योजना तैयार करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। उक्त अधिकारों के आंकड़ों के संकलन से ग्रामसभा स्तर की कार्ययोजना तैयार करने में महत्वपूर्ण है। इसके अलावा शेष ग्रामसभाओं में आगामी छः माह में सतत् निगरानी कर प्रगति लायी जा सकेगी।

# कुन्देर के ग्रामीणों ने 165 बटालियन केरिपुबल के प्रयासों में अपना विश्वास जताया

पायनियर संवाददाता बीजापुर
www.dailypioneer.com



165 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की कुन्देर जिला सुकमा में तैनाती के बाद दूसरी बार सिविक एक्शन प्रोगाम का आयोजन किया गया। जिसमें कुंदेर, मिस्सिगुडा, चिमली-पैटा, दुरन-दरभा के ग्रामीण शामिल हुये। यह देखकर काफी प्रसन्नता हुई कि स्वतः स्फूर्त करीब 300 से अधिक ग्रामीणों ने स्वयं सरपंच उइके धुर्वे के साथ इस प्रोग्राम में भाग लिया और मदद के लिये 165 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की उन तक पहुँचने के हमारे प्रयासों में अपना अपेक्षित विश्वास भी प्रदर्शित किया। इस दौरान 165 वी वाहिनी द्वारा महिलाओं की विशेष मांग पर साडी,लुंगी एवं खेलकूद की सामग्री का वितरण किया गया। उक्त प्रोग्राम के दैरान एक चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया तथा महिलाओं को आयरन और फोलिक एसिड की कमी की दवाये, जीवन रक्षक दवा विशेष रुप से मलेरिया रोधी जाँच कर दवाएँ भी वितरित की गई ।इस दौरान उपस्थित सभी बच्चों को चाँकलेट एवँ बिस्कुट भी दिये गये। इस आयोजन के दौरान 165 बटालियन के धर्मेन्द्र कुमार झा कमान्डेंट मारूति वी नायक (सहा.कमां.) उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा का अधिक से अधिक लाभ ले : बीएम नागर

पायनियर संवाददाता जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



जनपद पंचायत नवागढ़ अंतर्गत ग्राम गिद्धा निवासी गंगा बाई कश्यप पति संतोष कश्यप की आकस्मिक मृत्यु हो जाने पर उनका बचत खाता छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा सेमरा में संचालित था जिसमे खाताधारक के द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत सालाना 436 रु वार्षिक प्रीमियम बीमा कराया गया था।मृत्यु उपरांत जब मृतक की पति मृतक के खाते में बची शेष राशि को पता करने के लिए ग्रामीण बैंक सेमरा पहुँची तो वहाँ के बैंक मैनजर अर्चित नागर के द्वारा मरेल मृतिका के पति को बताया गया कि आपके खाता में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत बीमा है उसके द्वारा वांछित दस्तावेज उपलब्ध कराने के पखवाड़े भर के भीतर बीमा का क्लेम सेटलमेंट कर दिया गया एव उनकी नॉमिनी उसकी पति संतोष कश्यप को 2 लाख की राशि का भुगतान किया गया।इस अवसर पर ग्रामीण बैंक के मैनजर अर्चित नागर, क्रेशियर हेमंत कुमार सिंह, कर्मचारी प्रहलाद बंजारे,संतोष कश्यप,संगीता कतलम बैंक मित्र उपस्तिथ थे।छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक अपनी विभिन्न योजनाओं को क्रियावन्वित कराने के साथ साथ सामाजिक सुरक्षा के हितों को लेकर अग्रणी काम कर रहा है।बीमा के साथ साथ विभिन्न सुविधाओ के वित्तीय लाभ प्रदान करने के अपने नैतिक दायित्व का निर्वहन ग्रामीण बैंक कर रहा है।

# झेरिया यादव समाज के सामुदायिक भवन लोकार्पण एवं होली मिलन समारोह आयोजित

पायनियर संवाददाता बागबाहरा
www.dailypioneer.com



झेरिया यादव समाज कौडिया परी क्षेत्र ग्राम छुईहा में निर्मित यादव समाज सामुदायिक भवन लोकार्पण समारोह वह होली मिलन समारोह छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव व विधायक द्वारिकाधीश यादव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष यादव समाज जगनिक यादव ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि की आसंदी पर सदस्य छत्तीसगढ़ शासन महिला प्रकोष्ठ आशा संतोष यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष यादव समाज भगत यादव, जिला अध्यक्ष राजू यादव, जिला संरक्षक ,नंदलाल यादव जिला उपाध्यक्ष नंद लाल यादव मनोज यादव डोमन लाल यादव,सरपंच पुष्प लता हेम लाल यादव विराजमान रहे। कार्यक्रम की शुरुआत यादव समाज के परम आराध्य देव भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना से प्रारंभ हुई तत्पश्चात सामुदायिक भवन यादव समाज का लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव ने यादव समाज के द्वारा चलाए जा रहे समाज सुधार के कार्यों की सारगर्भित जानकारी दी। वहीं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की भी सारगर्भित जानकारी उपस्थित जनों को प्रदान की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से चरण लाल यादव सोहन लाल यादव धनवार यादव लीलाधर यादव रतीराम यादव मान सिंह यादव सोनू राम यादव परसराम यादव और राम रतन यादव खीर राम यादव काशीराम यादव खेमराज यादव जीवन यादव वेद राम डीजे स्वर नंद कुमार सुरेश करण सिंह यादव रेनू लाल लालाराम लक्ष्मी नाथ यादव तुलसीराम हरक यादव, रमन यादव ललित यादव राम प्रसाद यादव गोपाल यादव बनदानू यादव, सुख सिंह यादव थानु राम यादव रितेश यादव बोल सिंह यादव लेख राम यादव पंचराम यादव पुरुषोत्तम यादव कुंज राम यादव बद्री प्रसाद यादव के सांसद बड़ी संख्या में यादव समाज के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे हुए पदाधिकारी गण व माताएं बहने उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन छुईहा परीक्षेत्र के अध्यक्ष प्रीतम यादव एवं संरक्षक गिरधर यादव के द्वारा संपन्न हुआ।

# बाबा साहेब सेवा संस्था ने मनाया जयपाल सिंह मुंडा की 53वीं पुण्यतिथि



पायनियर संवाददाता कोंडागांव
www.dailypioneer.com

नगर के बाबा साहेब सेवा संस्था कार्यालय में संध्या मूलनिवासी जयपाल सिंह मुंडा के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दिया गया। उनके द्वारा संविधान के आलेख कमेटी के सदस्य रूप में किए गए कार्यों व हॉकी में ओलंपिक गोल्ड मेडल जीतने आदि का उल्लेख किया गया। मूलनिवासी जयपाल सिंह मुंडा की 53वीं पुण्यतिथि मनाया बाबा साहेब सेवा संस्था ने बाबा साहेब सेवा संस्था कार्यालय में संध्या मूलनिवासी जयपाल सिंह मुंडा के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दिया गया, साथ ही उनके द्वारा संविधान के ड्राफ्टिंग कमेटी में कार्यों व हॉकी में ओलंपिक चैंपियन होने का उल्लेख किया गया। इस अवसर पर संस्था के मुख्य सलाहकार पी गोंडाने, सुधराम मरकाम, अध्यक्ष मुकेश मार्कंडेय, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश नाग, देवानंद चौरे, मंगउ देवांगन, सिद्धार्थ महाजन, नरसिंहदेव मंडावी, लखेश बेर, जय किशन मार्कंडेय और संस्था के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# जैविक कृषि पर किया प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता कोंडागांव
www.dailypioneer.com



प्रदान संस्था द्वारा आयोजित उन्नत व जैविक कृषि कार्यशाला में अनेक राष्ट्रीय सम्मान से नवाजित आकाश चौरसिया, सागर से उपस्थित जिला के ग्राम गोलावंड पनारापदरपारा में प्रदान संस्था के द्वारा सात दिवसीय उन्नत और जैविक कृषि पर प्रशिक्षण किया गया। जिसमें कुल 65 प्रतिभागियों ने जिले भर से बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया, इसमें मुख्यतः सूक्ष्म सिंचाई व्यवस्था जैसे ड्रिप पद्धति, स्प्रिंकलर और मचान विधि पर चर्चा की गई। साथ ही में अनेक राष्ट्रीय पुरुस्कारों से नवाजित आकाश चौरसिया, सागर मध्यप्रदेश से भी पहुचें और जैविक कृषि व मल्टी लेयर फार्मिंग पर तीन दिवसीय चर्चा किया गया, साथ में एक किसान भाई के बाड़ी में प्रदर्शनी भी की गई। इस कार्यक्रम का आयोजन प्रदान संस्था के तरुण कुमार, तेज कुमार व दिनेश जयसवाल द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बैंक परिवर्तन योजना से वित्तीय सहयोग प्राप्त हुई।

# परिवहन सुविधा केन्द्र स्थापित करने हेतु दावा आपत्ति 27 मार्च तक

**कांकेर।** जिला परिवहन अधिकारी द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 12 परिवहन सुविधा केन्द्र स्थापित किया जाना है, जिसमें 07 परिवहन सुविधा केन्द्र स्थापित किया जा चुका है एवं शेष पांच परिवहन सुविधा केन्द्र हेतु प्राप्त आवेदनों की स्करूटनी पश्चात पात्र-अपात्र आवेदकों की सूची जिला परिवहन कार्यालय के सूचना पटल में चस्पा किया गया है। दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु आवेदन 22 से 27 मार्च तक कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर जिला परिवहन कार्यालय में प्रस्तुत किया जा सकता है।

# दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों को न:शुल्क कृत्रिम अंग वितरण

**कांकेर।** भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को), जबलपुर द्वारा जिले के दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों को निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए मूल्यांकन शिविर आयोजित किया गया। उक्त मूल्यांकन षिविर के चिन्हांकित दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों को 22 मार्च दिन बुधवार को जनपद पंचायत अंतागढ़ तथा 23 मार्च दिन गुरूवार को जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर के ग्राम पंचायत भानबेड़ा में कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण करने हेतु शिविर का आयोजन किया जायेगा। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा समाज कल्याण विभाग को षिविर स्थल में सहायक अंग उपकरण एवं कृत्रिम अंग उपकरण पूर्व चिन्हांकित हितग्राहियों को वितरण करना सुनिश्चित करने तथा जनपद पंचायत अंतागढ़ एवं भानुप्रतापपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को उक्त वितरण षिविर कार्यक्रम हेतु चिन्हांकित दिव्यांगजनों, वरिष्ठजनों, वृद्धजनों को कार्यक्रम स्थल तक लाने-ले जाने की व्यवस्था करने तथा कार्यक्रम हेतु भोजन, टेंट, पानी, सेनेटाइजर एवं अन्य आवष्यक सम्पूर्ण व्यवस्था सुनिष्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है।

**सहायक उपकरण प्रदाय करने शिविर का आयोजन**

# राधाकृष्ण मंदिर में मनाई गई सत्यानंद परमहंस देव की जन्मोत्सव



पायनियर संवाददाता किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल वार्ड क्रमांक 04 स्थित राधा कृष्ण मंदिर में श्री ठाकुर बाल ब्रह्मचारी सत्यानंद परमहंस देव जी का 106 वीं जन्म उत्सव बड़े ही हर्षोलास के साथ मनाया गया।जिसमें द्वि दिवसीय ठाकुर की वंदना और पूजा पाठ की जा रहीं हैं।प्रथम दिवस मंगलवार को अपराह्न 03 बजे गंगावरन किया गया।जिसमें मंदिर प्रांगण से मातृशक्तियों द्वारा भजन कीर्तन करते हुए बंगाली कैम्प स्थित तालाब से जल लाया गया। जिसके बाद शाम 06 बजे कलश स्थापना किया गया।शाम 07 बजे से पूजा अर्चना भजन कीर्तन,जिसके बाद भंडारे का आयोजन तथा रात्रि 12 बजे दीप प्रज्ज्वलन एवं रात्रि जागरण की गई।

इस अवसर पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष तुलसी राय,सचिव विप्लव मल्लिक,उत्सव परिचलन कमेटी के अध्यक्ष राकेश गोलदार, सचिव संजीव दास, उपाध्यक्ष रामकृष्ण मंडल,तरुण घोष, सुजीत सरकार, निमाई पाल, स्वपन सरकार, विकास मंडल, परितोष सेन, रामकृष्ण बैरागी एवं सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

# नक्सलियों के वाहन जलाये जाने पर क्षतिपूर्ति राशि स्वीकृत

**कांकेर।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा नक्सली पी?त व्यक्तियों की सुरक्षा एवं पुनर्वास के लिए स्वीकृत कार्य योजना के अंतर्गत कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के थाना सिकसोड़ ग्राम चारगांव निवासी ललित नाग के वाहन बोलेरो क्रमांक 1-सीजी-19-डी-0290 को नक्सलियों द्वारा जलाये जाने के फलस्वरूप 02 लाख रूपये की क्षतिपूर्ति राशि स्वीकृत की गई है।

## जिला स्तरीय कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों सहित ग्रामीणों ने कुसमा में टिशू कल्चर सागौन का किया पौधरोपण

# मुख्यमंत्री ने किया वृक्ष संपदा योजना का वर्चुअल शुभारंभ

पायनियर संवाददाता कोंडागांव
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर आज मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना का वर्चुअल शुभारंभ किया गया। उन्होंने इस मौके पर उक्त योजना से लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों से चर्चा करते हुए आय संवृद्धि सहित पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और मृदा स्वास्थ्य की दिशा में सक्रिय सहभागिता निभाने के लिए उन्हें बधाई दी। मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजनान्तर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कोण्डागांव विकासखंड के ग्राम पंचायत कुसमा में किया गया। इस योजना के शुभारंभ अवसर पर ग्राम कुसमा में क्षेत्र के विभिन्न जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों-कर्मचारियों सहित ग्रामीणों द्वारा हितग्राही रगनी मरकाम के साढ़े 3 एकड़ क्षेत्र में टिशू कल्चर सागौन का पौधरोपण किया गया, हितग्राही रगनी मरकाम के साढ़े 3 एकड़ क्षेत्र में 875 नग टिशू कल्चर सागौन लगाया गया हैं। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभी प्रदेशवासियों को मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना के शुभारम्भ की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि, छत्तीसगढ़ के जंगल और जैव विविधता हमारी पहचान हैं। हम पर्यावरण एवं वनों को बचा रहे हैं और इस दिशा में हमारी सरकार द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा हैं। मुख्यमंत्री बघेल ने वृक्ष सम्पदा योजना से बस्तर और सरगुजा ईलाके के अधिकाधिक हितग्राहियों के सम्मिलित होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि, मैदानी क्षेत्रों के लोगों को इस योजना से ज्यादा से ज्यादा जोड़ने के लिए प्रयास करने की आवश्यकता हैं। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को मैदानी स्तर पर योजना के सभी लाभ के बारे में हितग्राहियों को अवगत कराते हुए उन्हें प्रोत्साहित करने कहा। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग इस योजना से लाभान्वित हो सकें। वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि, छत्तीसगढ़ वन क्षेत्र और वनोपज के दृष्टिकोण से संपन्न राज्य हैं। वन क्षेत्र को बढ़ाने के लिए हम निरन्तर प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि, राज्य सरकार द्वारा इस योजना के माध्यम से अगले 5 सालों में 1 लाख 80 हजार एकड़ रकबा में 15 करोड़ पौधरोपण किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया हैं, जिसका लाभ प्रदेशवासियों को मिलेगा। जिले के उत्तर कोंडागांव वनमण्डल के अंतर्गत विश्व वानिकी दिवस पर मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजनांतर्गत 106 हितग्राहियों के 90.35 एकड़ रकबा में टिश्यू कल्चर सागौन व बांस के कुल 23310 पौधे रोपित किये गये। कुसमा में आयोजित मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना शुभारंभ अवसर पर शहीद महेन्द्र कर्मा सामाजिक सुरक्षा योजनांतर्गत तेन्दूपत्ता संग्राहक परिवारों के 9 दावेदारों को कुल 15 लाख 20 हजार रूप्ए दावा राशि का धनादेश प्रदान किया गया। वहीं मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजनांतर्गत सिंचित पौध रोपण करने वाले 106 हितग्राहियों को अनुदान सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। इस मौके पर अवगत कराया गया कि, उत्तर कोंडागांव वनमण्डल के अंतर्गत मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना में अब तक कुल 702 हितग्राहियों के 850.85 एकड़ रकबा में विभिन्न प्रजाति के 6 लाख 29 हजार 723 पौधे रोपित किये जाने पंजीयन किया गया हैं।


## नोडल अधिकारी, जिला निर्माण समिति
कार्यालय कार्यपालन अभियंता लो.नि.वि. (भ/स) संभाग क्रं.2, जगदलपुर

// निविदा आमंत्रण सूचना //

निविदा विज्ञप्ति क्रं. 05/जि.नि.स/2023 जगदलपुर 16/03/2023
1. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि : 29/03/2023
2. निविदा प्रपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि : 05/04/2023
3. निविदा खोलने की तिथि : 10/04/2023

| स. क्रं. | कार्य का नाम / आमंत्रण का क्रम | ठेके की अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | चित्रकोट पुलिस चौकी के सामने डॉ. भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति की स्थापना का कार्य। | 5.00 | 5000/- | 01 माह वर्षा ऋतु सहित |

टीप :- अन्य विवरण एवं शर्तें कार्यालयीन दिवस में लोक निर्माण विभाग उत्तर बस्तर संभाग क्रं. 2 जगदलपुर के कार्यालय में देखी जा सकती है।

नोडल अधिकारी
जिला निर्माण समिति, जिला बस्तर
जगदलपुर

G-99467/2

## थैलेसीमिया मेजर के इलाज के लिए मिली 18 लाख की सहायता राशि

# मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य योजना से लौटी मासूम दिशान के चेहरे पर मुस्कान

पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com





कोंडागांव जिला अंतर्गत केशकाल में रहने वाले कबाड़ व्यवसायी इमरान आडवाणी के घर जब नन्हे दिशान ने जन्म लिया तो चारों ओर खुशियां फैल गई। दिशान दिन ब दिन बढ़ता जा रहा था, जिसे देख सारा परिवार खुश था, परंतु जब दिशान चार माह का हुआ अचानक उसकी तबियत खराब हो गई और लगातार ईलाज के बाद भी कोई सुधार न होता देख परिजनों ने रायपुर स्थित एक निजी अस्पताल में दिशान को भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के पश्चात बताया कि, दिशान को थैलेसीमिया मेजर नामक गंभीर आनुवांशिक बीमारी हैं, जिसमें व्यक्ति के शरीर में लाल रक्त कणिकाओं का निर्माण करने वाले हिमोग्लोबिन प्रोटीन की कमी हो जाती हैं और शरीर में सही मात्रा में स्वस्थ रक्त नहीं बन पाता। खून की कमी के कारण दिशान का शरीर लगातार कमजोर होता जा रहा था और उसे सांस लेने में भी दिक्कत होने लगी थी। ऐसे में दिशान को समय समय पर बाहर से ही खून चढ़ाया जाने लगा जिससे उसे तात्कालिक आराम तो प्राप्त होता पर बीमारी का पूर्ण ईलाज नहीं हो पा रहा था क्योंकि दिशान का बोनमैरो उनके परिवार के किसी भी सदस्य के साथ पूरी तरह से नहीं मिल पा रहा था। अगस्त 2021 में जब बैंगलोर के थैलेसीमिया मेजर बीमारी से एक स्पेशलिस्ट डॉक्टर द्वारा रायपुर में लगाये गये कैम्प में दिशान की जांच करवाने पर पता चला की दिशान का बोनमैरो उनके पिता से लगभग 70 प्रतिशत मिल रहा हैं और अब दिशान का ईलाज संभव हैं परंतु अभी भी इलाज के लिए लगभग 40 लाख रुपए लगने वाले थे। ईलाज में बहुत अधिक खर्च होने की बात जानकर परिजनों ने दिशान को बचा पाने की अपनी उम्मीद भी खो दी थी। ऐसी निराशा की घड़ी में मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य योजना दिशान के जीवन में आशा की एक किरण बन कर सामने आई। जब उनके पिता को पता चला की छत्तीसगढ़ सरकार गंभीर बीमारियों के ईलाज के लिए जरूरतमंद लोगों को 20 लाख तक की आर्थिक सहायता प्रदान कर रही हैं उन्होंने नवंबर 2021 को इसके लिए मुख्यमंत्री आवास में आवेदन दिया और आवेदन के 15 दिन के भीतर ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा विभागीय कार्यवाही पूर्ण कर 18 लाख पिता के खाते में अंतरित कर दिए गए। राशि प्राप्त होते ही दिशान के पिता उसे लेकर बैंगलोर पहुंचे। जहां प्रारंभिक जांच के उपरांत दिसंबर 2021 को बैंगलोर के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज प्रारंभ हुआ। अभी भी इलाज के लिए अतिरिक्त रुपये की आवश्यकता थी ऐसे में प्रधानमंत्री राहत कोष से भी उन्हें इलाज के लिए 3 लाख रुपए आर्थिक सहायता प्राप्त हुई। जिससे परिजनों की चिंता कुछ कम हुई, फिर बचे पैसों का इंतजाम कर पिता के बोन मैरो से दिशान का बोन मैरो ट्रांसप्लांट करने का काम प्रारंभ हुआ। 6 माह के लम्बे चले उपचार के उपरांत दिशान ने अंततः 10 वर्षो बाद थैलेसीमिया मेजर जैसी गंभीर आनुवांशिक बीमारी को हरा दिया और अब वह पूरी तरह से स्वस्थ हो गया हैं। दिशान के स्वस्थ होने पर उनके परिजन बहुत ही खुश हैं। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा ईलाज के लिए मिली आर्थिक सहायता के लिए दिशान व उसके परिजनों ने भावुक होते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को तहेदिल से धन्यवाद देते हुए कहा कि, अगर मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य योजना नहीं होती तो आज शायद दिशान का ईलाज संभव नहीं हो पाता। गौरतलब हैं कि, 1 जनवरी 2020 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना प्रारंभ की गयी थी। जिसके तहत गंभीर बीमारियों से पी?ित लोगों को आर्थिक समस्या से बचा कर उनको बेहतर उपचार के लिए 20 लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती हैं, जिससे अब तक जिले के 8 लोगों को गंभीर बीमारियों के ईलाज हेतु आर्थिक सहायता प्राप्त हुई हैं।

# दो समुदायों के बीच शांति स्थापना के लिए भेजरीपदर पहुंचे कलेक्टर चंदन कुमार

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com



तोकापाल विकासखंड के ग्राम भेजरीपदर में दो समुदायों के बीच वैमनस्यता के समाचार पर कलेक्टर चंदन कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र मीणा सोमवार को गांव में पहुंचकर लोगों के बीच शांति स्थापना का कार्य किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर हरेश मंडावी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निवेदिता पॉल, अनुविभागीय दण्डाधिकारी ऋतुराज बिसेन सहित जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारीगण उपस्थित थे।

**ब्लॉक के स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण**

लोहंडीगुड़ा बस्तर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके चतुर्वेदी ने 20 मार्च को लोहंडीगुड़ा के अनेक स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम की तैयारियां देखीं। सीएमएचओ डॉ. आरके चतुर्वेदी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोहंडीगुड़ा, उप स्वास्थ्य केंद्र ककनार, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर काकनार एवं निर्माणाधीन उप स्वास्थ्य केंद्र चंदेला का निरीक्षण किया। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोहंडीगुड़ा में विकासखंड के समस्त स्वास्थ्य सुपरवाइजरों की बैठक लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्य मों के ि यान्वयन की स्थिति की समीक्षा की। लोहंडीगुड़ा विकासखंड के अपने प्रवास के दौरान सीएमएचओ डॉ. चतुर्वेदी ने ग्राम चंदेला में मलेरियामुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत चलाई जा रही गतिविधियों का भी निरीक्षण किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके चतुर्वेदी ने सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्य मों में शत प्रतिशत लक्ष्य उपलब्धि सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान लोहंडीगुड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ, सभी डॉक्टर्स, अन्य स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी, चिकित्सक उपस्थित थे। मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके चतुर्वेदी ने लोहंडीगुड़ा विकासखंड के ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों के निरीक्षण के दौरान ग्रामीण शालेय विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने मौके पर मौजूद छात्र छात्राओं से उनके खानपान, भोजन करने, खेलने कूदने, रात में सोने और सुबह उठने के समय के साथ साथ पढ़ाई के लिए दिए जाने वाले समय के बारे में भी पूछा। डॉ. चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने तथा समय समय पर स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराने की नसीहत दी। डॉ. आरके चतुर्वेदी ने छात्र छात्राओं से - स्वास्थ्यगत एवं पाठ्य म से संबंधित प्रश्न भी पूछे और उनकी स्किल पर संतोष व्यक्त किया। एक छोटी छात्रा की हाजिर जवाबी से डॉ. चतुर्वेदी बेहद प्रभावित नजर आए। डॉ. चतुर्वेदी ने ग्रामीणों के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण भी अपने सामने कराया और बच्चों को विटामिन, कैल्शियम, आयरन आदि की दवाएं दिलाई। बच्चों का वजन भी कराया गया। उन्होंने ग्रामीणों को अपने बच्चों और स्वयं के स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया। ग्रामीणों से उन्हें मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी भी डॉ. चतुर्वेदी ने ली।

# बाबा साहेब सेवा संस्था पहल से नि:शक्त रेनू मारकंडे को घरौंदा बालोद में कराया गया भर्ती



पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com

नगर के आड़काछेपड़ा पारा में नि:शक्तजन रेनू मारकंडेय पिता शीतल मारकंडे जन्म से 18 वर्ष तक पालन पोषण किया क्योंकि घर का मुखिया शीतल मारकंडेय लकवा से ग्रस्त होने के कारण पालन पोषण करने में असमर्थ होने के कारण व घर में कोई कमाने योग्य नहीं होने के कारण नि:शक्त रेनू मारकंडेय को एसडीएम कोंडागांव व उपसंचालक समाज कल्याण के सहयोग से अशासकीय पुनर्वास केंद्र घरौंदा जिला बालोद में विशेष वाहन द्वारा परिजनों के साथ बाबा साहेब सेवा संस्था के सदस्यगणों की उपस्थिति में रवाना किया गया हैं।

# आगामी चुनाव को लेकर कांग्रेसी हर बूथ को करेगा मजबूत

पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ युवा कांग्रेस के निर्वाचन के पश्चात कांग्रेस भवन में युवा कांग्रेस के जिला व विधानसभा के युवाओं को आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर तैयारी करने के लिए युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के आह्वान पे और प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देशानुसार जिला स्तरीय कार्यकारिणी बैठक आयोजित किया गया। जिसमें छग युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव व जिला प्रभारी सूरज कश्यप विधानसभा प्रभारी जोगराज बुर?, केशकाल विधानसभा प्रभारी तुषार ठाकुर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे कार्यक्रम के प्रारम्भ में जिला अध्यक्ष पीताम्बर नाग विधानसभा अध्यक्ष रितेश गुप्ता व केशकाल विधानसभा अध्यक्ष संजय मरकाम के नेतृत्व मे आगन्तुक पदाधिकारीयो का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित प्रभारियों ने बैठक को संबोधित करते हुए युवा कांग्रेस के द्वारा आने वाले समय मे युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को विस्तार से बताया। जिसके अंतर्गत सभी युवाओं को बूथ कमेटी गठन, मेरा मत मेरा अधिकार हर बूथ से यूथ जोड़ों अभियान पे जोर देने का निर्देश दिया गया। साथ ही जल्द ही जिला अंतर्गत सभी ब्लाक में ब्लाक अध्यक्ष नियुक्त करने और आगामी 27 मार्च को दिल्ली में संसद घेराव पर रणनीति बना कर चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष पिताम्बर नाग ने सभी युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को गांव के प्रत्येक युवा तक पहुंचकर कॉग्रेस सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने के साथ साथ मेरा मत मेरा अधिकार तहत 18 वर्ष के ऊपर के लोगों को जिनका नाम वोटर लिस्ट मे नहीं उनका नाम जोड़वा कर उनका अधिकार उनको दिलाने के कार्य करने का निर्देश दिया गया साथ ही कहा कि, आने वाले समय में विधानसभा चुनाव में युवा कांग्रेस की अहम भूमिका होगी, जिसके लिए युवा कांग्रेस के सभी साथियों को कमर कसकर मैदान में उतरने की तैयारी शुरू कर देनी चहिए। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रेमशीला मण्डावी प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस छत्तीसगढ़ व जनपद अध्यक्ष बडेराजपुर, अभिलाषा पोयाम प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस छत्तीसगढ़, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अमीन पारेख, जिला माहसचिव जुनेद मेमन, सर्वेश सेठिया, विधानसभा उपाध्यक्ष श्रीराम नेताम, प्रतीक्षा सुरजाल, महासचिव ठाकुर राम मारपी, कल्पेश दीवान, गीतेश बघेल, विधानसभा सचिव नाथू राम वट्टी, राकेश कुंजाम, कोमल नेताम, दयाशंकर मरकाम, देवसिंग बघेल, राहुल सोनी,गणेश यादव, प्रदीप यादव, लिलित मरकाम, धनसिंह मरकाम, जी एस मरकाम,कल्पेश दिवान और समस्त युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**निविदा सूचना**
निविदा सूचना क्रमांक: ई-आर-टी-05 -23-24 दिनांक 20.03.2023
कार्य का नाम: बारिश के मौसम के दौरान एल.एच.एस. (नेहरु नगर, सी-केबिन, जी-केबिन, अप उरला, डुमर तालाब, बी.पी.एच.बी., सिरसा एवं एच. केबीन) में जल जमाव को रोकने के लिए एल.एच.एस. मे बुनियादी ढांचे मे सुधार और अन्य संबंधित कार्य।
निविदा मूल्य: रु.2,24,98,315/- ईएमडी: रु.2,62,500/- निविदा प्रस्तुत करना: 11.00 बजे तक दिनांक 13.04.2023 निविदा खोलना: 11.00 बजे तक 13.04.2023.
विस्तृत विवरण निविदा दस्तावेज की खरीद, पात्रता मानदंड एवं उपरोक्त कार्य की पूर्ण विवरण हेतु कृपया वरिष्ठ मंडल इंजीनियर, समन्वय / एसईसीआर रायपुर के कार्यालय से संपर्क करें अथवा हमारे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेजों का अवलोकन/डाउनलोड करें।
वरि.मंडल अभियंता-I
द.पू.म.रेल्वे/रायपुर
पीआर/इएनजीजी/एपी/246
South East Central Railway @secrail

# छत्तीसगढ़ संकुल शैक्षणिक समन्वयक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन



पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ संकुल शैक्षणिक समन्वयक शिक्षक संघ के प्रांतीय आह्वान पर प्रमुख सचिव छग शासन व प्रबंध संचालक समग्र शिक्षा रायपुर के नाम से जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कोंडागांव और जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा को अपनी लंबित 11 सूत्रीय मांग एबीईओ, बीआरसी के रिक्त पद पर वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति, अकादमिक कार्य के कारण मूल शाला में अनिवार्यत तीन कालखंड अध्यापन आदेश वापस लेने, उत्कृष्टता के आधार पर जिला और राज्य स्तर पर पुरस्कार देने, संकुल समन्वयक के पद विरुद्ध शिक्षक पद पर भर्ती, सभी संकुल केन्द्र को संकुल भवन की मांग, मीटिंग हाल निर्माण की मांग, लैपटॉप, प्रिंटर, प्रोजेक्टर आदि की मांग, ग्रीष्मकालीन अवकाश में किये गए कार्य को अर्जित अवकाश मे शामिल करना, संकुल केंद्र में भृत्य पद स्वीकृत करना, गैर शिक्षकीय कार्य से मुक्त रखना, पदमुक्त करने से पहले जिला कलेक्टर से अनुमोदन लेना के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी जिला कोंडागांव अशोक कुमार पटेल, जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा जिला महेन्द्र कुमार पाण्डे व छत्तीसगढ़ संकुल समन्वयक शैक्षणिक शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष रामचंद्र सोनवंशी, कोंडागांव से जिलाध्यक्ष शीतल कोर्राम, जिला महासचिव रामदेव कौशिक, जिला संरक्षक सुभाष मंडल व गौतम साहू, जिला उपाध्यक्ष यशवन्त कुमार साहू व रामसिंह नाग, जिला सचिव धर्मदास देवांगन, जिला कोषाध्यक्ष महेश पटेल, जिला मीडिया प्रभारी महेन्द्र कुमार सोना, जिला प्रवक्ता सुभाऊराम नेताम, ब्लॉक अध्यक्ष से राजूराम दीवान, फरसगांव से महेन्द्र कुमार कश्यप, माकड़ी से अमिताभ मिश्रा, केशकाल से महेश सोरी व बड़ेराजपुर से रूपेंद्र कौशिक सहित सैकड़ों की संख्या में संकुल शैक्षणिक समन्वयक उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री वन सम्पदा योजना के तहत जिले में किया जा रहा 37 लाख से अधिक वृक्षारोपण

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया योजना का वर्चुअल शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री वन संपदा योजना का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया। बस्तर जिले में वन सम्पदा योजना के माध्यम से वर्ष 2023 हेतु रोपण के लिए 2083 हितग्राहियों के द्वारा 4694 एकड़ जमीन पर 37 लाख 14 हजार 36 पौधों का रोपण का लक्ष्य रखा गया है। जगदलपुर शहर के धरमपुरा दलपत सागर के पास आयोजित कार्यक्रम में हितग्राही टी कोन्डल राव के जमीन में 1500 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री अरविन्द नेताम, महापौर सफीरा साहू,मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष एमआर निषाद, इन्द्रावती नदी बेसिन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राजीव शर्मा, सीसीएफ मोहम्मद शाहिद, कलेक्टर चंदन कुमार, वनमण्डलाधिकारी डीपी साहू, नगर निगम आयुक्त दिनेश नाग सहित पर्यावरण संरक्षण से संबंधित समिति के सदस्य और योजना के हितग्राहीगण उपस्थित थे। वर्चुअल माध्यम से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर 33 जिलों के 42 स्थानों में ''मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना'' का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने वृक्ष सम्पदा योजना के शुभारंभ के अवसर पर सामुदायिक वन संसाधन अधिकार जारी करने की प्रक्रिया को ट्रेक करने हेतु मोबाईल ऐप और एनटीपीएस (ट्रांसपोर्ट परमिशन) की ऑनलाइन सुविधा का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने शहीद महेन्द्र कर्मा सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत प्रदेश के 1458 हितग्राहियों के खाते में कुल 22 करोड़ रुपए की राशि का हस्तांतरण किया। बस्तर जिले में 05 हितग्राहियों को उपस्थित अतिथियों द्वारा चेक वितरण किया गया।

ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना छत्तीसगढ़ में वाणिज्यिक वृक्षारोपण को बढ़ावा देने मुख्यमंत्री की पहल पर शुरू की गई है। योजना सभी वर्ग के किसानों की पड़त भूमि पर होगा वाणिज्यिक वृक्षारोपण 33 जिलों के 23 हजार 600 किसानों द्वारा 36 हजार 230 एकड़ में वृक्षारोपण किया जाएगा।

# कलेक्टर ने दिव्यांग छात्र खगेश्वर बघेल को भेंट की मोबाइल

पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को कुकाड़गारकापाल निवासी दिव्यांग छात्र खगेश्वर बघेल के आवेदन पत्र पर त्वरित संज्ञान लेकर उक्त दिव्यांग छात्र को दिव्यांगजनों हेतु विशेष फीचरयुक्त मोबाईल प्रदान कर मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करने की समझाईश देने सहित उन्हे उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। जिले के कोंडागांव ब्लॉक के कुकाडगारकापाल निवासी दिव्यांग छात्र खगेश्वर बघेल शासकीय दिव्यांग महाविद्यालय रायपुर में बीपीए चतुर्थ सेमेस्टर में अध्ययनरत हैं।

**न्यायालय नजूल अधिकारी जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छत्तीसगढ़)**

रा.प्र.क्र.202211160100012/अ-(20)3/2022-23

**// ईश्तहार //**

आम जनता को इस ईश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका गया कुमारी पिता/पति चुन्नीलाल जाति कलार निवासी गीदम नगरीय क्षेत्र गीदम वार्ड क्रं........तहसील गीदम जिला दंतेवाड़ा मोबाइल नंबर 8817624323 को ग्राम गीदम पहन 17 तहसील गीदम जिला दंतेवाड़ा स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 770 रकबा 0.0380 हेक्टे. में से 55 वर्गमीटर भूमि आवासीय प्रयोजनार्थ व्यवस्थापन/बंटन किये जाने संबंधी प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो आपत्ति के स्पष्ट कारणों को उल्लेख करते हुये स्वयं या अपने मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 04/04/2023 तक कार्यालयीन समय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

नियत तिथि पश्चात प्रस्तुत आपत्ति/अभ्यावेदन इस न्यायालय द्वारा स्वीकार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 21/03/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर
नजूल अधिकारी
दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा

**CAVEAT NOTICE**

IN THE HON'BLE HIGH COURT OF CHHATTISGARH AT BILASPUR
CAVEAT APPLICATION No. /2023
IN
W.P.(C) NO. /2023

| | |
|---|---|
| CAVEATOR<br>PROPOSED RESPONDENT | Nagar Panchayat Kunkuri, District Jashpur (CG). |
| Versus | |
| NON-CAVEATOR :<br>PROPOSED PETITIONER | Public In General |

CAVEAT APPLICATION UNDER RULE 142 OF HIGH COURT OF CHHATTISGARH RULES, 2007 READ WITH SECTION 148-A OF THE CODE OF CIVIL PROCEDURE.

The Caveator/proposed respondent most humbly and respectfully submit as under:-

1. That, the State Urban Development Authority, Chhattisgarh, Raipur (CG) vide its order No. 9/Suda/Ra.Pra.Yo./Kunkuri/2022 dated 05.05.2022 has accorded its sanction for construction of Open Play Ground to the tune of Rs. 58.21 lakhs.
2. That, the aforesaid construction is being carried out in the land bearing Khasra No. 291/2 rakba 4.1880 hectare situated at village Kunkuri, District Jashpur (CG), which is recorded as government land in the revenue records.
3. That, the Caveator/proposed respondent apprehends that the Non-caveator/proposed petitioner may approach this Hon'ble Court by way of filing of a writ petition and may seek interim relief.
4. That, in event of filing of any writ petition by the proposed petitioner/public in general, impugning the aforesaid order, the Caveator/proposed respondent may kindly be granted an opportunity of being heard .

Bilaspur
Dated: 22-03-23 (COUNSEL FOR CAVEATOR/PROPOSED RESPONDENT)

By order-
CMO, Kunkuri

## मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में विकास के साथ आदिवासी संस्कृति को दिया जा रहा बढ़ावा

# देवगुड़ियों का संरक्षण भूपेश सरकार की प्राथमिकता : रेखचंद जैन

## प्राधिकरण अध्यक्ष लखेश्वर बघेल का जताया आभार

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com



संसदीय सचिव व जगदलपुर विधायक रेखचंद जैन ने कहा है कि देवगुडियों का संरक्षण व संवर्धन तथा आदिवासी संस्कृति को बढ़ावा देना भूपेश सरकार की प्राथमिकता है और इस दिशा में अतुलनीय कार्य किए जा रहे हैं। रविवार को जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के छह गांवों में देवगुड़ी संरक्षण व संवर्धन के लिए संबंधित ग्रामों के सरपंच, उप सरपंच, पंच, सचिव तथा ग्रामीणों को आवश्यक राशि का चेक सौंपते उन्होने यह बात कही। जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विकास के साथ आदिवासी संस्कृति को भरपूर बढ़ावा दिया है। कांग्रेस के शासनकाल में गांवों में विकास के उतने कार्य हो रहे हैं, जिनकी भाजपा के 15 साल के कार्यकाल में कल्पना भी नहीं की गई थी। उन्होने अंचल के प्रमुख देवी-देवताओं के गुडियों के संरक्षण व संवर्धन के लिए बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण व इसके अध्यक्ष लखेश्वर बघेल का भी आभार माना।

### ब्लॉक अध्यक्ष ने सौंपा चेक

चेक वितरण के समय तुसेल व टोन्डापाल के पंचायत प्रतिनिधि नहीं पहुंच पाए थे। सोमवार को इन्हें विधायक रेखचंद जैन की ओर से कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष व जनपद सदस्य नीलूराम बघेल ने जगदलपुर स्थित विधायक कार्यालय में चेक सौंपा। इस दौरान सुनील दास, तुसेल के लखमूराम नागेश, रामनाथ बघेल, टोन्डापाल के कमलू चालकी, जगदीश चालकी, उलनार के खगपति, शिबो पुजारी, मोहन आदि मौजूद थे।

### छह देवगुडियों का 26 लाख रुपये से होगा संरक्षण- संवर्धन

जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के छह देवगुडियों का 26 लाख रुपये से संरक्षण- संवर्धन होने की बात कही गई। जैन ने बताया कि अब तक सैकड़ों देवगुड़ी का कायाकल्प करने राशि प्रदान की गई है। रविवार को जिन छह देवगुडियों के संरक्षण- संवर्धन के लिए चेक दिए गए उनमें जामावाड़ा एक की परदेशिन माता, मारकेल एक की जलनी माता, मांझीगुड़ा की बामनदेई माता, तुसेल की हिंगलाजिन माता, टोन्डापाल की मावली माता तथा नेतानार की मातागुड़ी सम्मिलित हैं।

Piramal Capital & Housing Finance

पंजीकृत कार्यालय पता : यूनिट नंबर 601, छठा तल, पीरामल अमिति बिल्डिंग, पीरामल अगस्त्य कार्पोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फायर स्टेशन के सामने, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (वेस्ट), मुंबई – 400 070 सीआईएन : एल65910एमएच1984पीएलसी032639, वेबसाइट : www.piramalfinance.com
शाखा पता : धीरज बाग, बिल्डिंग "ए" भू तल एवं प्रथम तल, ऐक्सिस बैंक के बगल में, मोनालिसा बिल्डिंग के सामने, आगरा रोड, हरि निवास सर्किल, नौपाडा, थाने (वेस्ट)–400 602

**मांग सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधीन। अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अधीन पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (पीसीएचएफएल) [पूर्वतः दीवान हाउसिंग फाइनैंस कारपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) के नाम से ज्ञात] का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) ("उक्त कर्जदार(रों)") से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां, जो यहां नीचे भी दी गई हैं, चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों) को, एक बार पुनः, पीसीएचएफएल को यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान, उक्त कर्जदार(रों) द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेज/प्रलेख, यदि कोई, के साथ पठित ऋण अनुबंध के अधीन देय, नीचे वर्णित तिथि(यों) से, भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक, लागू दर पर आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। उक्त कर्जदार(रों) द्वारा ऋण की सम्यक वापसी के लिए प्रतिभूति के रूप में निम्नलिखित आस्तियां पीसीएचएफएल के पास बंधक रखी गई हैं।

| कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) का नाम | मांग सूचना तिथि और राशि एनपीए तिथि सहित | सम्पत्ति पता |
|---|---|---|
| (एलसी नंबर : 03900001883 रायपुर शाखा) सरिता थॉमस (कर्जदार) | 25–02–2023/रू. 2,61,721/– (रूपए दो लाख इकसठ हजार सात सौ इक्कीस मात्र) एनपीए (08–01–2023) | गीतावालीसिटी फेज 2, मौजा खामतराई, पीएच नंबर 17, खसरा नंबर 900/7, सरकंडा, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ :– 495001 |
| (एलसी नंबर : 01600007471 विशाखापतनम शाखा) श्रीनिवास राव कुडापा (कर्जदार) उषा देवी तानीकेल्ला (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 30,94,040/– (रूपए तीस लाख चौरानवे हजार चालीस मात्र) एनपीए (08–01–2023) | डी नंबर : 16–143/191, तिलक नगर, वार्ड नंबर 13 निकट भास्कर रामा थियेटर, कासीबुग्गा पलास–कासीबुग्गा म्युनिसिपैलिटी, श्रीकाकुलम, आंध्र प्रदेश–532221 |

यदि उक्त कर्जदार पीसीएचएफएल को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, पीसीएचएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ करेगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे। उपरोक्त आस्तियों का अंतरण पीसीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टा या अन्य प्रकार से करने के संबंध में उक्त कर्जदारों पर अधिनियम के तहत रोक लगी है। कोई भी व्यक्ति, जो उक्त अधिनियम अथवा उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है अथवा उस हेतु अभिप्रेरित करता है, अधिनियम के अधीन दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा आर्थिक दण्ड का भागी होगा।

तिथि : 22–03–2023
स्थान : छत्तीसगढ़
हस्ता./– (प्राधिकृत अधिकारी)
पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

# दूसरे धर्म में शादी करने वाले पछताते हैं, हिंदू संस्कारों से रुकेगा लव जिहादः साध्वी प्राची

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



साध्वी प्राची ने कहा है देश में बढ़ रहे लव जिहाद को हिंदू संस्कारों और संस्कृति से ही रोका जा सकता है। यही नहीं, उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को भी मंदबुद्धि बता दिया। अपने बयानों की वजह से अक्सर चर्चा में रहने वाली साध्वी प्राची रायपुर पहुंची हुई थीं। उन्होंने राजधानी में हुई धर्म सभा में हिस्सा भी लिया। बातचीत में लव जिहाद और धर्मांतरण जैसे मसलों पर खुलकर चर्चा की। साध्वी ने कहा कि बढ़ रहे लव जिहाद को हिंदू संस्कारों, संस्कृति से ही रोका जा सकता है, युवा वर्ग को भारतीय संस्कृति से परिचित कराना होगा। मंच से साध्वी प्राची ने सभा को संबोधित किया, उन्होंने हिंदू संस्कारों और भारतीय संस्कृति के बारे में बताया। मंच से साध्वी प्राची ने सभा को संबोधित किया, उन्होंने हिंदू संस्कारों और भारतीय संस्कृति के बारे में बताया। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कई बार कांग्रेस नेता राहुल गांधी पूजा-पाठ करते संतों से मिलते जुलते नजर आए। इसके बारे में पूछे जाने पर साध्वी ने सीधे कह दिया कि राहुल मंदबुद्धि बच्चा है, उसके बारे में ज्यादा बात ना करो यही अच्छा है।

**हो रही घर वापसी**

धर्मांतरण और दूसरे धर्मों में लड़के-लड़कियों की शादी के मामले पर प्राची ने कहा कि कुछ लोग भ्रम जाल में फंसकर लालच में आकर धर्मांतरण कर लेते हैं। उन्हें वापस हिंदू धर्म में लाने का काम किया जा रहा है। जल्द ही ऐसे लोगों की घर वापसी होगी। विश्व हिंदू परिषद यह काम करता आ रहा है। दूसरे धर्म में शादी और प्यार को लेकर साध्वी ने कहा कि लव जिहाद के चक्कर में आकर ऐसा करने वाले फिर पछताते हैं। उन्होंने श्रद्धा मर्डर केस का जिक्र उदारहण के रूप में करते हुए कहा.. मिली थी न श्रद्धा 35 टुकड़ों में।

**भारत तो बंटवारे के बाद से हिंदू राष्ट्र**

साध्वी प्राची ने कहा कि धर्म के आधार पर ही हिंदुस्तान का बंटवारा हुआ था । उन्हें पाकिस्तान मिल गया तो बताइए भारत हिंदू राष्ट्र है या नहीं। भारत हिंदू राष्ट्र था, हिंदू राष्ट्र है और हिंदू राष्ट्र रहेगा इसे कोई ताकत बदल नहीं सकती। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए यह भी कहा कि आज हर राज्य एक ऐसा ही योगी चाह रहा है।

**धर्मांतरण रोकने का संकल्प**

रायपुर में हुई इस धर्म सभा का आयोजन विश्व हिंदू परिषद ने किया था। दरअसल एक महीने पहले प्रदेश के चार अलग-अलग इलाकों से संतों ने पद यात्राएं शुरू की थी । जो कई बस्तियों में गई। दलित और पिछड़े लोगों के साथ संतों ने बैठकर भोजन किया सत्संग किया और हिंदू जागरण का प्रचार प्रसार किया । यात्रा का समापन रायपुर में धर्म सभा के रूप में किया गया। यहां हिंदू राष्ट्र बनाने और धर्मांतरण रोकने का संकल्प भी लिया गया।

### संकल्प हिंदू राष्ट्र का

रायपुर में हुई धर्मसभा से लौटते हुए साध्वी प्राची ने कहा कि अखंड भारत घोषित करने और हिंदू राष्ट्र के संकल्प के साथ हम लौट रहे हैं। यह जल्द घोषित हो ऐसी हमारी कामना है। धर्म सभा के लिए छत्तीसगढ़ को चुने जाने की बात पर उन्होंने कहा कि यह भगवान राम का ननिहाल है, छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया इसीलिए इसी धरती से हिंदू राष्ट्र के अभियान का उद्घोष हो रहा है और यह संवैधानिक रूप से जल्द घोषित होगा हमारा संविधान में विश्वास है।

## आबकारी विभाग ने बड़ी मात्रा में पकड़ी महुआ शराब एवं लाहन



पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

बलौदा बाजार आबकारी की टीम ने छापामार कार्यवाही कर घर से डेढ़ सौ लीटर कच्ची शराब व 34 ड्रम में रखे 34 सौ किलो महुआ लाहन को जप्त किया है। आबकारी अधिकारी को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की बड़ी मात्रा में ग्राम चांदन थाना राजा देवरी कसडोल अंतर्गत बड़ी मात्रा में शराब बनाने व बेचने का कार्य धड़ल्ले से किया जा रहा है जिस पर आबकारी उप निरीक्षक सुकांत पांडे, जलेस सिंह, एवं विपिन पाठक अपनी टीम सहित ग्राम चादन पहुंच आरोपी लाभोराम साहू के घर दबिश देकर भारी मात्रा में महुआ शराब एवं लाहन जप्त किया गया जिसकी कीमत 3 लाख 50 हजार रुपए आंकी जा रही है। वही घर में शराब बनाने वाले आरोपी लाभोराम साहू को गिरफ्तार कर लिया गया है आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

# धान के बदले बैगन की खेती से आर्थिक समृद्धि की ओर परमेश्वर


**बागवानी मिशन और बाड़ी योजना का लिया लाभ**

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



जिले में कई किसान अब परम्परागत धान की खेती के बदले उद्यानिकी फसलों की खेती कर रहे हैं। राष्ट्रीय बागवानी मिशन एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरूवा, बाड़ी से उनके खेत और जीवन पुष्पित एवं पल्लवित होने लगी है। ग्रामीण शासन की पोषण बाड़ी योजना अंतर्गत अपनी बाड़ी में सब्जियों की पैदावारी लेकर घर की आमदनी बढ़ाने में भी सफल हो रहे हैं। फिंगेश्वर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पीपरछेड़ी के किसान परमेश्वर निर्मलकर ने उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन में अपने 0.400 रकबा के बाड़ी में आज अपने मेहनत और लगन से लाल भाजी, टमाटर, मूली, मेथी सब्जियों का उत्पादन कर रहा है। साथ ही बड़े पैमाने पर बैगन की खेती कर रहा है। उन्होंने बताया कि पहले वे धान की खेती कर रहे थे, लेकिन विभाग के संपर्क में आने के बाद खेती करने के तरीके और तकनीक में सुधार आया। अब वे धान फसल के बदले बैगन की खेती कर रहे है। योजना अंतर्गत प्रति एकड़ 8000 रूपये अनुदान की सहायता राशि भी मिली। जिससे फसल संरक्षण और पैदावार बढ़ाने में उपयोग किया। निर्मलकर ने बताया कि धान का उत्पादन जहां 20 क्विंटल तक सीमित थी, वहीं बैगन में 100 क्विंटल तक उत्पादन हो रहा है। धान की खेती में जहां 20 हजार रुपये तक बचत हो रहा था। वहीं बैगन की खेती से 65 हजार रुपये का लाभ हुआ है। बाड़ी में उत्पादित सब्जियों को स्थानीय बाजार में विक्रय कर 5-10 हजार रूपये का अतिरिक्त लाभ अर्जित कर रहे हैं। उक्त योजना अब परमेश्वर के परिवार के लिए सब्जी की उपलब्धता के अलावा आर्थिक आमदनी का जरिया बन गया है। अब परिवार के सदस्यों के लिए अपने बाड़ी में ही काम मिल गया है। परमेश्वर निर्मलकर अपनी आमदनी से खुश होकर परिवार के माली हालत में सुधार हेतु सहयोग के लिए शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## मुख्यमंत्री बघेल ने अधिवक्ता मुंशी के निधन पर शोक प्रकट किया



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता विमल कुमार मुंशी के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने मुंशी के शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा है कि विमल कुमार मुंशी रायपुर अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ प्रेरक और मार्गदर्शक रहे।

# शक्तिपीठों में मनोकामना ज्योत प्रज्जवलन और पूजा-पाठ की तैयारी

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com




बुधवार से मां शक्ति की उपासना का पर्व चैत्र नवरात्रि की शुरुआत होने जा रही है। जिसे लेकर सभी शक्तिपीठों में मनोकामना ज्योत प्रज्जवलन और पूजा- पाठ की तैयारियाँ पूरी हो चुकी है। चैत्र नवरात्रि 22 से 30 मार्च तक है। साथ ही हिन्दू नववर्ष भी इस बार भव्य रूप से मनाने की तैयारियां की जा रही है। मंदिरों में रंग-रोगन से लेकर आकर्षण साज सज्जा की जा रही है। बरोंडा चौक दुर्गा मंदिर के पंडित हेमंत तिवारी ने बताया कि विक्रम संवत 2080 के प्रारंभ के साथ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि 22 मार्च को घटस्थापना की जाएगी। घट स्थापना अभिजीत मुहूर्त में सुबह 11.36 से 12.24 के मध्य की जाएगी। इसके साथ ही जंवारा बोया जाएगा। 26 मार्च को श्री पंचमी देवी श्रृंगार एवं 29 मार्च बुधवार को श्री दुर्गा अष्टमी पर हवन व 30 मार्च दिन गुरुवार को रामनवमीं पर जंवारा विसर्जन किया जाएगा। इसके अलावा मंदिरों में मनोकामना ज्योत कलश स्थापित किए जाएंगे। नवरात्र को लेकर नवरात्र भव्य कार्यक्रम कराने की तैयारियों में मंदिर समिति के सदस्य जुटे हैं। उन्होनें बताया कि चैत्र नवरात्र में मंदिरों के अलावा कई घरों में भी जंवारा बोया जाता है। इसलिए लोगों ने पहले से तैयारियां शुरु कर दी है। बता दें कि शहर में विराजित मां महामाया सहित अंचल की बागबाहरा चंडी, खल्लारी चंडी और बिरकोनी चंडी मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

### नववर्ष –नागपुर के ढोल और छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य होगा आकर्षण का केंद्र

इधर, शहर में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी हिंदू नववर्ष के लिए भव्य आयोजन की तैयारी की जा रही है। नागपुर के ढोल और छत्तीसगढ़ी लोकनृत्यों के साथ भव्य शोभायात्रा शारदा मंदिर से निकाली जाएगी। हिन्दू नववर्ष को लेकर पूरा शहर भगवामय करने की तैयारी है। प्रेस क्लब भवन में हिंदू नववर्ष आयोजन समिति के अनुज शर्मा, खिलावन बघेल, वि म ठाकुर और प्रमोद चंद्राकर ने पत्रकारों को बताया कि बुधवार से हिन्दू नववर्ष के अवसर पर सर्वसमाज व जनसहयोग से हिन्दू नववर्ष भव्य रूप से मनाने की तैयारी अंतिम चरण में है। हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में इस बार भी शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा शहर के शारदा मंदिर से शुरु होकर बरोंडा चौक मां दुर्गा मंदिर में समापन होगा। जिसमें नागपुर के ढोल के साथ पंथी, सुआ, कर्मा, राऊत नाचा, शंखनाद और श्री रामभक्त हनुमान की झांकी, प्रजापति बह्मकुमारी की झांकी आकर्षण का केन्द्र होगी। इसके अलावा भारत माता की प्रतिमा को भी लोगों में देशभक्ति का संचार करने शामिल किया गया है। साथ ही कोसरंगी गुरुकुल द्वारा शौर्य प्रदर्शन किया जाएगा। भव्य शोभायात्रा में 10-15 हजार लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। हिन्दू नववर्ष के अवसर पर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 15 हजार भगवाध्वज घरों, निजी कार्यालय और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

# संगीता बिजलानी चेट्रीचंड्र महोत्सव के कार्यक्रम में शामिल होंगी

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



बॉलीवुड एक्ट्रेस संगीता बिजलानी रायपुर आ रही हैं। चेट्रीचंड्र महोत्सव के दौरान वह रायपुर में शोभायात्रा का स्वागत करती नजर आएंगी। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ के इस खास कार्यक्रम में बॉलीवुड एक्टर सलमान खान की खास दोस्त और एक्ट्रेस शामिल होंगी। 23 मार्च को ये कार्यक्रम आयोजित होगा। जयस्तंभ चौक पर यात्रा पहुंचेगी। शाम 7 बजे के आस-पास सिंधी कल्याण समिति के अध्यक्ष आनंद कुकरेजा, ललित जैसिंघ ने बताया इस आयोजन में फिल्म एक्ट्रेस संगीता बिजलानी बतौर खास मेहमान शामिल होंगी। सिंगर कमलेश कपूर और मुंबई बिट्स बैंड की खास परफॉर्मेंस होगी। स्टेज को खास लाइट्स से सजाया जा रहा है। सिंधी एकेडमी अध्यक्ष राम गिडलानी,पार्षद अजीत कुकरेजा,अमर गिदवानी ने कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली हैं।

त्रिदेव (1989), विष्णु देवा, (1991) और युगांधर (1993) जैसी फिल्मों की एक्ट्रेस संगीता बिजलानी रही हैं । 9 जुलाई 1960 को मुंबई, महाराष्ट्र में जन्मी संगीता ने पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद अजहरुद्दीन से 1996 में शादी की और 2010 वे सेपरेट हो गईं। वैसे, इससे पहले उनकी शादी सुपरस्टार सलमान खान के साथ तय हो चुकी थी। लेकिन बाद में कुछ ऐसा हुआ कि यह शादी कैंसिल हो गई। शादी टूटने के बाद भी दोनों जुड़े रहे और इनकी दोस्ती आज भी कायम है। हाल ही में एक इंटरव्यू में संगीता से इसी बारे में सवाल किया गया। उनसे पूछा गया कि ब्रेकअप के बाद भी सलमान खान के साथ उनकी दोस्ती इतनी मजबूत कैसे है? संगीता ने जवाब दिया, कनेक्शन कभी नहीं टूटते। संगीता ने कहा था पार्टनर्स, स्कूल फ्रेंड्स के साथ आपका प्यार कभी खत्म नहीं होता। लोग आते हैं जाते हैं, लाइफ में कुछ भी परमानेंट नहीं होता। इसका मतलब ये नहीं कि आप गुस्से और कड़वाहट से भर जाएं। एक समय के बाद आप परिपक्व होते हैं। जिंदगी का एक दौर ऐसा भी था जब मैं बेवकूफ थी और बचकानी हरकतें भी कीं लेकिन अब मैं मैच्योर हो गई हूं। जिंदगी अनुभवों से भरी हुई है।

# जिला प्रशासन का अभिनव पहल निरीक्षण करने नियुक्त किये गये नोडल अधिकारी



पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिले में शासन के सर्वोच्च प्राथमिकता एवं महत्वाकांक्षी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन ने अभिनव पहल किया गया है। निरीक्षण करने 115 नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये हैं। प्रत्येक नोडल अधिकारी चार पंचायतों में निरीक्षण करेंगे। नोडल अधिकारियों को गोधन न्याय योजना, पीडीएस भवन, स्कूल, आश्रम-छात्रावास, आंगनबाड़ी, हाट बाजार तथा उप स्वास्थ्य केन्द्र प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण का दायित्व सौंपा गया है। इन अधिकारियों द्वारा विभागों से उपलब्ध कराये गये निरीक्षण प्रतिवेदन पत्र के आधार पर जानकारी उपलब्ध कराने कहा गया है। कलेक्टर प्रभात मलिक ने जिला स्तर के नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर निरीक्षण प्रतिवेदन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से उनकी समस्याएं एवं सुझाव भी आमंत्रित किया। विकासखण्ड स्तर के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जुडे थे। समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य केन्द्रों के निरीक्षण, छात्रावास निरीक्षण, पीडीएस दुकान निरीक्षण के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों ने पावर पाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से जानकारी तथा आंगनबाड़ी निरीक्षण व गौठान निरीक्षण के संबंध में संबंधित अधिकारियों ने वस्तु स्थिति से अवगत कराया। कलेक्टर मलिक ने कहा कि नोडल अधिकारियों के मॉनिटरिंग रिपोर्ट के आधार पर जानकारियां शासन को भेजी जायेगी। अधिकारी संबंधित पंचायतों में मॉनिटरिंग कार्य गंभीरतापूर्वक करना सुनिश्चित करें। विभागीय दायित्वों के अतिरिक्त निरीक्षण कार्य हेतु माह में दो से तीन दिन अवश्य निकाले। अधिकारी ग्राम पंचायत के सचिव एवं विभिन्न विभागों के मैदानी अमलों, जिनसे उनको संपर्क करना है, सभी की जानकारी एवं संपर्क नम्बर प्राप्त कर लेवे। सभी को वाट्सअप ग्रुप के माध्यम से जो? भी सकते हैं। ग्राम पंचायत के सरपंच एवं उप सरपंच से समन्वय बनाकर रखे, ताकि गांव के समस्याओं के संबंध में जानकारी लेने में सहुलियत हो।

## हार्ट, चेस्ट एंड वैस्कुलर सर्जरी के विभागाध्यक्ष डा. कृष्णकांत साहू हार्ट सर्जन के साथ अच्छे रोलर



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी के आंबेडकर अस्पताल के एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट (एसीआइ) में हार्ट, चेस्ट एंड वैस्कुलर सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. कृष्णकांत साहू हार्ट सर्जन के साथ-साथ अच्छे रोलर स्केटर भी हैं। वे व्यस्त दिनचर्या से समय निकालकर रोजाना स्केटिंग करते हैं। हाल ही में उन्होंने राज्य स्तरीय इनलाइन रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता है। इंटर क्लब रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में तीन गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। डा. साहू अब तक 4,500 से भी अधिक हृदय, छाती, फेफड़े एवं खून की नसों के सफल आपरेशन कर चुके हैं। इसके लिए उन्हें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के हाथों हेल्थ आइकान आफ द छत्तीसगढ़ अवार्ड मिल चुका है।

## पटेवा में संचालित होगा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मिडियम स्कूल

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com



महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के पटेवा में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मिडियम स्कूल संचालित होगा। इसके लिए वर्ष 2023-2024 के बजट में राशि प्रावधान किया गया है। गौरतलब है कि भेंट मुलाकात कार्यक्रम में महासमुंद पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने पटेवा में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मिडियम स्कूल खोले जाने की ओर ध्यानाकर्षित कराया था। जिस पर मुख्यमंत्री बघेल ने यहां स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मिडियम स्कूल खोले जाने की घोषणा की। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मिडियम स्कूल के संचालन के लिए कवायद भी शुरू कर दी गई है। संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने जानकारी देते हुए बताया कि पटेवा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मिडियम स्कूल संचालित होगा। इसके लिए बजट में राशि का प्रावधान किया गया है। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मिडियम स्कूल के रूप में परिवर्तित होने पर स्कूल में पदों का निर्धारण भी कर दिया गया है। जिसके तहत पटेवा के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मिडियम स्कूल में 24 पदों में से व्याख्याता के 10, शिक्षक के चार पद, कंप्यूटर शिक्षक, व्यायाम शिक्षक, सहायक शिक्षक के एक-एक पद, सहायक शिक्षक के पांच पद, सहायक शिक्षक विज्ञान के दो पद व ग्रंथपाल के एक पद शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पटेवा में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मिडियम स्कूल संचालित होने से पटेवा सहित आसपास के गांवों के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा सुलभ हो सकेगी।

# दुनिया की चकाचौंध और मोबाइल के युग में अपने बच्चों को संस्कार देने में कही न कही कमी हो रही हैः छाया वर्मा

**गीत संगीत के साथ ही नाटक की प्रस्तुति, खुब बटोरी तालियां... टाउन हॉल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस**

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com




नगर पालिका आयोजन समिति द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। जिसमें सामाजिक, शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए पुरुषों का शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया। टाउन हॉल में सोमवार को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा रही। अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने की। विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, महिला आयोग की सदस्य अनिता रावटे, सती साहू मौजूद रही। कार्यक्रम को अतिथियों द्वारा भारत माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं राजकीय गीत अरपा पैरी की धार गा कर कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद छाया वर्मा ने कहा एक दौर था जब कोई स्त्री बेटी को जन्म देती है, तो उस स्त्री को पारिवारिक यातना से गुजरना पड़ता था, लेकिन आज दौर बदल गया है। अब महिलाओं को सामनता का अधिकार है। वर्मा ने कहा महिलाएं पढ़ी लिखी हो या फिर अनपढ़ हो अपने अंदर काबिलियत हो तो किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ सकती हैं। और अपने जीवन में बदलाव ला सकती है। उन्होंने कहा कार्यक्रम को देखते हुए पता चलता है कि, महासमुंद की महिलाओं में एकता और संगठित रहने की अनोखी कला है। उन्होंने कहा कि, हम सभी भौतिकवादी युग में जी रहे है और इसका खामियाजा भी सर्वाधिक महिलाओं को भुगतना पड़ रहा है। दुनिया की चकाचौंध और मोबाइल के युग में अपने बच्चों को संस्कार देने में कही न कही कमी हो रही है। उन्होंने कहा कि हमारे मुख्यिया भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपर को बचाने का काम किया है। छत्तीसगढ़ी ओलम्पिक से लेकर बोरे बासी जैसी परंपराओं को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के लोगों लौटने कार्य किया है। कार्यक्रम को जिला पंचायत उषा पटेल, आयोग के सदस्य अनिता रावटे ने भी संबोधित किया। इसके पहले मुख्य अतिथि छाया वर्मा ने शहर को पॉलिथिन मुक्त रखने के लिए सभी को शपथ दिलाई गई। इस दौरान श्यामा बालाजी महाविद्यालय की अंजना वैरवा और बृजराज स्कूल के कक्षा 7वीं की छात्रा अंजुम निशा ने मनमोहक नृत्य पेश की। इस मौके पर युवतियों द्वारा गीत संगीत के साथ ही नाटक की प्रस्तुति दी।

### अपने कार्य के बूते कामयाबी हासिल करने वाले

चिकित्सक डॉ. अजय तिवारी, डॉ. मनजीत चंद्रसेन, अधिवक्ता अजीज कुरैशी, सेवाभावी विपिन बिहारी महंती, वृद्धा आश्रम देवचंद बनसोड़, टेकराम सेन, शिवदास मानिकपुरी, राजेन्द्र नागपुरिया, आशीबाई गोलछा के प्राचार्य जी आर सिन्हा, मिथलेश चंद्रशेखर, पूर्व नपा उपाध्यक्ष त्रिभुवन महिलांग, बागबाहरा के सूपर फोर्टी नि शुल्क कोचिंग देने वाले शिक्षकों को शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया। इसके अलावा स्वच्छता दूत टिकेश्वरी मिरी, हेमलता शर्मा और प्रिया दुबे का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर पार्षद मीना वर्मा, सरला गोलू मदनकार, माधवी सिक्क ा, शोभना यादव, हफीज़ कुरैशी, पवन पटेल, बबलू हरपाल, मंगेश टांकसाले, राजश्री ठाकुर, तारा चंद्राकर, कौशल्या बंसल, निरंजना शर्मा, नीतू प्रधान, रानू वर्मा, ममता बग्गा, राखी ठाकुर, प्रेमशीला बघेल, वर्षा देवांगन, मधु तिवारी, संपा बोस, रमा महानंद, छाया राव सहित सैंकड़ों महिलाएं उपस्थित थी। कार्य म का संचालन सरिता तिवारी व आभार प्रदर्शन नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने की।

# खेतों में पानी,फसलों पर ओले, बेमौसम बारिश से बर्बाद हुई फसल किसान परेशान

## किसान अपने खेतों में खड़ी सरसों, गेहूं, चना, जौ, समेत अन्य फसलों को लेकर चिंतित

पायनियर संवाददाता ≺ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



जिले में बेमौसम बारिश के कारण खेतों में पानी फसलों पर ओले पड़ने के कारण किसान परेशान नजर आ रहे हैं। किसान अपने खेतों में खड़ी सरसों, गेहूं, चना, जौ,समेत अन्य फसलों को लेकर चिंतित है कई लोगों का फसल कट गया है तो कई लोगों का खलिहान में पड़ा हुआ है। और कई लोग काम नहीं कर पा रहे है जिसको बचाने के लिए किसान परेशान नजर आ रहे हैं। वैसे देखा जाए तो देश के सभी राज्यों में मौसम ने करवट लिए लेकिन इस जिले में बारिश और ओलों ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बदले मौसम ने फसल पर भारी असर डाला है। 18 मार्च को घने काले बादलों की आवाजाही और बादलों की गड़गड़ाहट के साथ बारिश का दौर शुरू हुआ है। रामानुजगंज क्षेत्र से लगे हुए ग्रामीण अंचलों में घंटों चैत्र के महीने में सावन महीने जैसी मूसलाधार बारिश हुई। जिसके कारण खेतों में बारिश का पानी भरने लगा।बेमौसम बारिश के कारण खड़ी सरसों,गेहूं,चना, जौ, समेत फसलों में काफी नुकसान पहुंचा है बारिश के कारण गेहूं की अधपकी फसल की चादर खेतों में बिछ चुकी है तो वहीं इससे सरसों की फसल को भी भारी नुकसान पहुंचा है। बलरामपुर रामानुजगंज जिले के 6 ब्लॉकों में किसानों के हुए नुकसान का सर्वे रिपोर्ट प्रशासनिक तौर पर अभी तक जारी नहीं किया गया है इसलिए किन फसलों का कितना प्रतिशत नुकसान हुआ है यह बताना मुश्किल है। किसानों की माने तो उनका कहना है कि ओलावृष्टि और भारी वर्षा के कारण करीब-करीब 75 प्रतिशत फसल नुकसान हो चुका है। यह तो सर्वे रिपोर्ट करने के बाद ही पता चलेगा कि जिले में किन-किन फसलों को कितने प्रतिशत का नुकसान हुआ।

### राज्यसभा सदस्य जयराम रमेश से भेंट कर तिरंगा गमछा पहनाकर स्वागत किया

**मुंगेली।** अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण छग शासन सदस्य एवं महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव रत्नावली कौशल ने नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव, प्रचार प्रसार प्रभारी, प्रवक्ता एवं राज्यसभा सदस्य जयराम रमेश से भेंट कर तिरंगा गमछा पहनाकर स्वागत किया एवं उन्हें छग की भूपेश बघेल सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं तथा कांग्रेस की लगातार बढ़ रही लोकप्रियता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। हिन्द सेना महिला ब्रिगेड राष्ट्रीय अध्यक्ष रत्नावली कौशल ने जयराम रमेश को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। लोक कल्याणकारी योजनाओं और बघेल की साफ सुथरी छवि, मिलनसारिता और सहज सुलभता के कारण कांग्रेस छत्तीसगढ़ में काफी मजबूत हो चुकी है, वहीं कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन ने पार्टी के हर नेता और कार्यकर्त्ता के मनोबल को उच्च स्तर पर पहुंचा दिया है।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत हथनीकला में परिणय सूत्र में बंधे 75 जोड़े

## नवविवाहित जोड़ों को अतिथियों ने प्रदान किया आशीर्वाद

पायनियर संवाददाता ≺ मुंगेली
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत जिले के पथरिया विकासखण्ड के ग्राम हथनीकला में परिवारजनों एवं गणमान्य अतिथियों की मौजूदगी में आज 75 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष लेखनी सोनू चंद्राकर ने नवदम्पत्तियों को विवाह प्रमाण पत्र व उपहार सामग्री प्रदान कर उनके सुखमय दाम्पत्य जीवन की कामना की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने सामूहिक विवाह कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना गरीब परिवार की बेटियों के लिए एक सौगात है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की संवेदनशील सोच है कि बेटियों का विवाह बिना किसी पारिवारिक खर्च के आसानी से हो। इस हेतु बजट में नए वित्तीय सत्र से मुख्यमंत्री विवाह योजना अंतर्गत दी जाने वाली राशि को 25 हजार से बढ़ाकर 50 हजार रूपए किए जाने की घोषणा की है।

### एसडीएम पथरिया ने की समग्र शिक्षा अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा

**मुंगेली।** एसडीएम पथरिया बी. आर. ठाकुर ने 16 मार्च को हायर सेकेण्डरी स्कूल सरगांव में समग्र शिक्षा अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। कलेक्टर के निर्देश पर उन्होंने पथरिया विकासखंड के समस्त विद्यालयों मे शैक्षणिक गुणवत्ता, बोर्ड परीक्षा और समग्र शिक्षा द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समग्र शिक्षा अंतर्गत संचालित योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन होना चाहिए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सविता राजपूत, जिला मिशन समन्वयक ओ. पी. कौशिक, बी ई ओ, बी आर सी, प्राचार्य तथा सीएसी उपस्थित थे।

# बैंकर्स केसीसी के अधिक से अधिक प्रकरण स्वीकृत करें : कलेक्टर

## सुरक्षा बीमा योजनांतर्गत मृतक के परिजनों को लाभांवित करने के दिए निर्देश

■ जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक

पायनियर संवाददाता ≺ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ने कहा कि किसानों को ऋण उपलब्ध कराने बैंकर्स केसीसी के अधिक से अधिक प्रकरण स्वीकृत करें। इस हेतु उन्होंने कृषि, मत्स्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को केसीसी के अधिक से अधिक प्रकरण तैयार कर बैंकर्स को भेजने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाय) और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा (पीएमएसबीवाय) योजनांतर्गत बीमित मृतकों के परिजनों को लाभांवित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जनपद पंचायत सीईओ को मृतकों का विवरण बैंकर्स को उपलब्ध कराने के लिए कहा।कलेक्टर ने लोरमी विकासखण्ड के ग्राम खुड़िया में एटीएम स्थापित करने के संबंध में चर्चा भी की और आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों का पालन प्रतिवेदन, ऋण एवं ऋण जमा अनुपात, बैंक लिंकेज की स्थिति, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के स्वीकृत प्रकरण, व्यक्तिगत ऋण, समूह ऋण, अंत्योदय योजना के तहत स्वीकृत प्रकरण, आदिवासी स्वरोजगार योजना के तहत स्वीकृत प्रकरण, प्रधानमंत्री जनधन योजना, मुद्रा ऋण योजना सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने वर्ष 2022-23 में लक्ष्य के अनुरूप संतोषजनक प्रगति पर सराहना की। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2022-23 में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत लक्ष्य के विरूद्ध 65 प्रकरण स्वीकृत किए गए है तथा 49 प्रकरणों में ऋण वितरित किया गया है। इसी तरह मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 20 प्रकरण स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें 11 प्रकरणों में ऋण वितरित किया गया है। मुंगेली नगरपालिका अंतर्गत लक्ष्य के विरूद्ध 146 प्रकरण स्वीकृत किए गए हैं। नगर पंचायत लोरमी में 73 प्रकरण, नगर पंचायत पथरिया में 68 प्रकरण व नगर पंचायत सरगांव में 70 प्रकरण स्वीकृत किए गए हैं तथा अधिकांश प्रकरणों में ऋण वितरित किए जा चुके हैं। बैंक क्रेडिट लिंकेज के तहत 1122 प्रकरण स्वीकृत किए गए हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी. एस. राजपूत सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, भारतीय रिजर्व बैंक के प्रतिनिधि दिग्विजय राउत, डीडीएम नाबार्ड अशोक साहू, लीड बैंक आफिसर दिपेश दास सहित विभिन्न बैंको के अधिकारी उपस्थित थे।

# पत्रकार कॉलोनी के लिए भू-खण्ड आवंटित किए जाने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ≺ मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com




(एमसीबी) जिले में पत्रकार कॉलोनी हेतु भू-खण्ड आवंटित किए जाने बावत् प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम कलेक्टर एमसीबी पी.एस ध्रुव को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में यह उल्लेख किया गया की बहुप्रतीक्षित जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर की सौगात दी गई है, जिसके लिए क्षेत्रवासी सदैव आपके ऋणी रहेंगे। आपसे निवेदन है कि नवगठित जिले एम.सी.बी. में शासन-प्रशासन और जनता के बीच सेतु का काम करने वाले पत्रकारों के लिए कॉलोनी की आवश्यकता महसूस की जा रही है। आशा ही नहीं आपसे पूर्ण विश्वास है कि कॉलोनी हेतु एम.सी.बी. जिले में भू-खण्ड आवंटित किए जाने हेतु आपकी ओर से अनुकरणीय पहल की जाएगी। अतः आपसे करबद्ध निवेदन है कि नवीन जिले मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में पत्रकार कॉलोनी हेतु आवश्यक भू-खण्ड आवंटित करने की कृपा करें, जिले के समस्त पत्रकार सदैव आपके ऋणी रहेंगे। इस अवसर पर रामचरित द्विवेदी, रंजीत सिंह,सतीश गुप्ता, रामप्रसाद गुप्ता, प्रवीण निशि, सरवर अली,अरुण श्रीवास्तव, गुरदीप अरोरा, रविकांत सिंह, शुद्धू लाल वर्मा, विनीत जायसवाल, दिनेश द्विवेदी, धीरेन्द्र विश्वकर्मा, शिव यादव, प्रशांत तिवारी, नसरीन अशरफी,सुजीत शाह,मनीराम सोनी सहित पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

# ग्राम बोईरहा-पटपरहा में टीबी व लेप्रोसी के लिए जनजागरण शिविर में 75 मरीजों की हुई जांच

पायनियर संवाददाता ≺ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले के लोरमी विकासखण्ड के सुदूर वनांचल ग्राम बोईरहा-पटपरहा में 15 मार्च को टीबी व लेप्रोसी जगजागरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 75 मरीजों की जांच की गई और उन्हें आवश्यकतानुसार दवाई एवं परामर्श दिया गया। जिला क्षय/कुष्ठ उन्मूलन अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में टीबी के संदेहास्पद 10 मरीज, खुजली के 02 मरीज, सर्दी-खांसी के 21 मरीज, कमजोरी के 18 मरीज, सिरदर्द के 03 मरीज, बुखार के 02 मरीज, बहरापन के 02 मरीज, ब्लड प्रेशर के 02 मरीज व 15 जनरल मरीज पाए गए। टीबी के संदेहास्पद मरीजों का बलगम जांच के लिए सैंपल लिया गया।

### कक्षा 10वीं : सामाजिक विज्ञान की परीक्षा में 10464 परीक्षार्थी हुए शामिल, 281 रहे अनुपस्थित

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित कक्षा 10 वीं की सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा में जिले से 10 हजार 464 परीक्षार्थी परीक्षा देने शामिल हुए। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि मुंगेली विकासखण्ड से 04 हजार 152, लोरमी विकासखण्ड से 03 हजार 869 पथरिया विकासखण्ड से 02 हजार 443 परीक्षार्थियों ने सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा दी। वहीं तीनों विकासखण्ड से 281 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई।

# बूढ़ा देव महा यात्रा का तिल्दा नेवरा में आगमन



पायनियर संवाददाता ≺ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

बुढ़ा देव निर्माण को लेकर काश दानमुहिम के चलते बुढ़ा देव महायात्रा के दूसरे चरण की शुभारंभ विगत 25 फरवरी से की गई है। इस यात्रा के स्वरूप के अनुसार आगामी 8 अप्रेल लाखों की संख्या में राजधानी रायपुर में विशाल सभा आयोजित की गई है। इस आयोजन में सैकड़ो पारंपरिक छत्तीसगढ़िया लोकनार्थक दल शरीक होंगे बुढ़ा यात्रा के दौरान एकत्रित काश को बुढ़ा देव स्थान में अर्पित किया जाएगा पारंपरिक अनुष्ठान विधिवत बैगा सिरहा के माध्यम से काश को मूर्ति कारों को सौंपा जायेगा इस भव्य आयोजन को करोड़ अनुयाई प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से शिरकत करेंगे विगत दिनों बुढ़ा देव महायात्रा का तिल्दा नेवरा नगर में आगमन हुआ इस दौरान विभिन्न भक्तों ने काश दान कर इस कार्यक्रम में सहभागिता दिखाई है।

# अनाधिकृत विकास के नियमितीकरण के लिए 31 मार्च के बाद लगेगा अतिरिक्त शुल्क

■ कलेक्टर ने की अनाधिकृत विकास का शीघ्र नियमितीकरण कराने की अपील

पायनियर संवाददाता ≺ मुंगेली
www.dailypioneer.com

नगर तथा ग्राम निवेश क्षेत्र अंतर्गत अनाधिकृत विकास के नियमिती करण के लिए 31 मार्च के बाद अतिरिक्त शुल्क देना पड़ेगा। छत्तीसगढ़ अनाधिकृत विकास का नियमितीकरण के अंतर्गत 01 अप्रैल से शुल्क में 10 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की जाएगी। कलेक्टर ने जिले के नगर तथा ग्राम निवेश क्षेत्र अंतर्गत ऐसे नागरिक जिन्होंने बिना अनुमति/अनुज्ञा के आवासीय तथा गैर आवासीय भवनों का निर्माण किया है, उनसे 31 मार्च तक निर्धारित शुल्क के साथ नियमितीकरण कराने की अपील है। उन्होंने कहा कि इस माह के अंत तक आवेदन करने पर पुराने शुल्क के साथ शास्ति अधिरोपित की जाएगी, उसके उपरांत नवीन शुल्क के साथ शास्ति अधिरोपित की जाएगी। अनाधिकृत निर्माण के नियमितीकरण को लेकर अब तक 03 बठकें आयोजित की जा चुकी हैं, जिसके अंतर्गत 58 अनाधिकृत निर्माण का नियमितीकरण किया गया है। नगर तथा ग्राम निवेश के सहायक संचालक ने बताया कि छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम 1984 के नियम के तहत निहित शुल्क में प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत की वृद्धि के प्रावधान हैं, जिसके आधार पर छत्तीसगढ़ अनाधिकृत विकास का नियमितीकरण अधिनियम, 2022 संशोधन 2022 के अंतर्गत 01 अप्रैल से शुल्क में 10 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की जाएगी। उन्होंने बताया कि अनाधिकृत विकास के नियमितीकरण के लिए आवेदक मकान के कागजात, मकान के फोटोग्राफ्स, मकान का नक्शा और संपत्ति कर या बिजली बिल की रसीद आदि आवश्यक दस्तावेज के साथ शहरी क्षेत्रों में संबंधित नगरीय निकाय कार्यालय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### मोटरयान अधिनियम के उल्लंघन करने पर 44 लाइसेंस धारकों का लाईसेंस निरस्त

**मुंगेली।** मोटरयान अधिनियम के उल्लंघन करने पर 44 लाईसेंस धारकों का लाईसेंस निरस्त किया गया है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार आमजनता में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने उच्चतम न्यायालय के गाइडलाईन के अनुरूप यातायात नियम का पालन नहीं करने वाले 44 लाईसेंस धारकों का लाईसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की गई है। उन्होंने बताया कि यातायात एवं पुलिस थानों से 44 लाईसेंस धारकों का लाईसेंस निलंबन हेतु प्रस्ताव प्राप्त हुआ था, जिसमें सभी के लाईसेंस को तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने के अपराध व मोटरयान अधिनियम के धारा 119/177 के उल्लंघन करने पर निलंबन किया

# धर्मांतरण कराने वालों का हिंसा पर उतारू होना दुर्भाग्यपूर्ण : भाजपा

■ प्रदेश अध्यक्ष साव ने कहा- प्रदेश सरकार के संरक्षण में धर्मांतरण का खेल खुलेआम चल रहा

पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा है कि धर्मांतरण कराने वाले लोग छत्तीसगढ़ में जिस तरह से हिंसा पर उतारू हो गए हैं हिंसा का सहारा ले रहे हैं, वह अत्यंत चिंताजनक और दुर्भाग्यपूर्ण है। साव ने कहा कि राज्य सरकार के संरक्षण में प्रदेश में धर्मांतरण का खेल खुलेआम चल रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष साव ने कहा कि धर्मांतरण कराने वाले लोगों ने नारायणपुर के बाद अब बस्तत के परपा थानांतर्गत ग्राम भेजरीपदर में जिस प्रकार से आदिवासी समाज और पुलिस पर हमला किया, वह छत्तीसगढ़ की शांति-व्यवस्था में खलल डालने वाला कृत्य तो है ही, साथ-साथ कानून-व्यवस्था को चुनौती देने का दुस्साहस भी है। साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ को अशांत करने का काम ये धर्मांतरण कराने वाले लोग हिंसा करके कर रहे हैं और ये सब प्रदेश सरकार के शह पर हो रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष साव ने कहा कि राजधानी में संतों की सभा होती है तो मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उन पर अनावश्यक टिप्पणी करते हैं, लेकिन अवैध धर्म परिवर्तन कराने व करने वाले लोग संगठित होकर मूल आदिवासियों और पुलिस पर हमले कर रहे हैं और मुख्यमंत्री बघेल चुप हैं! कांग्रेस सरकार की शह पर छत्तीसगढ़ में आदिवासी संस्कृति पर हमले हो रहे हैं और अवैध धर्मांतरण करने वाले आदिवासी क्षेत्र पर अपना शिकंजा कस रहे हैं। यह सुनियोजित षड्यंत्र अब शहरी क्षेत्र को भी अपने चपेट में ले रहा है। उसके बावजूद मुख्यमंत्री बघेल की कांग्रेस सरकार अपने राष्ट्रीय नेतृत्व के सामने अपना नंबर बढ़ाने के लिए धर्मांतरण के इस पूरे आतंक पर चुप्पी साधे बैठी है। साव ने चेतावनी दी कि धर्मांतरण में लगे समूह को प्रदेश से बाहर करें व उनके खिलाफ कार्रवाई करें अन्यथा भाजपा लोकतांत्रिक तरीके से सभी स्तर पर इसका प्रतिकार करेगी और इसकी जिम्मेदारी भूपेश सरकार की होगी।

### भेजरीपदर हिंसा की जांच करने भाजपा ने समिति बनाई

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई ने बस्तर के ग्राम भेजरीपदर में घटित घटना के परिप्रेक्ष्य में जांच समिति गठित की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने 06 सदस्यीय इस जांच समिति का गठन करके बताया कि यह समिति संबंधित स्थानों का शीघ्र ही दौरा करके इस घटना से संबंधित तथ्यों का अन्वेषण कर अपना जांच प्रतिवेदन पार्टी को सौंपेगी। साव द्वारा गठित समिति में पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर, पूर्व सांसद व अजजा मोर्चा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दिनेश कश्यप, पूर्व प्रदेश महामंत्री किरण देव, पूर्व विधायक बैदूराम कश्यप, पूर्व विधायक राजाराम तोड़ेम और प्रदेश कार्यसमिति विशेष आमंत्रित सदस्य शिवनारायण पाण्डेय सम्मिलित किए गए हैं।

# रानी अवंती बाई लोधी का जीवन शौर्य, वीरता और बलिदान का प्रेरक उदाहरण: जितेन्द्र वर्मा

पायनियर संवाददाता ≺ दुर्ग
www.dailypioneer.com



प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की महान वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के बलिदान दिवस पर दुर्ग-भिलाई जिला लोधी समाज द्वारा आयोजित शोभायात्रा का स्वागत दुर्ग जिला भाजपा द्वारा जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा के नेतृत्व में रानी अवंती बाई लोधी चौक पदमनाभपुर में किया गया। शोभा यात्रा का स्वागत करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने कहा कि देश की स्वाधीनता के मार्ग को कई वीर-वीरांगनाओं ने अपने रक्त की अंतिम बूंद तक समर्पित करते हुए सींचा है, ऐसी ही महान वीरांगना थी रानी अवंती बाई लोधी, जिन्होंने अंग्रेजो के खिलाफ निडर होकर प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में जमकर मुकाबला करते हुए शौर्य, वीरता और बलिदान की एक नई गाथा लिखी। रानी अवंती बाई लोधी का व्यक्तित्व एवं कृतित्व वर्तमान समाज के लिए प्रेरक पाथेय है। शोभा यात्रा के स्वागत के दौरान लोधी समाज के प्रदेश महामंत्री रमेश पटेल, दुर्ग भिलाई के जिलाध्यक्ष उत्तम चंदेल, पार्षद महेश वर्मा, लोधी समाज दुर्ग इकाई के अध्यक्ष मलखान सिंह, सचिव शेखर वर्मा, उपाध्यक्ष मेहतरू राम वर्मा, कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार वर्मा, अंकेक्षक दुर्गेश वर्मा, रोहित चंदेल, सीके चंदेल, अजय गारुड़ीक, देवेंद्र कौशिक, संजय गारुड़ीक, जोगेन्द्र जंघेल, सुरेन्द्र कौशिक, डी. डी. वर्मा, धर्मेन्द्र कुमार उपस्थित रहे तथा शोभायात्रा का स्वागत करने वाले भाजपा नेताओं में जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा के साथ ललित चंद्राकर, दिलीप साहू, डॉ. सुनील साहू, नरेश शर्मा, अजय तिवारी, केवल देवांगन, नवीन पवार सहित बोरसी कसारीडीह मंडल के अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नगाड़े की धुन पर जमकर थिरके नेता

# किसान कांग्रेस का जिलास्तरीय होली मिलन समारोह आयोजित

पायनियर संवाददाता ≺ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



जिला किसान कांग्रेस रायपुंर ग्रामीण के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। उक्त समारोह मे फूलों की जमकर होली खेली गई। इस समारोह मे डीजे, नगाड़ा के धुन में कांग्रेसी नेता थिरकते नजर आये । रायपुर जिला, तिल्दा नेवरा में आयोजित होली मिलन समारोह में प्रदेश से लेकर जिला स्तर के पदाधिकारी गण शरीक हुए। हिन्द संस्कृति की पारंपरिक भाई चारा एवं आपसी सौहार्द के प्रतीक होली पर्व के अवसर पर होली मिलन समारोह में किसान कांग्रेस के अलावा कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी गण ,जिनमें कांग्रेस कमेटी जिला प्रभारी नारायण कुर्रे, किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रामविलास साहू, पूर्व विधायक बलौदा बाजार जनक राम साहू , कांग्रेस कमेटी संयुक्त महामंत्री एवं सिंधी एकडमी अध्यक्ष राम गिडलानी, महिला कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अनीता गुरूपंच पुष्पलता वैष्णव, प्रदेश महिला सचिव सायरा बानो, नगरपालिका अध्यक्ष कसडोल नीलू साहू, किसान कांग्रेस के जिला प्रभारी हिमांशु दिक्षित किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष पप्पु नामदेव, ब्लाक अध्यक्ष पवन बघेल, समाज सेवी प्रकाश मेघानी, नगरपालिका तिल्दा-नेवरा ऐल्डर मेंन अमजद खान स्वेजा परवीन ,कृषि उपज मंडी प्रतिनिधि सुनील सोनी, पूर्व नगरपालिका एवं जिला कोषाध्यक्ष महेश अग्रवाल, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू मार्कंडेय, एन एस यू आई के पुर्व विधानसभा अध्यक्ष ओम ठाकुर दिनेश सोनी, ऐल्डर मेन संजय दुबे' गजानंद वर्मा के अलावा क्षेत्रिय कांग्रेसी जन बहुतायत में शरीक हुए जिन्होंने एक दुसरे को शुभकामनाएं दी हैं।

## हिंदी फिल्म

### नार्वे की आपत्ति

**नार्वे** के राजदूत ने उचित ही हिंदी फिल्म 'मिसेज़ चटर्जी वर्सेज नार्वे' पर आपत्ति की है। आमतौर से राजदूत हिंदी फिल्मों पर प्रतिक्रिया नहीं करते हैं, पर नार्वे के राजदूत ने ऐसा किया है। भारत में नार्वे के राजदूत हैंस जैकब फ्राइडेनलुंड ने पिछले सप्ताह रानी मुखर्जी की फिल्म 'मिसेज़ चटर्जी वर्सेस् नार्वे' पर आपत्ति करते हुए कहा कि इसमे 'तथ्यात्मक गलतियां' हैं तथा यह 'नार्वे को एक लापरवाह देश की तरह' पेश करती है। यह फिल्म 2011 की उस असली घटना पर आधारित है जब एक भारतीय आप्रवासी युगल के दो बच्चों को नार्वे की 'पालक व्यवस्था' ने अलग कर दिया था जिसका कारण संभवतः संस्कृति में अंतर था। फ्राइडेनलुंड ने स्पष्ट किया कि ऐसा उनके देश में नहीं होता है। उन्होंने 'स्पष्ट रूप से इनकार किया कि हाथों से खिलाने तथा एक ही बिस्तर में सोने के कारण ही बच्चों को वैकल्पिक देखभाल के लिए अलग नहीं किया गया था।' अखबार में प्रकाशित एक लेख में उन्होंने लिखा कि वे स्वयं अपने बच्चों को हाथों से खिलाते थे और उनको अपने ही बिस्तर में सुलाते थे। नार्वे दूतावास ने भी एक बयान में कहा, 'बच्चों को कभी सांस्कृतिक भिन्नताओं के कारण उनके परिवारों से अलग नहीं किया जाता है, जैसा कि बताया गया है। बच्चों को अपने हाथों से खिलाना या उनको अपने साथ बिस्तर में सुलाना बच्चों के लिए हानिकारक व्यवहार नहीं माने जाते हैं और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि चाहे जो हो यह नार्वे में असामान्य बात नहीं है।' मुख्य मुद्दा यह था कि क्या भारतीय पश्चिमी देशों और केवल पश्चिमी देशों से अत्यधिक व अतार्किक उम्मीदें रखते हैं? उदाहरणार्थ, गैर-मुसलमानों को सऊदी अरब में पूजा की अनुमति नहीं है, लेकिन क्या किसी फिल्म निर्माता ने इस पर प्रतिक्रिया की है? यहां कुछ बिंदुओं पर जोर देना जरूरी है। किसी भी देश को अपनी परंपराओं, प्रथाओं, व्यवहारों व संस्कृति को बनाए रखने का अधिकार है। कितने भारतीय प्रवासी नार्वेवासियों, जर्मनों, आदि को हरिद्वार, वाराणसी या ऋषिकेश में धूप सेंकते देख कर प्रसन्न होंगे? इसी प्रकार क्या पाकिस्तानी कराची के समुद्र तटों पर ऐसे दृश्य देखना पसंद करेंगे? यदि भारत और पाकिस्तान के अधिकारी समुद्र तटों पर खास 'ड्रेस कोड' लागू करते हैं तो उनको 'नस्लवादी' नहीं कहा जा सकता है। इसी प्रकार यदि यूरोपीय देश रात भर चलने वाले भगवती जागरणों, भजनों में लाउडस्पीकरों के प्रयोग से पूरी बस्ती की नींद हराम करने या लाउडस्पीकरों पर अजान को प्रतिबंधित करते हैं तो उनकी भी 'नस्लवादी', असहिष्णु या ईश्वर-विरोधी कह कर निन्दा नहीं की जानी चाहिए। दूसरा महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि हर सुविधा के लिए कुछ कीमत चुकानी पड़ती है। भारतीय अक्सर स्कैंडिनेवियन देशों की शानदार सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था की प्रशंसा करते हैं। उनको यह भी समझना चाहिए कि इसकी एक वित्तीय तथा अन्य प्रकार से कीमत होती है। अनेक प्रकार की खैरातों का अर्थ होता है कि लोगों पर भारी टैक्स लगाया जाता है तथा इसके साथ ही राज्य की भूमिका बढ़ जाती है। इसका नतीजा गतिरोध हो सकता है। स्वीडेन ने इसका सामना 1994 में किया और इसके बाद उसने अपनी आर्थिक नीति में आमूल परिवर्तन किया। इसके साथ ही अन्य प्रकार के खामियाजे भी भुगतने पड़ सकते हैं। 'बिग स्टेट' या राज्य की बढ़ती भूमिका का अर्थ न केवल अर्थव्यवस्था, बल्कि लोगों के जीवन में भी काफी हस्तक्षेप होता है। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जेराल्ड फोर्ड ने कहा था, 'आपको आपकी इच्छानुसार सब कुछ देने वाली सरकार इतनी बड़ी होती है कि वह अपनी इच्छा से आपका सब कुछ छीन भी सकती है।' भारतीयों को ये तथ्य अनदेखे नहीं करने चाहिए।



# भारतीय बैंकों की स्थिति मजबूत

भारतीय फिल्म के लिए आस्कर तथा पिछले एक दशक में भारतीय बैंकों के शानदार प्रदर्शन से भारत की मजबूत स्थिति स्पष्ट होती है।



विकास नारायण मिश्र
(लेखक, पूर्व बैंकर हैं)

लगभग एक महीने पहले हिंडेनबर्ग रिपोर्ट के कारण अनेक लोगों ने भारतीय बैंकों व एक खास बिजनेस हाउस से उनके संबंधों को लेकर अपनी चिन्तायें व आशंकायें प्रकट की थीं। इस कारण भारत के मजबूत ढांचे तथा भारतीय बैंकिंग क्षेत्र की हालिया उपलब्धियां स्वाभाविक रूप से प्रकाश में आईं। पहले कभी नियामक ने एक बयान जारी कर यह नहीं कहा था कि भारतीय बैंकिंग व्यवस्था का आकार तथा उसकी जीवन्तता इतनी विशाल व मजबूत है कि उस पर एक घटना का असर नहीं पड़ेगा। भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई ने भी कहा है कि भारत का बैंकिंग क्षेत्र मजबूत है तथा उनके अनेक आयाम, जैसे पूंजी की उपलब्धता, परिसंपत्तियों की गुणवत्ता, तरलता, प्राविधानों की कवरेज व मुनाफा स्वस्थ स्थिति में हैं। पूरे देश ने राहत की सांस ली कि हमारे बैंक सुरक्षित हैं। लेकिन इस प्रकरण पर धूल ठीक से बैठी भी नहीं थी कि 8000 किलोमीटर दूर सिलिकान वैली में गंभीर गड़बड़ियों की खबर मिली। 40 साल पुराना तथा अमेरिका का 16वां सबसे बड़ा सिलिकान वैली बैंक-एसवीबी ध्वस्त हो गया। इसके बाद एक और सिंडीकेट बैंक-एसबी का भी पतन हो गया। जैसे इतना काफी न रहा हो, एक और संकट सामने आ गया। आजकल स्विटजरलैंड के ज्यूरिक में वैश्विक निवेश बैंक व वित्तीय सेवायें प्रदान करने वाला क्रेडिट स्विस खबरों में है। उसके शेयरों का मूल्य 15 मार्च को 30 प्रतिशत से अधिक गिर गया।



हमें इन घटनाओं को किस तरह देखना चाहिए? तथ्य यह है कि एसवीबी व एसबी का तेजी से पतन हुआ। अमेरिकी बैंकिंग इतिहास में तीन बड़े बैंकों में से इन दो के पतिन के साथ ही 2008 में तीसरा पतन वाशिंगटन म्यूचुअल का हुआ था। बैंकों में 8 प्रकार के प्रमुख जोखिम हैं जिनमें क्रेडिट, ब्याज बाजार, तरलता, आपरेशनल, कंप्लायेंस, प्रशासन व साख शामिल हैं। एसवीबी की विफलता का कारण ब्याज व तरलता संकट था। थोड़े समय में ब्याज दरों में तेजी से वृद्धि से बैंक पर संकट आ सकता है, अमेरिका में मार्च, 2022 से यही हुआ है। फेडरल रिजर्व आक्रामक रूप से ब्याज दरें बढ़ा रहा है। उसने इसमें 4.5 प्रतिशत की वृद्धि की जो अब 4.75 प्रतिशत है और देश में मुद्रास्फीति घटाने के लिए जल्द ही 6 प्रतिशत पहुंच सकता है। इससे कर्ज पर आय बढ़ी है। सिक्यूरिटी पर आय बढ़ने से कीमतें नीचे आई हैं। एसवीबी ने अपनी परिसंपत्तियों का बहुत बड़ा 55 प्रतिशत निश्चित आय सिक्यूरिटीज़ में लगाया है। ब्याज दर बढ़ने से बाजार में बांडों की कीमतें घटती हैं, लेकिन यह यह उस समय तक चिन्ता का कारण नहीं बनता है जब तक स्वामी उसे परिपक्वता तक धारण-एचटीम कर सकता है। उस बिंदु पर वह बिना किसी नुकसान के मूल कीमत प्राप्त कर सकता है। होने वाला नुकसान बैंक की बैलेंसशीट में छिपा रहता है और समय बीतने के साथ गायब हो जाता है। लेकिन यदि स्वामी बाजार मूल्य कम होने पर सिक्यूरिटीज़ बेचता है तो यह वास्तविक नुकसान में बदल जाता है। एसवीबी को इस स्थिति का सामना करना पड़ा क्योंकि ग्राहक अपना पैसा निकालने पर जोर दे रहे थे। इस कारण एसवीबी को भारी घाटे पर अपने काफी बांड बेचने पड़े। इससे तरलता का संकट पैदा हुआ जो ब्याज दर जोखिम के बाद पड़ने वाला प्रभाव है।

तरलता संकट का अर्थ है कि बैंक आवश्यकता पड़ने पर बिना नुकसान के अपना दायित्व निभाने में विफल हो जाए। एसवीबी के ग्राहक तेजी से अपना पैसा निकाल रहे थे जिसका भुगतान सुरक्षित नकदी से नहीं हो सकता था। इसलिए बैंक ने 21 बिलियन डाल की सिक्यूरिटीज़ 1.8 बिलियन डालर के नुकसान पर बेचने का निर्णय किया। शेयर बाजार में गिरावट के कारण कर्जदाता को नई पूंजी के रूप में 2 बिलियन डालर एकत्र करना पड़ा। इससे शेयर बाजार में घबराहट फैली तथा बैंक की साख गिर गई। इससे और ज्यादा लोग पैसा निकालने लगे। इस प्रकार की स्थितियों में कोई स्वस्थ बैंक भी दीवालिया हो सकता है। भारत में भी यह एक-दो बार हो चुका है। डिजिटल युग में लोग अपने घरों से पैसा निकाल सकते हैं, इसलिए ऐसी घटना की संभावना बढ़ जाती है। सिग्नेचर बैंक को भी ऐसी ही स्थिति का सामना करना पड़ा। तरलता संकट के कारण लोग इस बैंक से भी पैसा निकालने लगे।एसवीबी व एसबी की जमा 90 प्रतिशत तक बीमा के बाहर थी जो पूरे मुद्दे में एक और खतरनाक आयाम था। एसवीबी का बिजनेस माडल भारतीय बैंकों से अलग है क्योंकि इसका संसाधन कार्पोरेट क्षेत्र है, जबकि भारत में खुदरा व्यापारी व परिवार बैंकिंग व्यवस्था में ज्यादा जमा करते हैं जो लगभग 63 प्रतिशत है। उनकी जमा 6 महीने से पांच साल तक के लिए होती है तथा लोग सरकारी सिक्यूरिटी-जीसेक पसंद नहीं करते हैं। परिसंपत्तियों के मामले में गौर करें तो 65 प्रतिशत परिसंपत्तियां तथा 25 प्रतिशत निवेश होता है। निजी बैंकों-पीवीबी में 18 प्रतिशत तथा सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों-पीएसबी में 22 प्रतिशत जीसेक हैं। निवेश का पैटर्न भी अलग है। भारत में बैंकों में निवेश हर 100 रुपये में से 65 रुपये कर्ज में तथा 25 रुपये बांडों में व अन्य कर्ज में जाते हैं। एसवीबी का निवेश बांडों व दीर्घकालीन सिक्यूरिटीज़ में 55 प्रतिशत था। 15 मार्च को क्रेडिट स्विस के शेयर सबसे निचले स्तर पर आ गए जिससे दुनिया भर के बाजारों में काफी बेचैनी फैल गई। लेकिन स्विस नेशनल बैंक ने 54.5 बिलियन डालर की लाइफलाइन क्रेडिट स्विस को दे दी जिससे उसके शेयर फिर पुरानी स्थिति में आ गए। स्विस सेंट्रल बैंक का यह कदम अमेरिकी नियामकों द्वारा एसवीबी व एसबी का नियंत्रण अपने हाथ में लेने के कुछ ही दिन बाद सामने आया। एचएसबीसी ने एसवीबी की ब्रिटिश शाखा को नाममात्र के पैसे में अधिग्रहीत कर लिया। ये वैश्विक वित्तीय व्यवस्था में उथलपुथल के संकेत हैं। वित्तीय व्यवस्थाओं में दरारें दिखने लगी हैं और ऐसे में यह सवाल है कि क्या वे उसी तरह व्यापक विस्फोट को जन्म देंगी जैसा 15 साल पहले हुआ था?

प्रख्यात अर्थशास्त्री नोरियल रूबिनी को उनकी आमतौर से निराशाजनक, लेकिन सटीक पूर्वानुमानों के लिए 'डा. डूम' कहा जाता है। उन्होंने कहा है कि क्रेडिट स्विस की दशा लेहमैन ब्रदर्स वाली हो सकती है। वह इतना बड़ा है कि उसे बचाया नहीं जा सकता है। दुनिया के सबसे बड़े परिसंपत्ति प्रबंधक 'ब्लैकराक' के संस्थापक लैरी फिंक ने कहा था कि हम 'धीरे-धीरे एक संकट की ओर बढ़ रहे हैं जहां सैकड़ों छोटे बैंक अमेरिका की तरह डूब जाएंगे जैसा कि 1980 के दशक में बचत व कर्ज संकट के दौरान दिखाई पड़ा था।' लेकिन एक चीज स्पष्ट है कि अंतरराष्ट्रीय नियामकों ने पिछले संकट से सबक सीखा है। इसके अनुसार गति मूल चीज है। अमेरिकी फेडरल तथा बैंक आफ इंग्लैंड ने वास्तव में समाधान खोजने के लिए तेजी से काम किया है। बार-बार अस्थिरता की इन घटनाओं से स्पष्ट है कि जब आप लगभग 15 साल से जारी करीब शून्य ब्याज दर की व्यवस्था को उलटते हैं, जैसा कि अमेरिका व ब्रिटेन में हुआ है तो अचानक चीजें टूटमी हैं जो एसवीबी व एसबी के पतन से स्पष्ट है। लेकिन हमेशा सेंट्रल बैंक फौरन सहायता नहीं करते हैं, फिर चाहे वह पश्चिम में हो या पूरब में। एसवीबी का पतन परिसंपत्तियों व दायित्यों में असंतुलन का उदाहरण है जहां अल्पकालीन रूप से प्राप्त पैसे को दीर्घकालीन कर्ज में लगा दिया जाता है। आईएलएंडएफएस संकट के बाद भारतीय म्यूचुअल फंड उद्योग में यही हुआ था, जब विभिन्न दीर्घकालीन कर्ज योजनाओं में अल्पकालीन समय के लिए प्राप्त पैसा लगाया गया था।

# आत्मविश्वास बढ़ाते हैं सामाजिक त्यौहार

> सामाजिक उत्सव और सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाने में काफी मददगार होते हैं।



पूजा हरलालका
(लेखिका सामाजिक-भावात्मक लर्निंग से जुड़ी

सामाजिक त्यौहार और अंतर-विद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास और पारस्परिक कौशल के निर्माण में सहायता करने के लिए अद्भुत अवसर प्रदान करते हैं। पारस्परिक कौशल में दूसरों के साथ प्रभावी ढंग से संवाद करने और बातचीत करने की क्षमता शामिल है और आत्मविश्वास स्वयं और स्वयं की क्षमताओं में विश्वास है, जो दोनों दूसरों के साथ सकारात्मक संबंध बनाने के लिए आवश्यक हैं। इस लेख में, हम कुछ तरीकों पर गौर करेंगे कि ये आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास और पारस्परिक कौशल को बनाने में कैसे मदद करते हैं।

सामाजिक त्योहारों और अंतर-विद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अक्सर बच्चों के बीच टीम वर्क और सहयोग की आवश्यकता होती है। इन आयोजनों के दौरान, बच्चों को अपने स्वयं के और विभिन्न स्कूलों और पृष्ठभूमियों सहित कई लोगों और टीमों के साथ सहयोग करने की आवश्यकता होती है। घटनाओं के लिए योजना बनाते समय और फिर घटना के दौरान भी सहयोग अलग-अलग और समय की अवधि में होता है। एक सामान्य लक्ष्य के लिए एक साथ काम करके, बच्चे प्रभावी ढंग से संवाद करना, विचारों को साझा करना और रचनात्मक तरीके से संघर्षों को हल करना सीखते हैं। इन पारस्परिक कौशलों को विकसित करने से भी बच्चे सफल महसूस करते हैं और उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। सांस्कृतिक प्रतिनिधित्व और सामाजिक जागरूकता : सामाजिक त्योहार और अंतर-विद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों को विभिन्न संस्कृतियों, भाषाओं और परंपराओं के संपर्क में लाते हैं, जो उनके क्षितिज को व्यापक कर सकते हैं और उन्हें दूसरों के प्रति



सहानुभूति और समझ विकसित करने में मदद कर सकते हैं। बच्चे नए दोस्त और संपर्क बना सकते हैं, जो उन्हें अपने समुदाय से अधिक जुड़ाव महसूस करने और अपनेपन की भावना विकसित करने में मदद कर सकते हैं। ये आयोजन इसे विकसित करने का एक शानदार तरीका है क्योंकि वे बहुत सारे बच्चों को एक साथ लाते हैं, विभिन्न स्कूलों और पृष्ठभूमि से मज़ेदार, संबंधित तरीके से, एक साथ काम करते हैं और इस तरह एकता और भाईचारे की भावना पैदा करते हैं। ये विशेष बातचीत और अनुभव बच्चों को विविधता और मतभेदों की अधिक सराहना करना और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों के प्रति अधिक स्वीकार्य, सहिष्णु और समावेशी होना सिखाते हैं। ये आयोजन अपने साथ बच्चों को अपनी संस्कृति के प्रतिनिधि बनने, इसे दूसरों के साथ साझा करने और इसके बारे में सिखाने की क्षमता लाते हैं।

रचनात्मकता और कौशल- सामाजिक त्यौहार और अंतर-विद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों को अपनी दैनिक कक्षाओं से परे अपने कौशल और प्रतिभा का दोहन, विकास और प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान करते हैं। ये आम तौर पर रचनात्मक अभिव्यक्ति की विभिन्न श्रेणियों के व्यापक स्पेक्ट्रम पर और अधिक, सार्वजनिक बोलने, नृत्य, संगीत और ट्रिविया तक सीमित नहीं हैं, जो दर्शकों के सामने प्रदर्शित होते हैं। यह अनुभव बच्चों के लिए अविश्वसनीय रूप से सशक्त हो सकता है, क्योंकि इससे उन्हें अपनी क्षमताओं में गर्व और उपलब्धि की भावना विकसित करने में मदद मिलती है। दूसरों के सामने प्रदर्शन करने के लिए भी साहस, आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान की आवश्यकता होती है। उनके प्रयास, कौशल और प्रतिभा के लिए पहचाने जाने से बच्चों को मूल्यवान और सराहना महसूस करने में मदद मिलेगी। सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त करने से उनके आत्म-सम्मान को बढ़ावा मिल सकता है और उन्हें खुद पर और अपनी क्षमताओं में अधिक आत्मविश्वास महसूस करने में मदद मिल सकती है और साथ ही उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित भी किया जा सकता है। इन सामाजिक अंत:क्रियाओं में, बच्चे न केवल सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त करने के महत्वपूर्ण कौशल सीखते हैं, बल्कि यह उनके लिए दूसरों की सराहना करने और सकारात्मक प्रतिक्रिया देने में सक्षम होने के लिए मंच भी तैयार करता है। ये सामाजिक त्यौहार और इंटर-स्कूल सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों को एक अनूठा मंच प्रदान करते हैं जहां उनके पास अपने स्कूल और विभिन्न स्कूलों के साथियों के साथ सहयोग करने, मिलने और सामूहीकरण करने, अपनी प्रतिभा दिखाने और विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं के बारे में सिखाने और सीखने की क्षमता होती है। . स्कूलों और समुदायों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे इन आयोजनों में अधिक से अधिक भागीदारी को समर्थन और प्रोत्साहित करें, क्योंकि ये बच्चे के विकास और कल्याण पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकते हैं।

## फरमाया



**भारत**-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी लोकतांत्रिक सिद्धांतों और कानून के अंतरराष्ट्रीय शासन के प्रति सम्मान पर आधारित है।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**यह** टारगेट करने और परेशान करने की कोशिश है। वे डरा-धमकाकर हमें कमजोर करना चाहते हैं, लेकिन हम न डरेंगे और न कमजोर होंगे।

– **मल्लिकार्जुन खड़गे**
कांग्रेस अध्यक्ष



**नई** दिल्ली के साथ टोक्यो का आर्थिक सहयोग तेजी से बढ़ रहा है जो न केवल भारत के विकास में सहायक होगा बल्कि जापान के लिए महत्वपूर्ण आर्थिक अवसर पैदा करेगा।

– **फ्यूमियो किशिदा**

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

# किसी राष्ट्र की स्थिति उसकी महिलाओं की स्थिति देखकर बता सकते हैं

**समय** के साथ महिलाओं के ज्ञान और आत्म-जागरूकता के विकास ने उनकी उन्नति को सुगम बनाया है। महिलाओं के पास आधुनिक दुनिया में अपनी आकांक्षाओं को विकसित करने और साकार करने के कई अवसर हैं। हालाँकि, हैदराबाद की तैयबा बेगम खेड़ीव जंग जैसी महिलाओं के बारे में पढ़ना और सीखना हर किसी को प्रेरित करता है, क्योंकि वह पहली मुस्लिम महिला स्नातक थीं, जिन्होंने जीवन भर सभी महिलाओं की शिक्षा के लिए दृढ़ता से लड़ाई लड़ी। उनके उत्कृष्ट जीवन की एक झलक अपने शैक्षिक अधिकारों के लिए लड़ने वाली हजारों भारतीय मुस्लिम महिलाओं को प्रेरणा दे सकती है।

तैयबा बेगम ऐसे समय में बड़ी हुईं जब शिक्षित होना महिलाओं के लिए बिल्कुल भी यथार्थवादी नहीं था। उन्होंने 1894 में मद्रास विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री पूरी की, ऐसा करने वाली वह पहली मुस्लिम महिला थीं। एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में, उन्होंने ब्रह्म समाज के वार्षिक महिला सम्मेलन की अध्यक्षता की। उन्होंने अंजुमन-ए-ख़्वातीन-ए-इस्लाम का कार्यभार भी ग्रहण किया, जो बेगम रुकैया सखावत हुसैन द्वारा महिलाओं की शिक्षा और कौशल में सुधार करके उन्हें मुक्त करने के लिए शुरू की गई एक परियोजना थी। उन्होंने 1905 में एक उपन्यास 'अनवारी बेगम' भी लिखा था, जो हैदराबाद के घरों में महिलाओं के जीवन पर ध्यान केंद्रित करके सामाजिक सुधारों का समर्थन करता था। उन्हें भारतीय लोक संगीत में योगदान देने के लिए भी जाना जाता है।

1907 में, तैयबा बेगम ने, सरोजिनी नायडू और लेडी अमीना हैदरी जैसी महिलाओं के साथ, हैदराबाद के निज़ाम को हैदराबाद में महबूबिया गर्ल्स स्कूल स्थापित करने की अनुमति देने के लिए राजी करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने लेडी हैदरी के साथ कई सामाजिक परियोजनाओं में सहयोग किया। इन दोनों ने लेडी हैदरी क्लब की स्थापना की थी। उन्होंने वंचितों के लिए एक पुस्तकालय और एक स्कूल चलाया। उन्होंने हैदराबाद में महिलाओं के लिए जिन आठ स्कूलों की स्थापना की उनमें से दो आज भी काम कर रहे हैं। वह एक असाधारण उदाहरण है जिससे समकालीन महिलाएं सीख सकती हैं। उनके नक्शेकदम पर चलते हुए आज की महिलाओं को खुद को सशक्त बनाना चाहिए। भारत सरकार भी महिला सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित करती है। इसके अलावा, भारतीय संविधान का अनुच्छेद -16 महिलाओं को समान अवसर की गारंटी देता है। महिलाओं की कोई सीमा नहीं होती है और अब समय आ गया है कि उन्हें इसे महसूस करना चाहिए। गर्भधारण भी आज महिलाओं के लिए बाधा नहीं बन सका। अगर तैयबा बेगम गर्भवती होने के दौरान बाढ़ पीड़ितों की मदद करने में सक्षम थीं। यह मुस्लिम महिलाओं के लिए जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी सफ्लता का मार्ग प्रशस्त करने का सही समय है।

**रेशम फातमा राजनीति विज्ञान, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय**

# 'शिकसा' शिक्षकों की प्रतिभा को निखार रहे हैंः विजय बघेल

पायनियर संवाददाता ∢ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

शिक्षक व विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु संकल्पित बहुआयामी संस्था शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ दुर्ग जिला के तत्वावधान में नववर्ष, महिला दिवस व होली को संयुक्त रूप से मनाने कार्यक्रम ÷शिकसा मिलन समारोह 2023÷ का आयोजन संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन ÷आस÷ के संयोजन में किया गया । माता सरस्वती की प्रतिमा का पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा द्वारा किया गया । वहीं सरस्वती वन्दना प्रतिभा त्रिपाठी शिक्षिका, गोड़ेला बालोद ने प्रस्तुत किया, राजगीत शालिनी साहू, उषा भट्ट व्याख्याता जंजगिरी द्वारा प्रस्तुत किया गया । स्वागत गीत उषा भट्ट व साथी मानसरोवर विद्यालय जंजगिरी ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शालिनी रिवेन्द्र यादव जिला पंचायत अध्यक्ष जिला दुर्ग ने की । विशिष्ट अतिथि अतुल नागले प्रांत संयोजक प्रबुद्ध परिषद छ.ग, आचार्य डॉ.महेश चन्द्र शर्मा साहित्य संस्कृतिविद् लेखक एवं पूर्व प्राचार्य उच्च शिक्षा, परसराम साहू राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक व पाषाण संग्राहक, जागेश्वरी मेश्राम छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेत्री, भावना पाण्डेय अध्यक्ष- न्यू प्रेस क्लब ऑफ भिलाई नगर, रामाधार शर्मा साहित्यकार व समाज सेवक, खरारी राम देवांगन सिक्का संग्राहक, प्रमोद जैन अध्यक्ष सक्षम जन फाउंडेशन, कौशलेन्द्र पटेल प्रातांध्यक्ष, बोधीराम साहू कोषाध्यक्ष व महेत्तर लाल देवांगन संगठन मंत्री की उपस्थिति में हुआ। डॉ.शिवनारायण देवांगन आस संस्थापक व संयोजक शिकसा व होरीलाल चतुर्वेदी जिलाध्यक्ष, संस्था पर विचार कौशलेंद्र पटेल प्रातांध्यक्ष शिकसा, कोषाध्यक्ष बोधीराम साहू ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया एवं कार्यक्रम पर नीता त्रिपाठी प्रातांध्यक्ष म.प्रकोष्ठ शिकसा ने प्रकाश डाला । संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन की उपस्थिति में प्रातांध्यक्ष कौशलेन्द्र पटेल ने प्रांतीय महिला प्रकोष्ठ




व दुर्ग जिला के पदाधिकारियों को शपथ दिलाया जिसमें नीता त्रिपाठी, ज्योति गजपाल, प्रतिभा त्रिपाठी, प्रीतिचंद मल्लिका, सरोजनी साहू व दुर्ग जिला से होरीलाल चतुर्वेदी, संगीता चन्द्राकर, पी.व्ही.संजना, ईश्वरी देवांगन, प्रीति तिवारी, प्रमोद कुमार कुर्रे, शिवकुमार निर्मलकर, प्रकाश चन्द्र चेलक, हेमा चन्द्रवंशी आदि ने शपथ लिया । तदुपरान्त शिकसा के प्रांतीय वार्षिक कैलेन्डर का विमोचन मुख्यअतिथि विजय बघेल कर कमलों से किया गया । सभी अतिथियों ने अपने उदबोधन में शिकसा के कार्यक्रम को सराहनीय बताते हुए बधाई दी। विशेष अतिथि जागेश्वरी मेश्राम ने अपने उदबोधन में कहा कि शिकसा हमेशा प्यार व दुलार दिया है यहां आकर अपनापन झलकता है । वही विशिष्ट अतिथि डॉ महेश चन्द्र शर्मा ने शिकसा को परिभाषित कर शिकसा के उद्देश्य को सराहनीय बताते हुए निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिये शुभकामनाएं और बधाई दिया । मुख्य अतिथि विजय बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा संयोजक शिवनारायण देवांगन के नेतृत्व में बहुत सराहनीय कार्य कर रहा यह मंच शिक्षकों की प्रतिभा को निखार रहा है आप सभी बधाई के पात्र हैं सभी एक से बढ़कर एक प्रतिभा के धनी इसमें जुड़े हुए हैं मैं यहां एक पारिवारिक कार्यक्रम के रूप में शामिल होता हूं । कार्यक्रम अध्यक्ष शालिनी यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिकसा के हर कार्यक्रम प्रशंसनीय होते हैं और यहां आकर गौरव व खुशी अनुभूति होती है । सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्राथ.शाला रूआबांधा के बच्चों द्वारा नाटक व नृत्य,प्रतिभा त्रिपाठी शिक्षक गोडेला बालोद गजल,उषा भट्ट व्याख्याता व प्रीति निषाद शिक्षिका जंजगिरी क्लासिकल नृत्य, विक्रम सिंह ग्रंथपाल द्वारा जसगीत, राखी चौधरी सहायक शिक्षक कोलिहापुरी गीत, दुर्गा अधिकारी शिक्षक रिसाली द्वारा गीत,ममता ठाकुर यशोदा राजपूत व राखी चौधरी शिक्षिकाओं द्वारा सामूहिक गीत, हेमा चन्द्रवंशी सहायक शिक्षक ढौर द्वारा गीत, ज्योति गजपाल व्याख्याता सुरही कांकेर द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया। खरारी राम देवांगन सिक्का संग्राहक द्वारा नये पुराने सिक्कों की प्रदर्शनी भी लगाई गयी सभी ने पुराने से पुराने सिक्को के बारे जानकारी प्राप्त किया । इस कार्यक्रम में कौशलेंद्र पटेल प्रातांध्यक्ष, बोधीराम साहू कोषाध्यक्ष, महेत्तर लाल देवांगन संगठन मंत्री, संजय कुमार मैथिल संयुक्त सचिव, गोपाल ध्रुव मीडिया प्रभारी, रूपा साहू सहसचिव, नीता त्रिपाठी प्रातांध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, ज्योति गजपाल संयुक्त सचिव, प्रतिभा त्रिपाठी कोषाध्यक्ष, प्रीतिचंद मल्लिका उपाध्यक्ष, सरोजनी साहू कार्यकारिणी सदस्य, राधेश्याम कवंर महासचिव जांजगीर, डॉ.राघवेंद्र राठौर जिलाध्यक्ष सक्ती, महादेव जायसवाल महासचिव बिलाईगढ, कामताप्रसाद साहू महासचिव बालोद, मीना भारद्वाज व्याख्याता गोगांव रायपुर, सपना दुबे रायगढ़, पुष्पांजलि ठाकुर व्याख्याता सेजस पटौद कांकेर, रूपेन्द्र कुमार द्विवेदी टप्पा राजनांदगाँव, गीता देवांगन बिलाईगढ़, अंतिमा कंवर बिलाईगढ़, हेमंत कुमार साहू बिलाईगढ़, रूपनाथ ध्रुव बिलाईगढ़ दुर्ग से,संध्या पाठक जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाया।

## सांसद विजय बघेल के जन्म दिवस पर युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की



पायनियर संवाददाता ∢ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल जी के जन्मदिवस के शुभअवसर पर वरिष्ठ नेता रामाधार शर्मा के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों को माननीय सांसद द्वारा क्रमशः पुरेन्द्र कुमार वर्मा, संतोष कुमार दास, आदित्य अग्रवाल, अनीश मखीजा, अंजन पांडे, संतोष प्रधान, रोहित पांडे, सुनील सिंह, अजय सिंह, राजू पटेल एवं भूषण वाल्दे को गमछा पहनाया एवं केक खिलाया और हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि आप सभी ऊर्जावान साथी पूरे उत्साह पूर्वक पार्टी की रीति नीति के अनुसार इसे मजबूत बनाने में जुट जाएं ।

## उर्दू अकादमी द्वारा नातिया, मुशायरा एवं गजल कार्यक्रम रखा गया

पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

दल्ली राजहरा में उर्दू अकादमी द्वारा शाम ए उर्दू अकादमी कार्यक्रम के तहत नातिया तमाम मुशायरा एवं ग़ज़ल कार्यक्रम बीएसपी सिटीजन क्लब में संपन्न हुआ । छत्तीसगढ़ से आए शायर संकेत रंजन, प्रवीर आलोक नारंग, , युसूफसागर, अब्दुल लतीफ खान, एजर बशर ने अपनी शायरी से श्रोताओं से खूब वाहवाही लूटी। कोरबा के गजल गायक कमलेश शर्मा ने अपनी गायिका का जादू बिखेरा व शाम ए उर्दू कार्यक्रम को रंगीन कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया थी। सभी शहरों एवं गजल गायकों को अपनी शुभकामनाएं दी। छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी के अध्यक्ष इदरीश गांधी ने अध्यक्षता भाषण में उर्दू भाषा के



एवं प्रचार प्रसार पर जोर दिया । छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी द्वारा पीएसजी यूपीए आदि में भाग लेने वाले परीक्षार्थियों को मुफ्त कोचिंग की व्यवस्था उर्दू अकादमी द्वारा दी जाती है । कार्यक्रम के संयोजक उर्दू अकादमी के सदस्य शब्बीर खान थे जिन्होंने दल्ली राजहरा में उर्दू केंद्र शायरी खुलवाने की बात कही, जिससे उर्दू पढ़ने एवं सीखने वालों मदद हो सके। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्षत अमीन मेमन में शानदार कार्यक्रम करने के लिए बधाई दी। दल्ली राजहरा नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर , दल्ली राजहरा के नय्युम खान, ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन के सचिव जाहिद खान ,मंत्री प्रतिनिधि पीयष सोनी, कुसुमकसा मुस्लिम समाज के सदर वहीद खान, संजय बैस, संतोष जैन, ,नदीम खान, शांतिलाल सिन्हा, डोमेंद्र सिन्हा, डॉक्टर नसीम खान, राजकुमार सिन्हा, योगेश सिन्हा, शमीम खान दल्ली राजहरा के इमाम नदीम , अशोक बाम्बेश्वर, रति राम कोसमा का कार्यक्रम को सफल बनाने की विशेष योगदान रहा ।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत चारभाठा में किया गया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

रवेन्द्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र ढोलिया बेमेतरा द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत 50 छात्र-छात्राओं द्वारा ग्राम चारभाठा में 7 दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया है। इसमें सभी छात्र-छात्राऐं बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। छात्र-छात्राओं द्वारा ग्राम में स्वामी विवेकानंद के मूलभूत सिद्धांत मैं नहीं तुम को आधार बनाकर कार्य करते नजर आ रहे हैं। छात्र-छात्राएं सुबह प्रार्थना, योगासन एवं कसरत के आलावा अन्य साफ-सफाई का कार्य भी कर रहे हैं, जिसमें वे गांव के स्कूल एवं तालाब के आस-पास फैले गंदगी की साफ-सफाई कर रहे हैं, साथ ही स्कूल के बच्चों एवं ग्रामवासियों को भी स्वच्छता की सीख दे रहे हैं। छात्र-छात्राओं द्वारा



शिविर में कल स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. नरेश कुमार जांगडे द्वारा स्वास्थ्य सुझाव दिये गये एवं स्वास्थ्य रक्षा एवं निवारण के उपायों से भी अवगत कराया गया। इसमें ग्राम चारभाठा की महिला मितानिन श्रीमती सुरेखा और राजकुमारी भी सम्मिलित हुई। इस स्वास्थ्य दिवस का लाभ लेने के लिए ग्राम-चारभाठा के महिला एवं पुरुष ने उपस्थित होकर स्वास्थ्य शिविर का लाभ लिया। डॉ. असित कुमार के नेतृत्व में लगाये गये इस शिविर में छात्र-छात्राओं द्वारा सामाजिक समस्या जैसे-दहेज प्रथा, कुपोषण, साफ-सफाई एवं पेड़-पौधों के रखरखाव, फसल सुधार विषय पर भी भाषण एवं वाद-विवाद कार्यक्रम का आयोजन किया है। जिसमें स्कूल के बच्चे एवं ग्रामीणजन भी शामिल हो रहें हैं। इस शिविर में डॉ.योगेंद्र कुमार, डॉ. नूतन सिंह एवं डॉ. सरिता शर्मा सहयोगी के रूप में उपस्थित थे।

## हरषू उर्फ हर्ष यादव पर जिला बदर की कार्यवाही के लिए प्रतिवेदन

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा पुलिस ने हरषू उर्फहर्ष यादव पर जिला बदर की कार्यवाही हेतु जिला दण्डाधिकारी बेमेतरा को किया प्रतिवेदन प्रेषित किया गया इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी अनुसार हरषू उर्फ हर्ष यादव पिता शिवकुमार यादव उम्र 19 साल साकिन वार्ड 03 कचहरीपारा पाडे तलाब के पास बेमेतरा जिला बेमेतरा छ0ग0 का निवासी है, अनावेदक वर्ष 2019 से गलत एवं आपराधिक व्यक्तियो के साथ रहकर विभिन्न प्रकार के अपराध घटित करने में संलग्न रहने लगा, अनावेदक का आपराधिक प्रवृत्ति बढ़ गया है, इस प्रकार अनावेदक अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिये समय-समय पर जन साधारण को आतंकित कर मारपीट ,लड़ाई झगड़ा, चोरी, अपहरण, चाकूबाजी की घटना घटित करने लगा है। इसके इस प्रकार के कृत्यो से आस-पास के आपराधिक कृत्य के व्यक्ति सहयोग देते रहे, जिससे अनावेदक का हौसला दिन-प्रतिदिन बढ़ता गया, जिसके फ्लस्वरुप थाना क्षेत्र में संभ्रात लोग परेशान रहते है। अनावेदक लगातार अपराध घटित कर आपराधिक जीवन व्यतीत कर रहा है। हर्ष यादव के विरुद्ध 10 अपराध पंजीबद्ध हैं एवम 03 प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत चारभाठा में किया गया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

रवेन्द्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र ढोलिया बेमेतरा द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत 50 छात्र-छात्राओं द्वारा ग्राम चारभाठा में 7 दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया है। इसमें सभी छात्र-छात्राऐं बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। छात्र-छात्राओं द्वारा ग्राम में स्वामी विवेकानंद के मूलभूत सिद्धांत मैं नहीं तुम को आधार बनाकर कार्य करते नजर आ रहे हैं। छात्र-छात्राएं सुबह प्रार्थना, योगासन एवं कसरत के आलावा अन्य साफ-सफाई का कार्य भी कर रहे हैं, जिसमें वे गांव के स्कूल एवं तालाब के आस-पास फैले गंदगी की साफ-सफाई कर रहे हैं, साथ ही स्कूल के बच्चों एवं ग्रामवासियों को भी स्वच्छता की सीख दे रहे हैं। छात्र-छात्राओं द्वारा शिविर में कल स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. नरेश कुमार जांगडे द्वारा स्वास्थ्य सुझाव दिये गये एवं स्वास्थ्य रक्षा एवं निवारण के उपायों से भी अवगत कराया गया। इसमें ग्राम चारभाठा की महिला मितानिन श्रीमती सुरेखा और राजकुमारी भी सम्मिलित हुई। इस स्वास्थ्य दिवस का लाभ लेने के लिए ग्राम-चारभाठा के महिला एवं पुरुष ने उपस्थित होकर स्वास्थ्य शिविर का लाभ लिया। डॉ. असित कुमार के नेतृत्व में लगाये गये इस शिविर में छात्र-छात्राओं द्वारा सामाजिक समस्या जैसे-दहेज प्रथा, कुपोषण, साफ-सफाई एवं पेड़-पौधों के रखरखाव, फसल सुधार विषय पर भी भाषण एवं वाद-विवाद कार्यक्रम का आयोजन किया है। जिसमें स्कूल के बच्चे एवं ग्रामीणजन भी शामिल हो रहें हैं। इस शिविर में डॉ.योगेंद्र कुमार, डॉ. नूतन सिंह एवं डॉ. सरिता शर्मा सहयोगी के रूप में उपस्थित थे।

## विचक्षण जैन विद्यापीठ में सर्वसम्मति से नव पदाधिकारियों का मनोनयन





पायनियर संवाददाता ∢ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

विगत दिवस पर आगामी तीन वर्षो के लिए विचक्षण जैन विद्यापीठ में सर्व सम्मति से नये पदाधिकारियों का मनोनयन इंजीनियर राजेन्द्र जैन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिनमें अध्यक्ष राजेश सावनसुखा, उपाध्यक्ष संजय लोढ़ा, पंकज चोपड़ा,अजय सिंगी कोषाध्यक्ष सुनील गोलछा महामंत्री राजेश गिडिया मंत्री विजय मालू, अनिल लोढ़ा मनोनीत हुए । त्वरित निवृतमान अध्यक्ष सुरेश कांकरिया, उपाध्यक्ष सम्पत झाबक, सुपारस चंद गोलेछा, महामंत्री प्रकाश चंद मालू ने नये पदाधिकारियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया । इस अवसर पर उपस्थित सुभाष मेहमवाल, तिलोकचंद बरडिया, महेश कोठारी, श्यामसुंदर बैदमुथा, पारसचंद झाबक, नमन पारख एवं सौरभ लोढ़ा ने सर्वसम्मति से नव-मनोनीत पदाधिकारियों को शुभकामनाएं एवं हार्दिक बधाई दी

## पटईल बाड़ा चौक में रंग तेरस पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कोरोनो महामारी के दो साल बाद सरकार द्वारा हटाई सभी पाबंदियों के बाद ग्राम परपोड़ा के पटईल बाड़ा चौक में रंग तेरस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । जिले के कई क्षेत्रों में होली से भी ज्यादा रंगतेरस का उत्साह रहता है। सुबह से ही लोग घरों से बाहर निकलने शुरु हो जाते है और एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व बधाई देते रहे, बच्चे भी अपने छोटे-छोटे मित्रों के साथ पिचकारियों व रंगों से भिगोते रहे। नीरज सिंह ने बताया कोरोना काल मे दो वर्ष तक होली नही खेली जाने से युवकों में इस बार होली खेलने को लेकर उत्साह नजर आया। रंग तेरस के त्यौहार को पटईल बाड़ा चौक में बड़े धूम धाम व हर्षोल्लास के रूप में मनाते है । इस वर्ष



भी कार्यक्रम की शुरुवात सभी एकत्र होकर एक दूसरे को गुलाल लगाकर रंग तेरस की बधाई दिया गया साथ ही पेंड्री से आये आदर्श फ़ग मंडली कलाकारों का गुलाल लगाकर रंग तेरस की बधाई देते हुए सादर मंच सौपा गया ग्रामवासी बड़े आनंद से फ़ग मंडली को सुन रहे थे कुछ लोग फ़ग की धुन में थिरक रहे थे जैसे ही कार्यक्रम अपने शबाब था वैसे ही बारिश ने कार्यक्रम में खलल डाली परन्तु जितने देर कार्यक्रम चला पेंड्री फ़ग मंडली सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर भूपत सिंह,जगदीश सिंह,मुन्ना सिंह,राजेश सिंह ,प्रीतम सिंह चन्देल,सुनील सिंह,पवन सिंह, अरविंद सिंह,युवराज सिंह,अनिल सिंह, अजय सिंह,बीरेंद्र सिंह,राकेश सिंह,नीलेश सिंह, प्रतीक सिंह,नरेंद्र सिंह, मनीप्रसाद जोशी,निखिल सिंह, सत्यम सिंह,आस्था राजपूत,आनिया राजपूत, ओमप्रकाश साहू,बबला साहू, कुलेश्वर निर्मलकर, बहल निषाद, चिंता साहू, दिलीप यादव,दुर्गा शिवारे ,मनहरण साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

## 10वीं की संस्कृत परीक्षा सम्पन्न, 297 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित



पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छ.ग.माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल परीक्षा 2023 में आज 21 मार्च 2023 को विषय संस्कृत की परीक्षा बेमेतरा जिले के कुल 76 केन्द्रों आयोजित हुई। बेमेतरा जिले में कक्षा 10वीं में कुल 12924 पंजीकृत विद्यार्थी हैं। आज 11604 में 11307 प्रविष्ट एवं 297 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। जिला प्रशासन बेमेतरा द्वारा गठित निरीक्षण दल द्वारा परीक्षा केन्द्र का सघन निरीक्षण किया गया। डिप्टी कलेक्टर पिकी मनहर द्वारा परीक्षा केन्द्र खण्डसरा, सेजेस बेमेतरा का, श्री पुष्पराज खटकर पशु चिकित्सा द्वारा परीक्षा केन्द्र सरदा, बारगांव, आनन्दगांव, भिंभौरी, सेजेस बेरला का, श्री भावेश सिंह द्वारा परीक्षा केन्द्र कुसमी, भनसूली, बालसमुन्द, मउ, खाम्ही, बावामोहतरा, चंदनु का, सुश्री अल्का शुल्का जिला प्रबंधक नागरीक विभाग द्वारा परीक्षा केन्द्र अंधियारखोर, नांदल, झाल, गाड़ामोर का, श्री सांतु लाल नेताम जिला पंजीयक द्वारा परीक्षा केन्द्र ओड़िया, बालक दाढी, कन्या दाढ़ी, खाती, कारेसरा का, श्रीमती बरखा कासु उप संचालक समाज कल्याण विभाग द्वारा परीक्षा केन्द्र नांदघाट, टेमरी, मारो, खेड़ा, सम्बलपुर, नवागांव का, नायब तहसीलदार बेमेतरा/बेरला/नवागढ/साजा/थानखम्हरिया द्वारा परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। परीक्षा शांति पूर्ण से संचालित हो रही है, केन्द्राध्यक्षों से प्राप्त जानकारी के अनुसार नकल प्रकरण निरंक रहा। जिले में हाईस्कूल परीक्षा सम्पन्न हो गई है।

## महामाया माता और शीतला मंदिर में जलेंगे ज्योति कलश चैत्र नवरात्र पर तैयारियां प्रारंभ



कुम्हारी । बुधवार 22 मार्च से शुरू होने वाले चैत्र नवरात्र पावन पर्व को मनाने हेतु नगर के देवी मंदिरों में जोर शोर से तैयारियां प्रारंभ हो चुकी हैं भक्तजनों के आस्थाओं के ज्योत कल से जगमगाने लगेंगे इस क्रम में महामाया माता मंदिर के पुजारी दुर्गा देवांगन ने बताया कि स्वयं प्रकटा महामाया माता मंदिर में स्थानीय भक्तों के द्वारा ही नहीं अपितु देश के कोने कोने से भक्तजन आस्था के दीप प्रज्वलित कराने हेतु तत्पर रहते हैं और विदेशों से भी भक्तजन ज्योति कलश मंदिर में प्रज्वलित करा रहे हैं । प्राप्त जानकारी के अनुसार समाचार लिखे जाने तक महामाया माता मंदिर में लगभग 2000 ज्योति कलश प्रज्वलित की जाने की तैयारी है जिसकी संख्या और भी बढ़ेगी साथ ही शीतला माता मंदिर में भी लगभग 151 ज्योति कलश प्रज्वलित की जाएगी ।

## सदर बाजार में हटाया गया अतिक्रमण, की गई चालानी कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

नगरपालिका और राजस्व टीम ने बेमेतरा के सदर बाजार में किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई करीब तीन-चार घंटे तक चली। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल भी मौजूद रहे। हालांकि अतिक्रमण हटाने के दौरान कोई विवाद की स्थिति नहीं बनी। सड़क किनारे अतिक्रमण होने के कारण



शहर की सुंदरता भी प्रभावित हो रही थी और लोगों को यातायात संबंधित परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा था। इसी को लेकर लंबे समय से शिकायतें की जा रही थी। जिसे संज्ञान में लेते हुए अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सुरुचि सिंह के नेतृत्व में लगभग 100 महिला कमांडो के सहयोग से सदर बाजार में दुकानों के बाहर रास्तों में सामान रखने से यातायात सुविधाओं को व्यवस्थित करने के लिए सामानों को व्यवस्थित किया गया एवं राजस्व विभाग, नगर पालिका तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम के साथ चालानी कार्रवाई की गई। कार्रवाई दौरान डिप्टी कलेक्टर पिंकी मनहर, नगर पालिका अधिकारी बेमेतरा भूपेन्द्र उपाध्याय, प्रभारी तहसीलदार रोशन साहू, नायब तहसीलदार नीलम पिस्दा सहित राजस्व अमले उपस्थित थे।

# राष्ट्रव्यापी बूथ सशक्तिकरण अभियान 27 मार्च तक चलेगा

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रव्यापी बूथ सशक्तिकरण अभियान बेमेतरा ग्रामीण मंडल के सभी बूथों मे प्रारंभ हो गया। 17 मार्च से 27 मार्च तक चलने वाले अभियान मे जिला के प्रमुख नेतागण सभी शक्ति केंद्र एंव बूथों मे जा रहे है। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, महामंत्री नरेंद वर्मा, भीम वर्मा ने बूथ सशक्तिकरण अभियान के चलते ग्राम मोहतरा शक्ति केंद्र मे जाकर बूथ अध्यक्ष एंव शक्ति केंद्र के प्रभारी, संयोजक के साथ बैठक की। बैठक मे निर्णय लिया गया की बूथ की मजबूती के लिए बूथ मे 11 की समिति बनाकर सदस्यों के बीच कार्य विभाजन करना है। मतदाता सूची से प्रत्येक पेज के लिए पेज प्रमुख की नियुक्ति करने के लिए बूथ अध्यक्ष को कहा गया। बूथ के कार्यकर्ताओं का व्हाटसप ग्रुप



बैठक मे बनाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद मोदी के मन की बात को सुनने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर राष्ट्पती श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के संसद मे दिये गये अभिभाषण का वाचन किया गया। पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर बूथ की सरंचना को सशक्त बनाने के लिए सशक्तिकरण का अभियान चलाया जा रहा है। पार्टी के हर कार्यक्रम अब बूथ मे होगा, पहले चुनाव के समय बूथ के कार्यकर्ताओं को पूछा जाता था अब भाजपा बूथ के कार्यकर्ताओं को पार्टी के प्रमुख 6 कार्यक्रम से जुड़ेगी। कार्यकर्ता पार्टी के सभी गतिविधियों से जुड़ेंगे। केन्द्र की योजनाओं का प्रचार ,प्रसार एंव क्रियान्वयन की जवाबदारी भी बूथ के कार्यकर्ता संभालेंगे। बैठक मे मोहन साहू सरपंच, रोहित साहू, पूनाराम साहू,मोती श्रीवास, दौलत सिन्हा, वीरेन्द्र लहरे, भागीरथी यदु ,लव कुमार साहू, ओमप्रकाश यादव श्रीमती ललिता साहू, मोनू पाल, गोविंद सिन्हा ,राज कुमार साहू, बलराम निषाद, गौरव यदु उपस्थित थे।

# मिशन हेल्थः कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने किया स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com




जिले की कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने सक्ती जिला मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में निर्माणाधीन भवन निर्माण तथा नव स्वीकृत कार्यों की समीक्षा की, वहीं कलेक्टर ने अस्पताल के प्रसूति वार्ड, ऑपरेशन थिएटर,ओपीडी, आईपीडी, लैब, का निरीक्षण किया। ड्यूटी में उपस्थित डॉक्टर,नर्स, वार्ड बॉय, ड्रेसर के ड्यूटी का भौतिक निरीक्षण कर कलेक्टर ने अस्पताल में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सूरज सिंह राठौर, डीपिएम अर्चना तिवारी तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक ली और नव जिले में ब्लड बैंक, एनआरसी, नव ओपीडी ,अस्पताल उन्नयन के कार्यों की समीक्षा किया,कलेक्टर ने अस्पताल में पिछले 2 महीने में 100 से अधिक महिला नसबंदी 42 सीजेरियन आपरेशन पर स्वास्थ्य विभाग का हौसला अफ्जाई किया। जिले में अप्रैल से मोतियाबिंद ऑपरेशन शुरूवात करने की पहल, फायर आडिट, सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने संबंध में कलेक्टर ने जानकारी ली। जल्द ही सक्ती अस्पताल में ओपीडी, तथा अन्य कार्यालय इकाईया जो की मातृत्व एवं शिशु अस्पताल में संचालित हो रही है उन्हे व्यवस्थित करने की पहल की समीक्षा की, ज्ञात हो कि शक्ति कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर काफी संवेदनशील है,वे शक्ति जिले में पदस्थ होने के बाद से ही निरंतर अस्पतालों का सतत निरीक्षण कर आवश्यक मार्गदर्शन देते हुए स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारियों को समय-समय पर समीक्षा बैठकों के माध्यम से अपने कार्यों के प्रति सजगता से निर्वहन करने निर्देशित कर रही हैं,जिसके परिणाम स्वरूप शक्ति जिले में स्वास्थ्य सुविधाएं दिन प्रतिदिन बेहतर होती जा रही हैं।

# आम आदमी पार्टी उतरी दिव्यांगजनों वृद्धजनों, विधवाओं, परित्यक्ता के समर्थन में

- एक दिवसीय आंदोलन में माननीय मुख्यमंत्री के नाम पर डिप्टी कलेक्टर को दिव्यांगों ने सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◂ जैजैपुर
www.dailypioneer.com




बम्हनीडीह में दिव्यांगजनों,विधवाओं एवं परित्यक्ता के 5 सूत्रीय मांग के समर्थन में आम आदमी पार्टी ने उनके धरना स्थल पर जाकर अपना समर्थन दिया। जिसमें उनकी पांच मांग दिव्यांगजनों की पेंशन राशि को 350 एवं 500 से बढ़ाकर 2500 रुपया किया जावे। दिव्यांग जनों की पेंशन पाने के लिए 2002 व 2011 की जनगणना सूची की अनिवार्यता को समाप्त किया जावे। वृद्धजनो, विधवाओं परित्यकताओ की पेंशन राशि 350 से बढ़ाकर 1500 रुपया किया जावे। वृद्ध, विधवाओं परितयकताओ की पेंशन बनाने के लिए 2002 व 2011 की जनगणना सूची की जनगणना को समाप्त किया जावे। दिव्यांगजनों को उनका दिव्यांग प्रमाण पत्र उनके ब्लॉक में प्रतिमाह बनाया जाय। इन मुद्दों को लेकर निशक्त, कमजोर लोग अपना 5 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन किए। जहां पर मुख्यमंत्री मंत्री माननीय भूपेश बघेल के नाम पर ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर विक्रांत आंचल बम्हनीडीह को सौंपा। जिसमें उन्होंने कहा कि इतने कम राशि में हम लोगों का जीवन निर्वाह के लिए आर्थिक एवं सामाजिक समस्या का सामना करना पड़ता है। क्योंकि हम लोगों की सामाजिक एवं आर्थिक स्तर को सुधारने तथा आगे बढ़ाने के लिए शासन द्वारा नियत राशि पेशन के रूप में दिया जाता है वर्तमान समय में महंगाई बढ़ने के कारण शासन द्वारा सहायता के रूप में प्राप्त राशि हमारे जीवन निर्वाह के लिए पर्याप्त नहीं है उसे बढ़ाने की मांग को लेकर आंदोलन में डटे रहे , जिन का पूर्ण रूप से समर्थन आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने खुल कर दिया। दिल्ली और पंजाब की तरह हमारे लोगों को पेंशन की राशि मिलना चाहिए। 18 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को प्रत्येक माह प्रोत्साहन राशि की रुप से 1000-1000 रूपये शासन को देना चाहिए। जो कि आम आदमी पार्टी की सरकार दिल्ली एवं पंजाब में महिलाओं के ऊपर प्रोत्साहन राशि लागू किया गया है उसी तरह छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी की सरकार आएगी तो प्रत्येक 18 से अधिक उम्र की महिलाओं को 1000 - 1000 रूपये प्रदान करेगी। अनेक वक्ताओं ने इस पेंशन एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आंदोलन में अपना वक्तव्य रखें।

# गणगौर उत्सव संभागीय अध्यक्ष उमा बंसल के नेतृत्व में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com



संभागीय अग्रवाल महिला समिति बिलासपुर द्वारा श्री श्याम मंदिर के पावन परिसर में आयोजित गणगौर उत्सव में महिलाओं ने बहुत ही उत्साह से भाग लिया,गणगौर के गीत और नृत्य की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां सामने आई सचमुच अपने समाज में ढेर सारी प्रतिभा दबी पड़ी है,सिर्फ सामने आने के लिए मौका इस कार्यक्रम में रेनू अग्रवाल पूर्व महापौर कोरबा के मुख्य अतिथि और सत्यभामा गोयल पेंड्रा, सत्यभामा अग्रवाल जमनीपाली, मौसम मित्तल चांपा, रश्मि अग्रवाल, चांपा के विशिष्ट आतिथ्य में उमा बंसल अध्यक्षा संभागीय अग्रवाल महिला समिति बिलासपुर के नेतृत्व में समारोह का शुभारंभ गणेश वंदना से किया गया, स्वागत गीत, गणपति वंदना नृत्य के साथ, और फिर एक से बढ़कर एक राजस्थानी नृत्य (गणगौर) की प्रस्तुति और इन सबके बीच गोरा इस्सर की सर्वश्रेष्ठ जोड़ी की प्रतियोगिता बहुत ही अच्छी रही, निस्वार्थ समाज सेवा में तत्पर सदस्यों का स्वागत सम्मान पुष्प कुछ और सर्टिफ़िकेट देकर किया गया, और फिर 1 महीने से चली आ रही प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण किया गया, कार्यक्रम को सफल बनाने में समता ऊंचानिया लीना अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, प्रिया गुप्ता, रिंकू गुप्ता, सुनीता अग्रवाल,गिरजा सुल्तानिया, मनीषा अग्रवाल, प्रीति मोदी, नीतू अग्रवाल, रेनू मोदी, अनीता सिंघल, सुमन केडिया, कांता अग्रवाल, उर्मिला डीडवानिया, अनीता पालीवाल, संगीता अग्रवाल, आशा बुधिया, प्रेम अग्रवाल पुष्पा अग्रवाल लता अग्रवाल संतोष अग्रवाल आशा जाजोदिया, रामी अग्रवाल, विमला सोनी, उषा अग्रवाल, सहित अनेक सदस्यों का आत्मीय सहयोग मिला, सबने परस्पर सहयोग करते हुए बड़े लगन और मेहनत से पूरी आत्मीयता से कार्यक्रम को सफल बनाया, संभागीय अग्रवाल महिला समिति बिलासपुर द्वारा आयोजित गणगौर उत्सव के प्रतियोगिताओं का परिणाम में संस्कृत में मंत्र बोलो में प्रथम-कुसुम अग्रवाल पेंड्रा,द्वितीय-रिंकू अग्रवाल शक्ति द्वितीय - मोनिका अग्रवाल कोरबा द्वितीय ..शारदा अग्रवाल नैला जांजगीर, तृतीय-पुरुषोत्तम गोयल कोरबा,इसी में बच्चों का अलग से था।

# सकरेली कला में नवधा रामायण का शुभारंभ 23 से, 16 वर्षों से हो रहा है यह आयोजन

**वरिष्ठ कृषि अधिकारी रोशन लाल पटेल के मुख्य आतिथ्य में होगा शुभारंभ**

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com




शक्ति विकासखंड के जिला मुख्यालय से लगे ग्राम- सकरेली कला में नवधा रामायण का शुभारंभ सायं 7 बजे होगा, मानस गान प्रतियोगिता 1 अप्रैल को तथा सहस्त्र धारा 2 अप्रैल को होगी,सकरेली कला में नवधा रामायण का आयोजन विगत 16 वर्षो से निरन्तर हो रहा है। यहां का नवधा रामायण पूरे क्षेत्र में अपनी विशिष्ट शैली, सुमधुर गायन, वादन और साज सज्जा के विख्यात है। काफी दूर दूर से लोग गागन, वादन और कथा श्रवण के लिए पहुंचते हैं। पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बनता है, 23 मार्च को सायं 7 बजे विशिष्ट अतिथियों एवं ग्राम वासियों की उपस्थिति में रोशनलाल पटेल वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के द्वारा आयोजन का शुभारंभ किया जायेगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्या सिदार जिला पंचायत सदस्य, ममता प्रेम पटेल उपाध्यक्ष जनपद पंचायत सक्ती, केवरा गजा लाल साहू जनपद सदस्य, उत्तम लहरे सरपंच तेन्दूटोहा, संजय सिदार सरपंच बोरदा, सुरिती जायसवाल सरपंच जुड़गा, डमरू धर पटेल शिक्षक आमापाली, प्रकाश अग्रवाल सक्ती, सुशीला गबेल जांजंग, एवं मनोहर लाल पटेल सेवा निवृत्त शिक्षक उपस्थित रहेंगे, आयोजन समिति के अध्यक्ष यशवंत साहू, सरपंच डमरूधर साहू, संरक्षक रामानुज साहू, उपाध्यक्ष लोकनाथ पटेल, कोषाध्यक्ष रामप्रसाद पटेल एवं ग्राम वासी आयोजन की सफलता के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। ग्राम वासियों के द्वारा अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की गई है,सकरेली कला की अखंड नवधा रामायण पूरे प्रदेश में प्रसिद्ध है, एवं यहां नवधा रामायण में जहां राज्य के विभिन्न जिलों से मानस मंडलीया पहुंचकर अपनी प्रस्तुति देती हैं, तो वहीं पूरे कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासी एकजुट होकर इस आयोजन को सफल बनाने में तत्पर रहते हैं, साथ ही अखंड नवधा रामायण सुनने के लिए भी प्रत्येक घरों से महिलाएं, बच्चे, युवक, बुजुर्ग, रात भर इस कार्यक्रम में शामिल होते हैं, तथा सकरेली कला गांव विगत कई वर्षों से नशा मुक्ति को लेकर भी एक मिशाल बना हुआ है ।

# नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा

- फास्ट ट्रैक कोर्ट के विशेष न्यायाधीश यशवंत सारथी का निर्णय

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com



फास्ट ट्रैक कोर्ट शक्ति के विशेष न्यायाधीश यशवंत कुमार सारथी ने 13 वर्ष 8 माह की नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म के मामले में अभियुक्त के विरुद्ध आरोपित अपराध दोष सिद्ध पाए जाने पर 21 वर्षीय आरोपी को 20 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा एवं अर्थदंड से दंडित करने का निर्णय पारित किया है। विशेष लोक अभियोजक राकेश महंत ने बताया कि 13 वर्ष 8 माह की नाबालिक अभियोक्त्री को अभियुक्त प्रेम करता हूं,शादी करूंगा बोलता था, जिसे नाबालिग बालिका मना की थी। किंतु अभियुक्त नहीं मानता था और हमेशा उसके घर के पास आकर उससे प्यार करता हूं, शादी कर अपने साथ रखूंगा बोलता था। 13 फरवरी 2020 को रात में जब नाबालिग किशोरी अपने घर के अंदर अपने कमरे में अकेले सोई थी, उसके मम्मी पापा अलग कमरे में सोए थे उसी रात करीबन 12:30 बजे अभियुक्त जबरदस्ती घर अंदर नाबालिग बालिका के कमरे में आकर उसे बहला-फुसलाकर शादी करने का विश्वास देकर उसकी मर्जी के खिलाफ उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया और किसी को बताओगे तो जान से मार दूंगा बोला जिससे डर भय के कारण वह अपने माता-पिता को कुछ नहीं बताई। तब से अभियुक्त कई बार उसके घर में आकर जबरदस्ती उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया था।

# चैत नवरात्रि एवं विराट मेला महोत्सव



पायनियर संवाददाता ◂ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत भोथिया में चैत नवरात्रि एवं विराट मेला महोत्सव का आयोजन 22 से 30 मार्च 2023 तक किया जा रहा है । जिसमें की तेल ज्योति 751 घृत ज्योति 1151 मेले में सिनेमा, सर्कस, झूला, मीना बाजार का आनन्द उठाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे और मां अंबिका यक्ष के भागीदार बने हर वर्ष की भांति यहां पर चैत नवरात्रि पर्व में मां मईनकादाई मंदिर में भोथीया में आयोजन किया जाता है । जिसमें दूरदराज से लोग मां की दर्शन करने के लिए दरबार में आते हैं।

**जनपद सदस्य रामकुमार गबेल एवं गीता गबेल पहुंचे हरदी**

# डोंगिया सुलौनी वाले गबेल परिवार ने दी भाजपा नेत्री संयोगिता सिंह को जन्मदिन की बधाई

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com



जांजगीर-चांपा जिला पंचायत के पूर्व सदस्य एवं जनपद पंचायत सक्ति के सदस्य रामकुमार गबेल एवं जनपद पंचायत मालखरौदा की सदस्य गीता गाबेल ने चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम- हरदी पहुंचकर महानदी सदन में छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव एवं पूर्व ब्रेवरेज कारपोरेशन के चेयरमैन स्वर्गीय युद्धवीर सिंह जूदेव की धर्मपत्नी एवं चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र की पूर्व भाजपा प्रत्याशी संयोगिता सिंह जूदेव के जन्मदिन पर उन्हें गबेल परिवार डोंगिया सुलौनी वालो एवं पूरे क्षेत्र की तरफ से शुभकामनाएं प्रेषित की, इस दौरान जनपद सदस्य रामकुमार गबेल ने संयोगिता सिंह जूदेव को जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि उनके कुशल मार्गदर्शन में चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के कार्यकर्ता उत्साहित हैं,तथा आने वाले दिनों में भी उनके कुशल नेतृत्व में इस क्षेत्र में सभी लोग मिलजुल कर एकजुटता के साथ काम करेंगे साथ ही पूर्व में भी जूदेव परिवार ने इस क्षेत्र को बेहतर प्रतिनिधित्व दिया है, साथ ही आज जशपुर घराना भी अविभाजित मध्यप्रदेश के समय से पूरे भारत देश में राजनीतिक रूप से काफी प्रसिद्ध है, एवं इस घराने ने राजनीति में जहां लंबी सेवाएं दी हैं तो वही अपनी एक अलग पहचान भी बनाई है, इस अवसर पर रामकुमार गबेल एवं गीता गबेल ने उनके दीर्घायु जीवन तथा उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही विभिन्न राजनीतिक विषयों पर भी चर्चा की, इस अवसर पर शक्ति विकासखंड के नितेश कुमार गबेल वर्मा ने भी संयोगिता सिंह जूदेव को जन्मदिन की बधाई दी साथ ही संयोगिता सिंह जूदेव ने भी गबेल परिवार की इस आत्मीयता पर अभिवादन करते हुए कहा कि वे सदैव इस क्षेत्र में पहले भी अपने स्वर्गीय पति के माध्यम से उनके साथ ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर सेवाएं करती थी, तथा आगे भी वे इसी क्षेत्र में रहकर इस क्षेत्र की बेटी की हैसियत से कार्य करेंगी तथा आप सभी की आत्मीयता एवं सहयोग इसी तरह मिलता रहे ऐसा मैं विश्वास करती हूं, वही संयोगिता सिंह जूदेव को 20 मार्च को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के लिए लोगों का तांता लगा रहाएवं लोगों ने विभिन्न माध्यमों से संयोगिता सिंह को जन्मदिन की बधाई दी।

# पुलिस प्रशासन ने अभिव्यक्ति ऐप पर किया सामुदायिक भवन में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

## कलेक्टर, एसपी सहित जनप्रतिनिधि एवं पुलिस अधिकारी रहे मौजूद

- शक्ति जिले में 18300 लोगों ने किया अभिव्यक्ति ऐप डाउनलोड, 130 लोगों ने कराई शिकायत दर्ज

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा प्रत्येक थाना क्षेत्रों में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे अभिव्यक्ति ऐप पर शक्ति जिला पुलिस प्रशासन एवं शक्ति पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन शक्ति के सामुदायिक भवन में किया गया, इस कार्यक्रम में जहां शक्ति जिले की जिलाधीश आईएएस नूपुर राशि पन्ना,जिला पुलिस अधीक्षक आईपीएस एम आर आहिरे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गायत्री सिंह, नगर पालिका शक्ति की अध्यक्ष सुषमा दादू जायसवाल, शक्ति थाना टीआई प्रवीण सिंह राजपूत सहित अधिकारी/कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे तो वही जिले के विभिन्न स्थानों से लगभग 500 की संख्या में महिलाएं भी उपस्थित रहे कार्यक्रम में अभिव्यक्ति ऐप को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा चलाए गए जन जागरूकता कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई,साथ ही उक्त कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अहिरे द्वारा वर्तमान परिपेक्ष में महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों के संबंध में जानकारी दी, इसके साथ ही उनके द्वारा बताए गए कि महिलाओं के कानूनी अधिकार क्या है उनके विरुद्ध होने वाले विभिन्न अपराधों से सुरक्षा हेतु उन्हें जागरूक और सजग रहना चाहिए, पुलिस अधीक्षक एम आर आहिरे द्वारा विभिन्न कानूनों जैसे घरेलू हिंसा, छेड़खानी, लैंगिक उत्पीड़न, साइबर अपराध, मानव तस्करी, टोनही निवारण नशा मुक्ति, महिलाओं को प्राप्त मूल अधिकारों एवं बाल विवाह दहेज प्रताड़ना आदि विषयों पर सिलसिलेवार जानकारी दी,कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने बताया कि किसी भी स्मार्ट फोन में प्ले स्टोर में जाकर अभिव्यक्ति ऐप डाउनलोड किया जा सकता है,अभिव्यक्ति ऐप के माध्यम से कोई भी महिला उसके विरुद्ध होने वाले किसी भी प्रकार के अपराध के संबंध में अपने मोबाइल से बिना थाना जाए ही शिकायत दर्ज करा सकती है।

# नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◂ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले 01 आरोपी को चांपा पुलिस ने किया गिरफ्तार। आरोपी द्वारा अनुकंपा नियुक्ति पर नौकरी लगाने के नाम से वर्ष 2022 में रू. 280000 की धोखाधड़ी की थी। आरोपी रीना चावरिया उम्र 49 वर्ष निवासी बेलदार पारा चांपा को न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। आरोपी के विरूद्ध थाना चांपा में अपराध पंजीबद्ध। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार हैं कि प्रार्थी शेरा सोनवानी निवासी बेलदार पारा चांपा द्वारा थाना चांपा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि रीना चावरिया उम्र 49 वर्ष निवासी बेलदार पारा चांपा द्वारा नगर पालिका चांपा में प्रार्थी के पिता मृतक स्व. चन्द्रशेखर सोनवानी की जगह पर अनुकंपा नियुक्ति पर नौकरी लगाने के नाम पर वर्ष 2022 में प्रार्थी से 280000 रूपये लिया था। प्रार्थी द्वारा नौकरी नहीं लगने पर पैसे कीमांग करने पर महिला आरोपी द्वारा पैसा वापस नहीं की। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध थाना चांपा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी रीना चावरिया उम्र 49 वर्ष निवासी बेलदार पारा चांपा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। आरोपी को गिरफ्तार करने में निरीक्षक मनीष सिंह परिहार, म.प्र.आर. सरस्वती जांगड़े एवं थाना चांपा स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**शक्ति जिले के मां चंद्रहासिनी देवी चंद्रपुर, मां अष्टभुजी देवी अड़भार, माँ महामाई देवी शक्ति , मां भीमेश्वरी देवी बेरी वाला मंदिर**

# शक्ति सहित देवी मंदिरों में भी होगी नवरात्र पर विशेष पूजा- अर्चना

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com






22 मार्च से प्रारंभ हो रहे नवरात्रि एवं हिंदू नववर्ष को लेकर पूरे छत्तीसगढ़ में तैयारियां जोरों से चल रही है, राज्य के देवी शक्तिपीठों में जहां नवरात्रि पर विशेष पूजा-अर्चना एवं मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित होंगे तो वही देवी मंदिरों को सजाया जा रहा है, शक्ति जिले के भी महानदी के तट पर स्थित मां चंद्रहासिनी देवी की नगरी चंद्रपुर, अड़भार की मां अष्टभुजी देवी, शक्ति शहर की मां महामाई दाई, मां भीमेश्वरी देवी बेरी वाला मंदिर,डोंगरगढ़ की मां बमलेश्वरी देवी मंदिर, रतनपुर स्थित मां महामाया देवी मंदिर सहित मंदिरों में नवरात्र की तैयारियां जोरों से चल रही है,चंद्रपुर में स्थित चंद्रहासिनी देवी मंदिर में माँ चन्द्रहासिनी बाराही रूप में पूजी जाती है। इस संदर्भ में कथा है कि महाराज दक्ष के यज्ञ में भगवान शंकर के अपमान से कुपित देवी सती ने यज्ञ कुंड में कूद कर अपनी जान दे दीजिसके पश्चात उस बिछोह से व्यथित भगवान शंकर देवी सती के निष्प्राण शरीर को कंधे पे ले भटकने लगे जिसे भगवान विष्णु ने चक्र से विच्छेद कर दिया । जिस क्रम में देवी सती के शरीर का जो अंग जिस जगह गिरा वहा शक्ति पीठ की स्थापना हुई। मान्यता है कि देवी सती का अधोदन्त (दाढ़) चंद्रपुर में गिरा जिस से यह स्थान भी शक्ति पीठ के रूप में मान्य है। ÷दसनामी साधु परम्परा के श्री करपात्री जी महाराज ने भी इस बात की पुष्टि और इस प्रसंग का वर्णनन कल्याण पत्रिका में अपने एक आलेख में किया है। अपने चन्द्रपुर भ्रमण के दौरान भी इस विषय की जानकारी उन्होंने भक्त जनो को अपने सम्बोधन के द्वारा दी,चंद्रपुर स्थिति देवी मंदिर में प्रत्येक वर्ष देवी के पावन चैत्र नवरात्र के समीप आते ही भक्तो का तांता मंदिर दर्शन को लगने लगता है। लोगों की आवाजाही और भीड़ को मंदिर के मुख्य द्वार, नगर की गली, सड़को पर देखा जाने लगता है। ऐसे में आने वाले दर्शनार्थियों को ध्यान में रख मंदिर की साफ़सफई व दर्शनार्थियों की सुविधा की दृष्टि से मंदिर परिसर के साथ मंदिर के आसपास में पेयजल आदि की व्यवस्था दुरुस्त की जाती है। वही स्थानीय प्रशासन - पुलिस, राजस्व, नगर निकाय, बिजली, स्वास्थ्य विभाग के साथ तालमेल कर दर्शनार्थियों की सुरक्षा- सुविधा को भी उचित व्यवस्था करते है। इस वर्ष चैत्र नवरात्र पर आस्था के जोत रूपी लगभग 14000 से अधिक तेल ज्योत कलश जलने की संभावना है।,इस वर्ष चैत्र नवरात्र 22 मार्च को नवरात्र पर्व के प्रथम दिवस प्रातः भव्य कलश यात्रा ढोल बाजे के के साथ निकाल कर विधिवत पुजा अर्चना कर नवरात्र पे देवी आराधना आरम्भ की जायेगी। जैसा की नवरात्र पर्व के पहले दिन से ही भारी संख्या में दर्शनार्थी पहुचने लगते है जो नवरात्र के अंतिम दिनों में प्रती दिवस लाखो की संख्या में रहती है। दिनों दिन दर्शनार्थियों की संख्या बढ़ती रहतीं है, यह संख्या शासकीय छुट्टी होने वाले दिवस में दर्शनार्थियों की संख्या में और भी बढ़ोतरी होने की संभावना है। यहां नवरात्रि के साथ वर्ष भर सुदूर क्षेत्रो से अधिकारियो, नेताओं समेत आमजन का दर्शन लाभ को आना होता है। साथ ही हजारों की संख्या में पदयात्री समिति के लोग डभरा, सक्ती, रायगढ़ से यहा पहुंचते है।

# श्री दिनेश कश्यप निधन



**सक्ति।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जांजगीर-चांपा जिले के पूर्व जिला उपाध्यक्ष संजय कश्यप वार्ड क्रमांक- 16 झुलकदम रोड शक्ति के पूज्य पिता दिनेश कश्यप (सेवानिवृत्त स्वास्थ्य कर्मचारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शक्ति) का 21 मार्च 2023 को सुबह 4:00 बजे आकस्मिक निधन हो गया है,जिनका अंतिम संस्कार 21 मार्च 2023 दिन-मंगलवार को स्थानीय सार्वजनिक मुक्तिधाम बाराद्वार रोड शक्ति में हुआ, अंतिम संस्कार यात्रा निवास वार्ड क्रमांक- 11 जुलकदम रोड शक्ति से निकली, कश्यप के निधन पर लोगों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है तथा उनके अंतिम संस्कार यात्रा में भी काफी संख्या में शहरवासी शामिल हुऐ।

# किशोरावस्था जीवन का महतवपूर्ण पड़ाव है, स्वास्थ्य का रखें ध्यानः सीएमएचओ





पायनियर संवाददाता मनोरा
www.dailypioneer.com

जशपुर जिले के मनोरा ब्लॉक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अयोजित राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम में लगभग 300 किशोर एवं किशोरियों और माता पिता उपस्थित हुए। कार्यक्रम में स्वास्थ्य संबंधित जानकारियां दी गयी। सीएमएचओ रंजीत टोप्पो ने कहाँ की आपके जीवन का एक बहुत ही महतवपूर्ण पड़ाव है। अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने कि जरूरत है। गैर संचारी रोग, मानसिक स्वास्थ्य, नशीले पदार्थों के दुष्परिणाम और बचाव के तरीके के विषय पर भी जानकारी दी। इसके अलावा - किशोरा अवस्था में होने वाले परिवर्तन, खान-पान, एनीमिया एवं अन्य बीमारियों की जानकारी एवं उससे बचने के उपाय के बारे में भी बताया गया। साथ ही पीअर एडुकेटर को उनकी भूमिका एवं महत्व से अवगत कराते हुए प्रोत्साहान लेटर दिया गया।

**कार्यक्रम में मौजूद रहे**

सीएमएचओ रंजीत टोप्पो, आईसीडीएस से नीलिमा कुजूर, पीरामल टीम के प्रोग्राम लीडर मोनिस फैज, साथी दीक्षा मिश्रा, सत्य प्रकाश पाल ,निपुन नयन द्वबीपीएमद्वआनंद लकड़ा और द्वबीएमओद्वरोशन बरियार, अनिल भगेल कार्य में मौजूद हैं। किशोरावस्था जीवन का महतवपूर्ण पड़ाव है, स्वास्थ्य का रखें ध्यान। -सीएमएचओ रंजीत टोप्पो।

## बागबाहरा की छात्रा ईश्वरी निषाद ने 200मीटर रेस में जीता स्वर्ण



**बागबाहरा।** फॉर्च्यूनफाउंडेशन नेत्रहीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कर्मापटपर बागबाहरा की छात्रा ईश्वरी निषाद 16 से 20 मार्च तक पुणे में संपन्न 21 वां राष्ट्रीय परलंपिक एथलेटिक चैंपियनशिप में 200मीटर रेस में स्वर्ण जीतकर वापसी आते दुर्ग में डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही,ग्रीन केयर सोसाइटी इंडिया द्वारा धूमधाम से स्वागत पुष्पमाला,मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया तथा शमी का पौधा भेंट कर ईश्वरी के सुखद भविष्य एवं उत्तरोत्तर विजय की कामना की । इस कड़ी में डॉ पाणिग्राही ने इस प्रतिभावान खिलाड़ी को शासकीय सेवा में नियुक्ति प्रदान करने की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मांग की है ।

# मास्टरशेफ के फिनाले में टॉप 6 होम कुक्स बनाएंगे लजीज बिरयानी

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com





सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव के मास्टरशेफ इंडिया के फिनाले के सफर में टॉप 6 होम कुक्स को एक लज़ीज़ बिरयानी बनाने का काम सौंपा जाएगा, जिसके बाद एक दिलचस्प ड्रिंक्स चैलेंज होगा। जजों एवं शेफ्स-रणवीर बरार, गरिमा अरोड़ा और विकास खन्ना को प्रभावित करते हुए होम कुक्स के लिए यह मुकाबला और कड़ा हो जाएगा क्योंकि वे सभी अब शेफ के गोल्डन कोट और मास्टरशेफ इंडिया की प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीतने के और करीब आ चुके हैं। चैलेंज की शुरुआत में होम कुक सुवर्णा बागुल को बिरयानी के लिए सामग्री के रूप में मटन मिलेगा। उनकी बनाई बिरयानी शेफ रणवीर बरार को बहुत पसंद आई और वो कहते हैं, ÷ये बिरयानी मैं पूरी थाली खा सकता हूं।÷ मसालों वाली बिरयानी के बाद, दूसरे चैलेंज में होम कुक्स को दही से स्मूदी बनाना होगा और होम कुक नयनज्योति की शानदार तुलसी-युक्त स्ट्रॉबेरी स्मूदी ने जजों की जुबान पर स्वाद की मिठास घोल देगी। बिरयानी के लिए अपने प्यार और इन चैलेंजेस के बारे में बात करते हुए शेफ रणवीर बरार ने कहा, बिरयानी पकाने में समय लगता है क्योंकि इसमें मीट के जूस को चावल के साथ अच्छी तरह से मिलाना पड़ता है। होम कुक्स द्वारा बिरयानी बनाना शुरू करने से पहले, मैंने उन्हें 3 टी को ध्यान में रखने के लिए कहा - टेंपरेचर, टेक्नीक और ट्रस्ट (तापमान, तकनीक और विश्वास)। सुवर्णा की बिरयानी से मुझे सुकून मिला और इसने मुझे घर की याद दिला दी। उन्होंने हमसे यह भी बताया कि कैसे वो हर दूसरे रविवार, अपने परिवार और दोस्तों के लिए बिरयानी बनाती हैं, और वो गेट टुगेदर करते हैं। सुवर्णा जी की थाली में साथ मिलकर भोजन का आनंद लेने की भावना थी। इतना ही नहीं, नयनज्योति जब स्मूदी बना रही थीं, तब मैं उनके प्रेज़ेंस ऑफ माइंड और उनके खोजी तरीकों से बहुत प्रभावित हुआ।

# विधानसभा अध्यक्ष महंत ने चैत्र नवरात्र पर प्रदेशवासियों को दी बधाई



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने चैत्र नवरात्र के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, नवरात्रि मां दुर्गा की शक्ति आराधना का पर्व है। विस अध्यक्ष डॉ महंत ने कहा कि, छत्तीसगढ़ देवी पूज्य भूमि है, डोंगरगढ़ माँ बम्लेश्वरी, बिलासपुर रतनपुर माँ महामाया, रायगढ़ चंद्रपुर माँ चन्द्रहासनी, बस्तर दंतेवाड़ा माँ दंतेश्वरी, कोरबा माँ मड़वारानी, धमतरी माँ अंगारा मोती, रायपुर माँ बंजारी, माँ महामाया सहित अनेक देवी मंदिर की असीम कृपा से प्रदेश में सुख शांति समृद्धि व्याप्त है।

विस अध्यक्ष डॉ महंत ने कहा कि, माँ दुर्गा पूजा के शुभारंभ से ही जनमानस में हर कोई भक्ति, आराधना, पूजा पाठ, ज्योत, जंवारा, माता जसगीत, भजन, भंडारा कर अपनी श्रद्धा भक्ति व्यक्त करते हैं। हर साल नवरात्रि के साथ एक नए जोश का आगाज होता है। विस अध्यक्ष डॉ महंत ने कहा कि, मैं आप सभी प्रदेशवासियों को हिन्दू नववर्ष, नवरात्रि पर्व की बधाई शुभकामनाएं देता हूँ। जगत जननी माँ नवदुर्गा जी से आपके परिवार में सुख समृद्धि की मंगल कामना करता हूँ।

# सखी वन स्टॉप सेंटर के 6 वर्ष हुए पूरे,1212 प्रकरण किये गये दर्ज 1161 का हुआ निराकरण

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com





विपत्ति ग्रस्त महिलाओं को आपातकालीन सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से सखी वन स्टॉप सेंटर का संचालन जिले में 10 मार्च 2017 से निरंतर किया जा रहा है। 'सखी' वन स्टॉप सेंटर का मुख्य उद्देश्य सभी आयु वर्ग की महिलाओं को घर के भीतर व बाहर घरेलू हिंसा, लैंगिक हिंसा, टोनही प्रताड़ना, आदि जैसे अपराधो के विरूद्ध एक ही छत के नीचे सलाह, संरक्षण व मार्गदर्शन प्रदान करना है। सखी वन स्टॉप केन्द्र 24 घंटे 7 दिन निरंतर सेवा हेतु तत्पर है। केन्द्र द्वारा पीड़ित महिलाओं को आवश्यकतानुसार चिकित्सकीय परामर्श,काउंसलिंग, विधिक सहायता, पुलिस सहायता एवं आश्रय प्रदान किया जाता है। केन्द्र प्रशासक कु तुलिका परगनिहा ने जानकारी देते हुए बताया कि सखी वन स्टॉप सेंटर में फरवरी 2023 तक 1212 प्रकरण दर्ज किया गया है, जिसमें 1161 प्रकरण निराकृत कर 51 प्रकरण लंबित है, वर्तमान तक 478 पीड़िताओं को आश्रय सुविधा, 183 पुलिस सुविधा, 272 चिकित्सा सुविधा, 94 विधिक सुविधा उपलब्ध करवाया जा चुका है। वर्तमान तक 602 काउंसलिंग किया गया है, जिसमें से कई प्रकरणों में काउंसलिंग कर घरेलु विवाद से अलग हुए पति-पत्नि को एक किये जाने में सखी सेंटर की अहम भुमिका रही है एवं 52 भटकती अवस्था में मिली महिलाओं से 45 को उनके परिजन से मिलवाया गया अन्य महिलाएँ/बलिकाएँ को अन्य आश्रय गृह आश्रय हेतु भेजा गया। सखी वन स्टॉप सेंटर में सबसे अधिक दर्ज होने वाले प्रकरण घरेलु हिंसा से संबंधित है, जो कि 532 है, जिनमें से 359 पीड़िताओं को काउंसलिंग सुविधा उपलब्ध करवाया गया है एवं 65 पीड़िताओं को आश्रय सुविधा उपलब्ध करवाया गया है। सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा मानसिक विक्षिप्ता से संबंधित 30 प्रकरण दर्ज किये गये है, जिनमें से 15 को चिकित्सकीय ईलाज हेतु राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी, बिलासपुर भेजा गया एवं अन्य पीड़िताओं को जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार से परिक्षण करवाकर उनके परिजन के सुपुर्द करवाया गया। विगत 6 वर्षो से केन्द्र प्रशासक कु तुलिका परगनिहा, परामर्शदाताकविता वर्मा, केस वर्कर ज्योति तांडी, तमन्ना जांग?, नीलम साहू, चंचल शर्मा, आई.टी.वर्कर सोनचंद घृतलहरे, बहुद्देशीय कार्यकर्ता पांचो साहु, अंजु पटेल, विद्या साहु एवं दिव्या कैवर्त्य सखी सेंटर में अपनी सेवाएं दे रही है। पीड़ित महिलाएं सखी वन स्टॉप सेंटर से संपर्क न. 7089383268 एवं महिला हेल्पलाइन 181(टोल फ्री नं ) के माध्यम से संपर्क कर सकती है। सखी वन स्टॉप सेंटर अपने उद्देश्यों को पूरा करने में सफल रही है एवं पीड़ित महिलाओं के लिए एक वरदान बनकर सामने आ रही है।

**कलेक्टर ने दी बधाई**

कलेक्टर रजत बंसल ने सखी सेंटर के 6 वर्ष पूरे होने पर सखी सेंटर के सभी कर्मचारियों को बधाई दिए है। उन्होंने कहा आप सभी इसी तरह पूरी लगन एवं मेहनत के साथ कार्य करते है। इसी तरह महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कार्यक्रम अधिकारी एल आर कच्छप ने भी सखी सेंटर के 6 वर्ष होने पर शुभकामनाएं संदेश प्रेषित किए है।

## लंबे समय से अनुपस्थित शिक्षक ( पंचायत) की सेवा समाप्त

**बलौदाबाजार।** जिले के भाटापारा विकासखंड अंतर्गत शासकीय. पू.मा.क.शाला. देवरी में पदस्थ शिक्षक पंचायत मैगदलीन अंथोनी को लंबे समय से अनुपस्थित रहनें के चलते उनकी सेवा समाप्त कर दी गयी है। इस हेतु जिला पंचायत सीईओ हरिशंकर चौहान ने आज आदेश जारी कर दिया है। उक्त कार्रवाई मैंगदलीन अंथोनी द्वारा पूर्व नोटिस के जवाब में प्रस्तुत स्पष्टीकरण संतोषप्रद नही पाये जाने के कारण सामान्य प्रषासन समिति की बैठक 14 दिसंबर .2022 में उनकी अनाधिकृत अनुपस्थिति व अनुशासनहीनता के कारण सेवा समाप्ति हेतु लिये गये निर्णय के आधार पर छ.ग. पंचायत सेवा (अनुषासन तथा अपील) नियम, 1999 के भाग-तीन के नियम-5 (ख) एवं छत्तीसगढ़ शिक्षक (पंचायत) संवर्ग (भर्ती तथा सेवा की शर्ते) नियम 2012 के नियम 10 व 11 के तहत उनकी शिक्षक (पंचायत) पद से सेवा समाप्त की गयी है।

# छात्र संगठन की मांग पर अंबुजा सीमेंट प्रबंधन ने पुनः बस सेवा प्रारंभ की

## एनएसयूआई की बड़ी जीत

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com





भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एन.एस.यू.आई.) बलौदाबाजार विधानसभा अध्यक्ष सूर्यकांत वर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महाविद्यालय के विद्यार्थीयों द्वारा बार-बार कोराना काल से बंद अंबुजा सीमेंट द्वारा संचालित बस सेवा को प्रारंभ करने हेतु अंबुजा प्रबंधन को आवेदन दिया गया। परंतु विलम्ब होने की स्थिति में स्थानीय जनप्रतिनिधियों से मिलकर भी बस सेवा प्रारंभ करने की मांग की गई तत्पष्चात् प्रदेष के मुखिया माननीय भूपेष बघेल जी मुख्यमंत्री छ.ग. षासन से मिलकर उक्त मांग को प्रमुखता से उठाया गया। उनके द्वारा छात्रहित को ध्यान में रखते हुए तत्काल उक्त विशय को संज्ञान में लेकर त्वरित बस सेवा प्रारंभ करने हेतु संबंधित संचालक मंडल को आदेषित किया गया तत्पष्चात बस सेवा प्रारंभ करने हेतु अंबुजा प्रबंधन द्वारा हरी झण्डी दे दी गई। एन.एस.यु.आई. की इस बड़ी जीत के लिए विधानसभा अध्यक्ष ने पूरे छात्र संगठन की ओर से प्रदेष के मुखिया, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अंबुजा सीमेंट प्रबंधन को धन्यवाद ज्ञापित किया। वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि अर्जुनी-रवान-कुकुरदी बंजर से होते हुए बस आवष्यतानुसार एक दिन में दो फेरों के साथ प्रारंभ हो चुकी है, जिसमें लगभग 250 से 300 महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएँ जो कि गरीब एवं मध्यम वर्ग से आते हैं उनको आर्थिक परेषानियों से निजाद मिला है। धन्यवाद ज्ञापन करन सेन, जनेन्द्र नायक, लोकेष ध्रुव, राहुल नेगी, निकुल सिन्हा, गिपीका साहू, योगेष्वरी वर्मा, मनीशा ध्रुव, मुस्कान वर्मा, किषन वर्मा, राजा वर्मा, रष्मी षर्मा, संजय गेंडरे, सूरज वर्मा, जय ठाकुर, काजल घृतलहरे, दुर्गेष्वरी, अनामिका पांडे, वर्शा कनौजे, तोहंसा रानी, भारती वर्मा, वंदना सेन द्वारा किया गया।

# 10 लाख के 2 ईनामी नक्सली गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता कांकेर
www.dailypioneer.com



नक्सल उन्मुलन अभियान के तहत सुन्दरराज पी.(भा.पु.से.) पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज जगदलपुर, इंद्राज सिंह महानिरीक्षक बीएसएफ फ्रंटियर हेडक्वाटर भिलाई, बालाजी राव.(भा.पु.से.) पुलिस उप महानिरीक्षक कांकेर रेंज कांकेर, संजय शर्मा उप महानिरीक्षक बीएसएफ सेक्टर हेडक्वाटर सिंगारभाट कांकेर के मार्गदर्शन, शलभ कुमार सिन्हा (भा.पु.से.) पुलिस अधीक्षक कांकेर के निर्देशन, नवल सिंह सेनानी 135वी वाहिंनी बीएसएस अंतागढ़, उदय प्रताप सिंह चौहान सेनानी 162वीं वाहिंनी बीएसएफ फुलपाड़, खोमन सिन्हा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतागढ़, अविनाश ठाकुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कांकेर, अमरनाथ सिदार अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अंतागढ़, अविनाश ठाकुर उप पुलिस अधीक्षक डीआरजी/नक्स.ऑप्स कांकेर के पर्यवेक्षण में दिनांक 06.02.2023 को 162 वीं वाहिनी बीएसएफ कैम्प रावघाट से अनिल कुमार टूआईसी ऑप्स एवं 135 वीं वाहिनी बीएसएफ कैम्प अर्रा से प्रदीप कुमार झा एसी के हमराह बीएसएफ डीईएफ का संयुक्त बल संयुक्त एग्रेसिव ऑप्स प्लान के तहत थाना रावघाट, आमाबेड़ा क्षेत्रांतर्गत ग्राम मसपुर, किलेनार, मण्डानार, तमोरा, भुमकीपारा की ओर नक्सल गस्त/सर्चिंग पर रवाना हुये थे। नक्सल गस्त/सर्चिंग के दौरान थाना आमाबेड़ा क्षेत्रांतर्गत ग्राम मण्डानार के पहाड़ी जंगल में दो संदिग्ध व्यक्ति घुम रहे थे, जिन्हे आवाज देने पर सुरक्षा बलों को देखकर अपने साथ रखे पिट्ठु(झोला) को लेकर भागने लगे। सुरक्षा बलों द्वारा घेराबंदी कर 02 संदिग्ध व्यक्ति को पकड़कर बारिकी से पुछताछ करने पर अपना नाम क्रमशः (01) भीमा पोड़ीयाम उर्फ अनिल उर्फ लखमु पिता सन्नु पोड़ीयाम उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम घोट पंचायत दुंगा थाना तहसील ओरछा जिला नारायणपुर प्रतिबंधित नक्सली संगठन में वर्ष 2006 से सक्रिय सदस्य के रूप में कार्य करना बताया साथ ही वर्तमान में जिला कांकेर में नक्सलियों के सक्रिय उत्तर बस्तर डिवीजन अंतर्गत किसकोड़ो एरिया कमेटी के प्लाटून नम्बर-17 कमाण्डर होना बताया। (02) हिरदेश कुमेटी पिता दस्सु राम कुमेटी उम्र 20 वर्ष निवासी मलमेटा थाना ताड़ोकी जिला कांकेर वर्तमान में नक्सलियों की किसकोड़ो एरिया कमेटी अंतर्गत प्लाटून नम्बर-17 में सक्रिय सदस्य के रूप में कार्य करना बताया।

**कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, रायपुर परिक्षेत्र रायपुर**

**// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से प्रपत्र ''ए'' में प्रतिशत दर पर अनुबंध हेतु निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | निविदा क्रं. / दिनांक | सिस्टम नं. | निविदा आमंत्रण | योजना का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | पंजीकृत ठेकेदार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 154/17.03.2023 | 128051 | प्रथम | खरोरा आवर्धन जल प्रदाय योजना जलवितरण प्रणाली कार्य हेतु | 977.10 | ब एवं उच्च |

**Schedule of Date** - Date of calling NIT-17-03-2023, Bid Start Date - 23-03-2023, Pre Bid date - 28-03-2023 Bid Due Date - 08-04-2023, PHY Sub Date - 12-04-2023, Open Date - 13-04-2023

**नोट :-** उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तों, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 22.03.2023 से देखी जा सकती है।

G-99435/7

मुख्य अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
रायपुर परिक्षेत्र रायपुर

# साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था ऋचा का वार्षिक आयोजन

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था ऋचा का वार्षिक आयोजन व स्थापना दिवस वृंदावन सभागार में 19/3/23 को संपन्न हुआ, सचिव नीता श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की रूपरेखा पेश की । संरक्षक कल्पना यदु, ब्रिगेडियर प्रदीप यदु,मंजु यदुजी अध्यक्ष लतिका भावे द्वारा माँ सरस्वती, स्व शांति यदु को माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन कर विधिवत उद्घाटन संपन्न हुआ, डॉ चितरंजन कर द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। वार्षिक प्रतिवेदन का पठन मीना शर्मा ने किया । अपनी ज़मीं अपना आसमान पैदा कर, तू अपने लिये एक इतिहास पैदा कर, मांगने से कब मिली हैं खुशियाँ किसी को, तू अपने हर कदम पर विश्वास पैदा कर शायद इसी जज़्बे को लेकर शांति जी ने ऋचा का बीज बोया था, जो विशाल वृक्ष में तब्दील हो गया है, साहित्यकारों की कलम और सांस्कृतिक गतिविधियों से यह पल्लवित और पोषित हो रहा है, पुनीत आत्माओं के कर्म ही कहानी बनकर उनकी पुण्य स्मृति में सहेज लिये जाते है, इसी श्रृंखला में ब्रिगेडियर प्रदीप यदु के द्वारा शांति यदु जी के कार्यकाल से लेकर वर्तमान कार्यों का ब्यौरा देते हुए वृत्तचित्र दिखाया गया । स्व इंदु रावल जी की स्मृति में इंदुप्रभा सम्मान आद कल्पना यदु को प्रदान किया गया, वर्षा रावल की माताश्री के नाम से यह सम्मान हर वर्ष दिये जाने की घोषणा रावल परिवार द्वारा की गई। तत्पश्चात अनिल श्रीवास्तव की उम्दा पंक्तियों के साथ संचालन से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की ऐसी बयार चली,उनकी विविधताओं में दर्शक झूम उठे। डॉ चितरंजन ने गीत,गज़ल,लतिका ने ऋचा की ऋचाओं पर गीत,ब्रिगेडियर प्रदीप यदु ने मधुबन में राधिका, ऐषिता भावे का गान, डागर जी की होली टाइटिल,साधना का गीत, वर्षा का गीत, प्रज्ञा की गज़ल और रूपेन्द्र के तबले की थाप ने सबों को आत्मविभोर कर दिया वहीं दीपाली के भावपूर्ण नृत्य,नीलिमा के नारी उत्पीड़न पर एकल अभिनय ने आँखें नम कर दी।परेश जी की सधी आवाज़ में जगजीत सिंह की गज़ल और धर्मेंद्र रावल की रूहानी आवाज़ में रफी साहब के गानों से श्रोता मंत्रमुग्ध हो जडवत हो गये । अंत में कल्पना यदु ने अपने चिर-परिचित अंदाज में आभार प्रेषित कर धन्यवाद ज्ञापित किया तो लगा अतीत की वो आवाज़ पुनः आकाशवाणी से सुनी जा रही हो ।

# नगर के प्रमुख चौक-चौराहों व मुख्य मार्गों में की जा रही रात्रिकालीन सफाई

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



नगर को साफएवं स्वच्छ रखने के साथ ही नगर की आम जनता को स्वच्छ वातावरण मिल सके इसी उद्देश्य को पूर्ण किय जाने नगर पालिका द्वारा स्वच्छ भारत मिशन योजना के अंतर्गत नगर के प्रमुख चौक-चौराहो व मुख्य मार्गो में रात्रिकालीन सफाई का कार्य निरंतर किया जा रहा है। उक्त सफाई कार्यो के निरीक्षण नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल के द्वारा किया गया। साथ ही कार्य के अनुरूप नगरवासियों को साफसुथरा परिवेश मिलना चाहिए। नाईट स्वीपींग के लिये नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी निरंतर प्रयासरत है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी यमन देवांगन के निर्देशानुसार नगर के प्रमुख क्षेत्रों को चिन्हांकित कर स्वच्छता विभाग के द्वारा सफाई का कार्य नाईट स्वीपींग कराया जा रहा है। स्थानी अम्बेडकर चौक, नया बस स्टैण्ड, बजरंग चौक, गार्डन चौक, नेहरू चौक एवं गांधी चौक में रात्रिकालीन सफाई का कार्य के साथ ही मुख्य मार्ग में झाड़ू लगाने एवं कचरा उठाने का कार्य सफाई कामगारों के द्वारा किया जा रहा है। स्वच्छता निरीक्षक मनोज कश्यप सहित सफाई प्रभारियों के देख-रेख में चौक-चौराहों की सफाई का कार्य निरंतर किया जा रहा है। उक्त कार्य के प्रति जन सामान्य में नगर पालिका के नाईट स्वीपिंग कार्य पर संतुष्टि व्यक्त की गयी है।

**सार्वजनिक घोषणा**
**आईबीसी, 2016 के तहत बिक्री सूचना**
**अन्नपूर्णा मैलिएबल्स प्राइवेट लिमिटेड (परिसमापन में)**

पंजी. कार्यालय : 19, इंडस्ट्रियल एरिया सरोरा रिंग रोड नंबर 2
रायपुर सीटी 493221
सीआईएन : U27310CT1982PTC001913

भारतीय दिवाला और ऋणशोध अक्षमता बोर्ड (परिसमापन प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 32 के अनुसरण में, एतद्द्वारा सार्वजनिक घोषणा के माध्यम से अन्नपूर्णा मैलिएबल्स प्राइवेट लिमिटेड (परिसमापन में) की नीलामी बिक्री के संबंध में बोली प्रस्तुत करने के प्रयोजनार्थ भविष्यलक्षी बोलीदाताओं से अभिरूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है।

योग्य बोलीदाता, जो ग्राह्यता मानदंडों की पूर्ति करते हैं, ई-नीलामी प्रक्रिया सूचना दस्तावेज की शर्तों के अनुसार अपनी बोली, जो नीचे वर्णित सुरक्षित मूल्य से कम नहीं हो, प्रस्तुत करते हुए ई-नीलामी में भाग ले सकते हैं।

(राशि रूपए में)

| मालसूची का विवरण | सुरक्षित मूल्य | ईएमडी | बोली वृद्धि |
|---|---|---|---|
| प्लॉट नंबर 19 स्थित भूखंड, रिंग रोड नंबर 02, इंडस्ट्रियल एरिया, सरोरा, रायपुर, छत्तीसगढ़ जैसा है जहां है आधार पर | 3,08,00,000 | 30,08,000 | रू. 5,00,000 |

यह सूचित किया जाता है कि ई-नीलामी दिनांक 24 अप्रैल, 2023 को अप. 2.00 बजे से अप. 5.00 बजे के बीच 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ आयोजित की जाएगी। सभी संदेश (liquidation.annapurna@gmail.com) के पते पर प्रेषित किए जाने चाहिए।
नीलामी के बारे में विस्तृत विवरण के लिए कृपया (liquidation.annapurna@gmail.com) पर मेल भेजें।

हस्ता./-
भावेश राठौड
स्थान : रायपुर
तिथि : 22-03-2023
अन्नपूर्णा मैलिएबल्स प्राइवेट लिमिटेड हेतु परिसमापक
रजिस्ट्रेशन नंबर : IBBI/IPA-001/IP-P01200/2018-19/119103

मोर Raipur SMART CITY

**OFFICE OF THE RAIPUR SMART CITY LIMITED**
e-Procurement Tender Notice
Main Portal : http://eproc.cgstate.gov.in

| Sl. No. | NIT NO | System Tender No. | Name of work/Description of work | Tender amount | EMD Amount | Time Period |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 611/RSCL/2023 | 128244 | जोन क्र. 01 के अंतर्गत 09 शाला भवनों में मरम्मत एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। (जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, रायपुर द्वारा वित्त पोषित) | 48.84 Lakhs | 48,840.00 | 04 Months |
| 2 | 612/RSCL/2023 | 128255 | जोन क्र. 03 के अंतर्गत 04 शाला भवनों में मरम्मत एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। (जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, रायपुर द्वारा वित्त पोषित) | 70.95 Lakhs | 70,950.00 | 06 Months |
| 3 | 613/RSCL/2023 | 128270 | जोन क्र. 04 के अंतर्गत 02 शाला भवनों में मरम्मत एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। (जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, रायपुर द्वारा वित्त पोषित) | 20.55 Lakhs | 20,550.00 | 03 Months |
| 4 | 614/RSCL/2023 | 128274 | जोन क्र. 05 के अंतर्गत 02 शाला भवनों में मरम्मत एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। (जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, रायपुर द्वारा वित्त पोषित) | 8.14 Lakhs | 8,140.00 | 03 Months |
| 5 | 615/RSCL/2023 | 128275 | जोन क्र. 07 के अंतर्गत 02 शाला भवनों में मरम्मत एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। (जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, रायपुर द्वारा वित्त पोषित) | 27.88 Lakhs | 27,880.00 | 03 Months |
| 6 | 616/RSCL/2023 | 128276 | जोन क्र. 08 के अंतर्गत 04 शाला भवनों में मरम्मत एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। (जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, रायपुर द्वारा वित्त पोषित) | 14.81 Lakhs | 14,810.00 | 03 Months |
| 7 | 617/RSCL/2023 | 128277 | जोन क्र. 09 के अंतर्गत 05 शाला भवनों में मरम्मत एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। (जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, रायपुर द्वारा वित्त पोषित) | 160.70 Lakhs | 1,60,700.00 | 06 Months |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in.

Managing Director
Raipur Smart City Limited,
Raipur (C.G.)

# माता रानी के जयकारे के साथ लगेगा दर्शनार्थियों का रेला डोंगरगढ़ में व्यवस्था संभालने एक हजार जवान तैनात

## शक्तिपीठों और मंदिरों में उमड़ेंगे श्रद्धालु, हिंदू नववर्ष पर होंगे कई आयोजन

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

चैत्र नवरात्रि की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी देवी के लिए आने वाले दर्शनार्थियों और मेले को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं। इसी तरह जिला मुख्यालय में मां शीतला देवी मंदिर, बर्फानी धाम, काली मंदिर सहित अन्य मंदिरों में बुधवार को ज्योत स्थापना होगी। राम नवमीं के दिन ज्योत विसर्जन तक पर्व का उत्साह बना रहेगा। 22 मार्च बुधवार से चैत्र नवरात्र शुरू होने जा रहा है। यह पर्व 30 मार्च तक चलेगा। जिले के लिए नवरात्र का पर्व विशेष हो जाता है। यहां डोंगरगढ़ में मौजूद मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शन करने के लिए देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु आते हैं। इस बार मेले और दर्शन के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई है। डोंगरगढ़ में मेला स्थल और मंदिर में एक हजार जवान को सुरक्षा का जिम्मा सौंपा गया है। राजत्रित अधिकारियों के पास इसकी मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी होगी। इसके लिए 15 अफ्सर को जवाबदारी सौंपी गई है। सीढ़ी व मंदिर तक 150 सीसीटीवी की व्यवस्था की गई है। मंदिर दर्शन के लिए पहुंचे दर्शनार्थियों की गिनती के लिए भी हाईटेक काउंटर के इंतजाम हैं।

यातायात पुलिस द्वारा अंजोरा बाई पास से डोंगरगढ़ तक पैदल यात्रियों के लिए जगह-जगह बैरिकेट व पुलिस जवान तैनात किया गया है। उपर बम्लेश्वरी मंदिर से निचे मां बम्लेश्वरी मंदिर तक पुलिस जवानों को तैनात किया गया है। ताकि दर्शनार्थियों को किसी प्रकार का परेशानियों का सामना न करना पड़े। गौरतलब है कि विश्व प्रसिद्ध मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में स्थित है। यहां मां बम्लेश्वरी बगलामुखी के रूप में विराजित हैं। 1600 फीट ऊपर पहाड़ों पर स्थित मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए 1100 से भी अधिक सीढ़ियां चढ़कर भक्त यहां पहुंचते हैं। यहां ऊंचाई पर स्थित मंदिर तक जाने के लिए रोपवे की भी व्यवस्था है। नवरात्र के 9 दिनों में लगभग 15 लाख से भी अधिक श्रद्धालु माता के दर्शन करने डोंगरगढ़ पहुंचते हैं।





### देखने मिलेगी 3 किलो सोने की नक्काशी

इस बार विश्व प्रसिद्ध मां बम्लेश्वरी मंदिर में भक्त मां को मां का नया रूप देखने को मिलेगा। डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर के गर्भ गृह को सोने से सजाया गया है, जिसके दर्शन श्रद्धालु कर सकेंगे। मां बम्लेश्वरी के गर्भ गृह में लगभग 3 किलो सोने से राजस्थानी नक्काशी की गई है। गर्भ गृह की सजावट मंदिर ट्रस्ट समिति ने करवाई है। माता के भव्य स्वरूप के दर्शन के लिए यहां श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया है। गर्भगृह की दीवारों को दान से मिले लगभग 3 किलोग्राम सोने से सजाया गया है। इसके लिए राजस्थान से कारीगर बुलाए गए थे।

**आज से शुरू होगा नवरात्र-** इस साल 22 मार्च से चैत्र नवरात्र शुरू होगा, जो 30 मार्च तक चलेगा। इस दौरान पंचक में माता पृथ्वी पर पधारेंगी, लेकिन आदि शक्ति जगदंबा की पूजा में पंचक का असर नहीं होता। ऐसे में पहले दिन घटस्थापना सुबह 06.29 से लेकर 07.39 तक शुभ मुहूर्त में होगी। चैत्र नवरात्रि में देवी दुर्गा नाव की सवारी कर पधारेंगी, जो बहुत शुभ माना जाता है। वहीं उनके जाने का वाहन डोली रहेगा।

**इन ट्रेनों का मिला है स्टॉपेज-** 12812 हटिया-कुर्ला एक्सप्रेस 20.25 को पहुंचेगी 20.27 को छूटेगी। इसके अलावा 12811 कुर्ला- हटिया एक्सप्रेस 16.33 को पहुंचकर 16.35 को छूटेगी। 20813 पुरी-जोधपुर एक्सप्रेस 07.27 को पहुंच 07.29 को छूटेगी। 20814 जोधपुर-पुरी एक्सप्रेस 17.38 से 17.40, 12851 बिलासपुर - चेन्नई एक्स. 12.21 से 12.23, 12852 चेन्नई-बिलासपुर एक्स. 10.53 से 10.55, 12146 पुरी-कुर्ला एक्सप्रेस 14.28 से 14.30, 12145 कुर्ला-पुरी एक्सप्रेस 13.13 को पहुंचकर 13.15 को छूटेगी।

### अलग-अलग जिलों से बुलाया बल

मां बम्लेश्वरी के दर्शन हेतु श्रद्धालुगण लाखों की संख्या में दर्शनार्थी आने की संभावना है। इस दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं सम्पूर्ण नवरात्रि पर्व को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अलग-अलग जिलों का बल बुलाया गया है। जिसमें पुलिस जिला बल, सीएएफ होम गार्ड, यातायात पुलिस जिसमें 04 सेक्टर लगभग 1000 से अधिक पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों का चैत्र नवरात्रि पर्व डोंगरगढ़ मेला ड्यूटी लगाया गया है। श्रीरपाली परिसर में डीआर आंचल सेनानी 14वीं वाहिनी छत्तबल बालोद एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव लखन पटले द्वारा मेला ड्यूटी पर लगे बल को ब्रीफकर ड्यूटी वितरण किया गया।

**शोभायात्रा, रैली निकलेगी-** नव विक्रम संवत्सर 2080 के शुभारंभ पर धार्मिक हिंदू संगठनों ने भव्य आयोजनों की तैयारियां की है। राजनांदगांव में गंज चौक स्थित बालाजी मंदिर से शोभायात्रा निकलेगी जो कि शहर भ्रमण कर वापस यहीं पहुंचेगी। दूसरे अन्य आयोजन भी किए जाएंगे। हिंदू नर्व वर्ष के प्रथम दिन ध्वजारोहण की भी तैयारियां हैं।

# चार दिन की बारिश से घुमका क्षेत्र में रबी फसलें पूरी तरह चौपट

## चना, गेहूं,मसूर और सब्जियों को भारी नुकसान, किसानों की मेहनत पर पानी फिरा

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शनिवार शाम से शुरू हुई चौथे दिन की तेज बारिश से क्षेत्र के किसानों के रबी फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। खासकर चना, सब्जी, टमाटर, सरसों, मसूर और गेहूं की फसल बारिश की भेंट चढ़ गई है। जिले भर में बड़े पैमाने पर रबी फसल चना और गेहूं की बोनी की गई थी। लेकिन चार दिन की बारिश में चना, गेहूं समेत रबी की फसलें पूरी तरह चौपट हो गई हैं। प्रशासन और सम्बंधित विभागों की ओर से अभी तक सर्वे शुरू नहीं हुआ है। खबरों के अनुसार घुमका समेत राजनांदगांव जिला के अधिकांश गांवों में रबी सीजन में चना और गेहूं की फसलें हजारों हेक्टेयर में बोनी की गई थी। जिसमें भरी जमीन के मुश्किल से बीस फीसदी फसलों की केवल कटाई कर सूखने के लिए खेतों में फसलें रखी गई थी जो लगातार तेज बारिश में भीगने से खराब हो गई है। वहीं धान काटने के बाद बोयी गई चना और गेंहू की कटाई के लिए पककर तैयार फसलें भी बारिश की भेंट चढ़ गई। बीते तीन साल से रबी फसलों को इसी तरह नुकसान हो रहा है। लेकिन किसानों को राजस्व परिपत्र की धारा 6 (4) के तहत राहत राशि और फसल बीमा का लाभ नहीं मिल रहा है। चार दिन की लगातार बारिश से हुए नुकसान के सर्वे के लिए अब तक राजस्व और कृषि विभाग के अधिकारियों ने नुकसान के लिए सर्वे करने फील्ड में नजर नहीं आ रहे हैं। असमय बारिश से रबी फसलों के अलावा सब्जियों को भी काफी नुकसान बताया जा रहा है।



खेती से जुड़े जानकार सूत्रों के अनुसार रबी सीजन में महंगे दामों में चना और गेहूं के बीज के साथ ही रासायनिक खाद उर्वरकों को खरीदकर बेहतर उत्पादन की आस में किसानों ने रबी फसलों की बोनी किया था। किसानों ने सहकारी समितियों से कर्ज भी लिया था लेकिन बारिश के चलते फसलों के नुकसान से कर्ज भुगतान करना तक मुश्किल हो गया है। ऐसी विषम परिस्थितियों से बचने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसलों का बीमा भी करवाया है। परन्तु राजस्व व कृषि विभाग के साथ बीमा कंपनी द्वारा समयावधि में फसल क्षति के आंकलन नहीं करने के चलते बीते साल से फसल बीमा का लाभ नहीं मिल रहा है। उपरोक्त विभागों के बेहतर समन्वय के अभाव में फसल कटाई प्रयोग में कथित घालमेल के चलते बारिश से नुकसान फसलों की क्षति के आकलन को लेकर क्षेत्र के किसान सशंकित हैं।

# खुज्जी बूथ को सशक्त करने पर जोर: डॉ नीरेंद्र



पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

विधानसभा के बूथ सशक्तिकरण अभियान के अन्तर्गत खुज्जी स्थित सामाजिक भवन में शक्तिकेंद्र खुज्जी की बैठक संपन्न हुई इस मौके पर मुख्यवक्ता बतौर शक्तिकेंद्र विस्तारक प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य छग भाजपा डॉ. नीरेंद्र साहू सम्मिलित हुए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पार्टी की कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में छग में सरकार बनाने बूथ सशक्त करने पर जोर दिया। डॉ साहू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार से पूरे प्रदेश की जनता तंग आ चुकी है, ऐसे में हमारी जिम्मेदारी है कि हम अगला चुनाव बहुमत से जीते और प्रदेश की जनता के लिए अच्छा कार्य करें। उन्होंने सहकारिता के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि हम सब एक साथ मिलकर राष्ट्र एवं प्रदेश के हित में सोचना शुरू करें और उसके अनुरूप कार्य करें तो कोई भी कार्य कठिन नहीं है। हम सभी कार्यकर्ताओं को एक साथ मिलजुल कर कार्य करने की आवश्यकता है। डॉ साहू ने कार्यकर्ताओं के मेहनत को सर्वोपरि बताते हुए उनके प्रति आभार जताया। उक्त अवसर पर बूथ संयोजक टेक राम निषाद, सह संयोजक राधेश्याम कमरिया, राजू गिरी गोस्वामी, बूथ अध्यक्ष विष्णु राम साहू, चम्मन सिंह राजपूत, दुर्गा निषाद व बूथ के सदस्यगण सहित कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# शहर में भारी वाहन प्रतिबंधित दर्जनों सेवा पंडाल लग रहे

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शहर में आज से भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह व्यवस्था आने वाले 10 दिनों तक रहेगी। मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए डोंगरगढ़ जाने वाले पदयात्रियों के लिए 42 स्थानों पर सेवा पंडाल लगाए जा रहे हैं। ये सेवा पंडाल अंजोरा से डोंगरगढ़ के बीच लगाए जा रहे हैं। वहीं मेला स्थल और मंदिर में सुरक्षा के लिए एक हजार जवानों की तैनाती की जा रही है। वहीं 18 गजेटेड अफसरों की भी ड्यूटी लगाई गई है। कई स्थानों पर फिक्स पाइंट बनाए जा रहे हैं।कलेक्टर डोमन सिंह ने चैत्र नवरात्रि के दौरान दर्शन के लिए बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को दृष्टिगत रखते हुए राजनांदगांव शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। शहर में भारी वाहनों के प्रवेश से दुर्घटना की स्थिति निर्मित हो सकती है।इसे देखते हुए 21 से 30 मार्च तक राजनांदगांव शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। इस अवधि में जिला बालोद की ओर से आने वाले वाहनों को मोहारा बायपास से, खैरागढ़ की ओर से आने वाले वाहनों को गठुला से तथा राष्ट्रीय राजमार्ग-53 से होकर गुजरने वाले वाहनों को ट्रांसपोर्ट नगर एवं सीआईटी कॉलेज के पास बायपास से डायवर्सन किया गया है।अंजोरा से आने वाले पैदल यात्री दायीं ओर चलेंगे। बड़ी मुश्किलें मोतीपुर के पास आती है। यहां अंडरब्रिज पर जाम लग जाता है। मोतीपुर और अब स्टेशन पारा का रेलवे फाटक बंद हो चुका है। पूरा दवाब मोतीपुर के अंडरब्रिज पर आएगा। हालांकि अफसरों की मानें तो असुविधा नहीं होने की बात कही जा रही है। पुलिस जवानों की तैनाती अंडरब्रिज पर करने का दावा किया है।

# नारी शक्ति महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं: किरण वैष्णव



पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com

इंदिरा ग्राम संगठन भंडारपुर द्वारा आयोजित वार्षिक अधिवेशन आमसभा कार्यक्रम में जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुई। वैष्णव का महिला समूह के सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। उन्होंने महिला संगठन को संबोधित करते हुए कहा आप लोगों द्वारा किए जा रहे कार्य प्रशंसनीय है। आज देश प्रदेश समेत गांव व हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। कई क्षेत्रों में महिलाओं की शक्ति निर्णय लेने की क्षमता का प्रदर्शन कर रही हैं। बहुत खुशी है कि आज हमारे गांव भंडारपुर की महिलाएं सशक्त मजबूत और आत्मनिर्भर बन रही है। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर दशरथ चंद्रवंशी, बृजलाल यादव, हदयलाल चंद्रवंशी, दुलार चंद्रवंशी, कमला चंद्रवंशी, नगीना यादव, उतरा निषाद, देवेन्द्र चंद्रवंशी सहित इंदिरा महिला समूह संगठन की सदस्य व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# अंग्रेजी स्कूल गंजपारा में बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराएगा समिति

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जनहित और बुनियादी समस्याओं के लिए कार्य करने वाली सामाजिक संस्था सर्व जनहित समिति द्वारा शासकीय अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक स्कूल गंजपारा का निरीक्षण किया गया। जिसमें स्कूल की समस्याओं और बुनियादी जरुरतों की जानकारी ली गई। समिति अध्यक्ष अशोक फड़नवीस ने बताया कि समिति सदस्यों ने गंजपारा प्राथमिक स्कूल पहुंचकर बुनियादी सुविधाओं का जायज़ा लिया।



उन्होंने बताया कि तात्कालीन सरकार से निरन्तर मांग और संघर्ष के उपरान्त सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में 154 ब्लॉकों में अंग्रेजी माध्यम सरकारी स्कूल खोले गए थे। उसी योजना अंतर्गत राजनांदगांव ब्लॉक में गंजपारा में अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक स्कूल खोला गया। फड़नवीस ने कहा कि स्कूल में गरीब मध्यम परिवारों के लगभग 220 बच्चे निशुल्क अंग्रेजी माध्यम में अध्ययनरत है। निरीक्षण में वर्तमान की कुछ बुनियादी आवश्यकताओं के बारे में जानकारी मिली, जिसमें स्टाफ चेयर, आफिस टेबल, योगा दरी, प्रार्थना के लिए साउंड सिस्टम, कक्षाओं के लिए घड़िया, पेयजल हेतु पम्प की जरूरत है। आवश्यक चीजों खरीदी समिति ने करने का निर्णय लिया है। जिसे स्कूल को उपलब्ध कराया जाएगा। गंजपारा अंग्रेजी माध्यम स्कूल को सभी बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति होने तक समिति गोद ले रही है। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी प्रमुख सलाहकार व अधिवक्ता हरमिंदर सिंह वाधवा, उपाध्यक्ष बंटी सोनी , अनूप दरियानी , अरुण देवांगन , रामाधार देवांगन , अनीस खान , कुंती साहू ,रेखा सावरकर, निशा जंघेल मौजूद रहे।

# राजाराम फैक्ट्री में बड़ा हादसा दीवार के नीचे दबे दो मजदूर

## मंगलवार की सुबह की घटना, एक की हालत गंभीर

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शहर के करीब ग्राम भोथीपार में राजाराम फैक्ट्री में एक हादसे में दो मजदूर घायल हुए हैं। घटना मंगलवार सुबह 10 बजे की बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक घटना में एक मजदूर गंभीर रुप से घायल है जबकि दूसरे के भी कमर में गहरी चोट आई है। बताया गया कि, फैक्ट्री में निर्माण कार्य जारी है। इसी कार्य के दौरान दीवार मजदूरों पर गिर गई। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सुरगी पुलिस चौकी प्रभारी ने बताया कि, सुबह घटना की जानकारी मिली थी।

स्टाफ ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। जानकारी के मुताबिक सुबह दीवार गिर गई जिसमें मजदूर दब गए। इस दौरान यहां आगजनी की घटना की भी सूचना है। उन्होंने बताया कि, कि मजदूरों के घायल होने के चलते उनके बयान नहीं हो सके हैं जिसके कारण मामला दर्ज नहीं हो सका है। हम विवेचना कर रहे हैं। मजदूरों के बयान के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# एरियर्स मामले में फेडरेशन ने की बीईओ से मुलाकात

पायनियर संवाददाता < गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक इकाई छुईखदान का प्रतिनिधिमंडल एरियर्स के मामले में छुईखदान विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय एरियर्स मामले की जानकारी लेने पहुंचे थे। बीईओ डड़सेना ने प्रतिनिधिमंडल को शीघ्र ही छूटे हुए शिक्षकों का एरियर्स जमा करने का आश्वासन दिया है। संघ के जिलाध्यक्ष रामलाल साहू, ब्लॉक अध्यक्ष कौशल श्रीवास्तव, जिला संयोजक गांधी राम साहू ने बताया कि हाल ही में 2010-- 11 के शिक्षकों का समयमान वेतनमान, पुनरीक्षित वेतनमान, नान डी.एड बी.एड, निम्न पद से उच्च पद की एरियर्स राशि का भुगतान किया गया है। जिसमें किसी शिक्षकों का कम व किसी का अधिक राशि की गणना की गई है। पदाधिकारियों ने बताया कि कुछ शिक्षकों का एरियर्स राशि जमा ही नहीं हुई है। इससे शिक्षकों में आक्रोश छाया हुआ है। आक्रोशित लगभग सैकड़ों शिक्षक एरियर्स राशि गणना की जानकारी लेने बीईओ कार्यालय छुईखदान पहुंचे थे, लेकिन बीईओ आरके डड़सेना से मुलाकात नहीं हो पाई। पदाधिकारियों ने दूरभाष पर बीईओ डड़सेना से बात की।

डड़सेना ने बताया कि एरियर्स की गणना नियमानुसार की गई है, यदि किसी शिक्षकों की एरियर्स नहीं बना है तो वह कार्यालय में आवेदन जमा कर देवें आवेदन करने के पश्चात पात्र शिक्षकों का आवंटन आने के बाद उनका भुगतान कर दिया जाएगा। अभी राशि नहीं है। साथ ही पदाधिकारियों ने मांग की कि जिन शिक्षकों का एरियर्स जमा हुआ है उनकी सूची संगठन को उपलब्ध कराई जाए ताकि शिक्षकों के बीच आपसी मनमुटाव ना रहे। बीईओ डड़सेना ने जल्द ही सूची उपलब्ध कराने का आश्वासन प्रतिनिधिमंडल को दिया है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष भीखेन्द्र जंघेल, जिला सचिव शिवचरण वर्मा, भागचंद साहू, हीरा लाल अहिरवार, लखनलाल कौशल, महेश वर्मा, लालाराम मेरावी, टीका देशमुख व नीलम चतुर्वेदी, सूरज निषाद, निर्मल वर्मा, यशवंत महिलांगे, तारन धुर्वे सहित शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## सिकंदराबाद-दरभंगा एक्सप्रेस आज से रुकेगी, सांसद हरी झंडी दिखाएंगे

**राजनांदगांव।** हैदराबाद और दरभंगा से सीधे राजनांदगांव के जुड़ने की लंबे समय से राजनांदगांव वासियों की प्रतीक्षा कल 22 मार्च को पूर्ण को रही है। सांसद संतोष पांडे के प्रयासों के उपरान्त सोमवार को सांसद राजनांदगांव को डीआरएम साउथ ईस्ट सेंट्रल रेल्वे नागपुर से प्राप्त पत्र अनुसार इस ट्रेन को कल 22 मार्च सुबह 10.35 बजे राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन में हरी झंडी दिखाने व अतिथ्य का शुभ अवसर उन्हें प्राप्त हुआ है। उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव शहर सहित अविभाजित जिले में मैथिल समाज के रहवासियों की राजनांदगांव से सीधे कनेक्टिविटी न होने के कारण छठ, श्रावण मास व अन्य त्यौहारों पर दुर्ग या रायपुर से यात्रा आरंभ करनी पड़ती थी। वहीं व्यापारी, छात्र-छात्राएं व युवकों के कैरियरए विशेषकर गंभीर मरीजों को सीधे हैदराबाद से जुड़ाव का ठोस माध्यम नहीं था, जिन्हें नागपुर होकर हैदराबाद की यात्रा करनी पड़ती थी। दरभंगा-सिकंदराबाद एक्सप्रेस के राजनांदगांव स्टेशन पर ठहराव से स्थानीय नागरिकों में प्रसन्नता व्याप्त है। सांसद संतोष पाण्डे, राजनांदगांव विधायक एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त करते उक्त अवसर पर शहर की जनता से सुबह 9.30 बजे से अधिक संख्या में उपस्थित होने के साथ उक्त ट्रेन का अधिक से अधिक लाभ लेने का आग्रह किया है।

## स्कूलों में मरम्मत कार्य के लिए 11 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति

**मोहला।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित कुमार ने अति आवश्यक कार्यों के लिए प्राप्त आबंटन अनुसार मानपुर विकासखंड के विभिन्न स्कूलों में विभिन्न मरम्मत कार्य के लिए 11 लाख 1 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। जिसके अंतर्गत प्राथमिक शाला मुरगोटा, प्राथमिक शाला साल्हे, प्राथमिक शाला पंचालपड़की, प्राथमिक शाला कुमुड़कट्टा, प्राथमिक शाला जक्के, प्राथमिक शाला आमाटोला, प्राथमिक शाला हर्राईकलखुर्द, प्राथमिक शाला रानीपारा, प्राथमिक शाला बोदरा, माध्यमिक शाला कोसमी, माध्यमिक शाला बागडोंगरी, माध्यमिक शाला सेण्डवाही में शौचालय मरम्मत के लिए 20-20 हजार रूपए तथा प्राथमिक शाला रानवाही में शौचालय व दरवाजा मरम्मत, प्राथमिक शाला कोण्डे में शौचालय मरम्मत, प्राथमिक शाला रानवाही कन्दाडी में छत दीवाल व फर्श मरम्मत, प्राथमिक शाला कोरलदण्ड में छत दीवाल व फर्श मरम्मत, प्राथमिक शाला कोसमी में छत मरम्मत, माध्यमिक शाला साल्हेभट्टी में शौचालय, खिड़की, दरवाजा, फ्लोर मरम्मत, प्राथमिक शाला हालांजुर में छत दीवाल एवं फर्श एवं अन्य मरम्मत के लिए 80-80 हजार रूपए, माध्यमिक शाला बोरिया टेकेदारी में खिड़की, प्राथमिक शाला बाजोपारा में शौचालय मरम्मत।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा का आयोजन

# सम्मानित हुई सामाजिक उत्थान में काम करने वाली नारी शक्तियां

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वीरांगना और पद्मावत महिला कल्याण समिति के संयुक्त तत्वाधान में सामाजिक उत्थान के लिए काम करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया। समाज के हर क्षेत्र में श्रेष्ठ काम करने वाली महिलाओं को समाज ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। न्यू चंद्रा कॉलोनी स्थित महाराणा प्रताप भवन में महिला शक्ति का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस सम्मान समारोह में समाज के अलग-अलग क्षेत्र में काम करने वाली तकरीबन 60 महिलाओं का सम्मान हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डिप्टी कमिश्नर स्टेट टैक्स (जीएसटी) प्रतिष्ठा ठाकुर हरितवाल व वरिष्ठ समाजसेवी डॉ मधु भदोरिया, कंचनलता चौहान सहित वरिष्ठ अधिवक्ता तथा समाजसेवी शारदा तिवारी मौजूद रहीं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राजपूत महिला महासभा की प्रदेश अध्यक्ष सुषमा सिंह ने कहा कि हर समाज की नींव महिलाओं पर टिकी है। महिलाओं ने अपने शौर्य के बल पर सब कुछ कर दिखाया है जो पुरुष प्रधान समाज में किया जा सकता है। आज महिलाएं मजदूरी से लेकर प्रशासन चलाने तक का कार्य कर रही है। वही सरकार चलाने में भी उनकी भूमिका है। इसके अलावा समाज के अलग-अलग क्षेत्र में महिलाएं काम कर रही है और अपने क्षेत्र में सबसे आगे हैं। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष वीरांगना सुषमा सिंह, राष्ट्रीय महासचिव अर्चना सिंह परिहार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कनकलता सिंह, अनामिका सिंह गौतम,सुधा पवार, माधुरी सिंह ठाकुर कीर्ति विनोद शशि चौहान आरती छाया ठाकुर गौतम रेखा सिंह,रश्मि भारद्वाज,रेणु सिंह, रीना सिंह, संजु सिंह,नीमा राजावत, ममता राठोर, स्वाती सिंह, निर्मला कल्चुरि,आभा सिंह,निशा सेंगर,निशा सिंह डिंपल भदौरिया, सूर्यबाला सिंह,अदिति सिंह, मनीषा सिंह, मोनालिसा सिंह, रवि चौहान पुष्पा सिंह, शशि भदौरिया, श्रुति सिंह,रितिका सिंह, श्रेहा सिंह, रश्मि ठाकुर,प्रिया सिंह अनुष्का सिंह अमीषी सिंह, सौम्या राठौर से सहित समाज से जुड़ी महिलाएं शामिल हुई।



### इन्हें किया सम्मानित

महिला सम्मान समारोह कार्य म में रिमता पांडे, मोनिका साहू, वनिता सोनकर, चांदनी मरकाम, शेफाली गुहा, कुसुम श्रीवास्तव, उमाबाई, रंजीता साहू, दीपिका सिंह, अनुराधा सिंह, डॉक्टर मीना त्रिपाठी, मीना यादव, आरती श्रीवास्तव, एकता अग्रहरी, शालिनी चितलांगिया, करुणा यादव, शारदा तिवारी, शिल्पी पवार, उमराजे राजपूत, अनीता बाजपेई को समाज के अलग-अलग क्षेत्र में बेहतर काम करने के लिए सम्मानित किया गया। इसके अलावा श्याम सेवा महिला मंडल वात्सल्य महिला मंडल प्रतिष्ठा महिला स्व सहायता समूह जागृति महिला मंडल श्री कृष्णा महिला मंडल को भी सम्मानित किया गया।

# चाकूलेकर कर रहा था पत्नी की तलाश, पुलिस के हत्थे चढ़ा

## आरोपी के खिलाफ पहले भी थाने में दर्ज है शिकायत



**राजनांदगांव।** धारदार चाकू लेकर अपनी पत्नी पर हमला करने के फिराक में घुम रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला पुलिस चौकी सुरगी का है। ग्रामीणों ने राजू साहू के बारे में पुलिस को जानकारी दी थी जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी राजू साहू (30) निवासी कोटरा चौक सुरगी को घेराबंदी कर पकड़ा गया है। उसके पास से एक लोहे का चाकू बरामद हुआ है। आरोपी को धारा- 25, 27 आर्म्स एक्ट की विधिवत कार्यवाही कर तत्काल गवाहों के सामने पकड़कर आरोपी के कब्जे लोहे का चाकू जप्त कर गिरफ्तार किया गया है। न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। गौरतलब है कि आरोपी राजू साहू के खिलाफ उसकी पत्नी फुलेश्वरी साहू ने 19 मार्च को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें उसने आरोपी पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। जिसमें वह जमानत पर बाहर है। इसके बाद ही राजू उसे मारने के लिए ढूंढ रहा था। आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 आइपीसी दर्ज किया गया था।

# जिले को समस्यामुक्त शहर बनाने की परिकल्पना को साकार करने सभी दिशाओं में कार्य जारी : जयसिंह

### 2 करोड़ 80 लाख रू. से होगा 2 बड़े नालों का निर्माण, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने किया कार्य का भूमिपूजन

■ पानी के समुचित निकासी के साथ ही जलभराव की समस्या से मुक्त होगा शहर

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com



कोरबा को समस्या मुक्त शहर बनाने की परिकल्पना को साकार करने हेतु विकास की सभी दिशाओं में एक साथ कार्य किए जा रहे हैं, बड़े नालों के निर्माण से पानी की समुचित निकासी सुनिश्चित किए जाने के साथ ही वर्षा ऋतु में जलभराव जैसी समस्या से कोरबा शहर पूर्णतः मुक्त होगा। पूर्व में आधा दर्जन बड़े नालों का निर्माण कराया गया था, अभी 04 बड़े नालों का निर्माण प्रारंभ कराया गया है।

उक्त बातें राजस्व, आपदा प्रबंधन मंत्री अग्रवाल ने वार्ड क्रं. 14 पम्प हाउस मैगजीनभांठा में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान कही। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा 15वें वित्त आयोग मद के अंतर्गत वार्ड क्र 14 पम्प हाउस अटल आवास में मैंगजीनभांठा तक 01 करोड़ 60 लाख 36 हजार रूपये की लागत से आर.सी.सी. नाला निर्माण तथा टी.पी. नगर अंतर्गत इंटकवेल के सामने सी.डी. 01 से सी.डी. 02 तक 01 करोड़ 18 लाख 82 हजार रूपये की लागत से आर.सी.सी. नाला का निर्माण कराया जाना हैं। रविवार को वार्ड क्र.14 मैंगजीनभाठा दशहरा मैदान में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने उक्त दोनों महत्वपूर्ण निर्माण कार्यो का भूमिपूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में किया, कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर राजकिशोर प्रसाद ने की, वहीं सभापति श्यामसुंदर सोनी, मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण, पार्षद व एल्डरमेनगण विशिष्ट रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजस्व मंत्री अग्रवाल ने आगे कहा कि कोरबा को समस्यामुक्त शहर बनाना तथा इसका सर्वागीण विकास कर सम्पूर्ण विकसित शहर का रूप देना मेरा पुराना सपना था, कोरबा को समस्या विहीन शहर बनाने की दिशा में विकास के हर क्षेत्र में एक साथ कार्य किए जा रहे हैं, शहर के अधोसंरचनात्मक विकास के साथ-साथ सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा व चिकित्सा जैसे प्रमुख विषयों पर व्यापक स्तर पर कार्य हुए हैं तथा आज भी जारी हैं। उन्होने कहा कि विगत 07-08 वर्षो के दौरान कोरबा का कितनी तेजी से विकास हुआ तथा क्या-क्या बड़ी उपलब्धियॉं प्राप्त हुई इन्हें बताने की आवश्यकता नहीं हैं, शहर की जनता इनसे भलीभाति परिचित हैं। उन्होने कहा कि महापौर राजकिशोर प्रसाद ने औद्योगिक प्रतिष्ठानों की खाली जमीनों पर काबिज नागरिकों को पट्टे का वितरण करने का आग्रह किया था तो मैं बताना चाहूँगा कि सार्वजनिक व औद्योगिक प्रतिष्ठानों की रिक्त जमीनों में काबिज लोगों को पट्टा दिए जाने के संबंध में सर्वे का कार्य पूर्णता की ओर है तथा जल्द से जल्द लोगों को पट्टा दिया जाएगा, उन्होने कहा कि वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस अंतर्गत स्थित नंदी श्वान के स्थल को कचरा मुक्त करने के साथ ही वहॉं पर रीपा की स्थापना कराई जाएगी, इससे स्थानीय लोगों को रोजगार भी प्राप्त होगा।

**विकास के पर्याय है, राजस्व मंत्री** -इस मौके पर कोरबा जिला नगर निगम महापौर राजकिशोर प्रसाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल कोरबा के विकास के लिए पूर्ण रूप से समर्पित हैं, उन्हीं के प्रयासों से कोरबा को अनेक बड़ी उपलब्धियां प्राप्त हुई, आज कोरबा का जो विकसित स्वरूप दिख रहा है।

## हिंदू नव वर्ष को लेकर शिवरीनारायण नगर पंचायत की सभागार में शांति समिति की बैठक

### 22 अप्रेल को नगर में निकलेगी श्रीरामचन्द्र जी की भव्य शोभा यात्रा

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



धर्म एवं अध्यात्म की नगरी शिवरीनारायण में 22 अप्रेल को होने वाली हिन्दू नव वर्ष को लेकर 21अप्रेल को शिवरीनारायण नगर पंचायत के सभागार में शांति समिती की बैठक आयोजित किया गया था।जिसमे नगर पंचायत अध्यक्ष अंजनी मनोज तिवारी,डी एस पी चन्द्र शेखर एसडीएम नंदनी साहू तहसील दार बजरंग साहू,नायब तहसीलदार कुडाल पांडे,सीएमओ संध्या वर्मा थाना प्रभारी रविंद्र अनंत इंजीनियर हर्षा तिवारी,नगर पंचायत जनप्रतिनिधि,गणमान्य नागरिक सहित नगर के पत्रकार बंधु उपस्थित थे गौरतलब है की हिंदू नव वर्ष मनाने को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष अंजनी मनोज तिवारी ने बताया की 22 अप्रैल को हिंदू नव वर्ष की नगर में भव्य शोभा यात्रा आनंद उत्साह के साथ निकाली जायेगी।साथ ही किसी भी धर्म की आस्था को ठेस पहुंचाने एवं हुडदंग करने वालो पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी डी एस पी चंद्रशेखर ने बताया की पुलिस प्रशासन की चौक चौबंध व्यवस्था रहेगी जो हुडदंग करने वाले एवं गलत अफेवाह फैलाने वालो पर विशेष निगरानी करेंगी तथा वैधानिक कार्यवाही की जायेगी । प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी हिंदु नव वर्ष की भव्य शोभा यात्रा शिवरीनारायण मठ मंदिर से विधि विधान एवं पूजा अर्चना कर रथ बग्गी में भगवान राम लक्ष्मण और माता सीता की आकर्षक झाँकी विराजित कर नगर में बाजे गाजे के साथ निकाली जायेगी। शोभा यात्रा मठ मंदिर से निकल कर बांबे मार्केट, शबरी चौक, नटराज चौक, रपटा रोड़ से होते हुए वापस मठ मंदिर पहुंचेगी जहां पर महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया जायेगा।

## कलेक्टर चौधरी ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु की समीक्षा बैठक ली

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिला कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में पंजीकृत समस्त बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण शत प्रतिशत करने तथा बीमारी से ग्रसित समस्त बच्चों का स्क्रीनिंग एवं सही उपचार प्रदान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संख्यात्मक देरी, सिकलसेल जांच, हिमोग्लोबिन जांच, एनीमिया जांच एवं बालिकाओं को किशोरावस्था संबंधित बीमारियों से अवगत कराना एवं गुड टच तथा बैड टच, हाथ धोने के बारे में अन्य सामान्य बीमारियों के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों के भ्रमण किये जाने के लिए के भी निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्कर्ष तिवारी, चिरायु नोडल अधिकारी डॉ. जागृति, शिशु स्वास्थ्य सलाहकार अविनाश शराफ एवं समस्त विकासखंड, जिला जांजगीर चम्पा के चिरायु दल के चिकित्सा अधिकारी, फार्मासिस्ट एएनएम एवं लैब टेक्नीशियन उपस्थित थे।

## दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण और सामग्री वितरण शिविर 5 अप्रैल से

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com

कोरबा कलेक्टर संजीव झा की पहल पर जिले के वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यकतानुसार सामग्री वितरण किया जाएगा। जिसके लिए 05 अप्रैल से 14 अप्रैल तक विभिन्न जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों में शिविर लगाये जाएंगे। कलेक्टर कोरबा द्वारा जारी आदेशानुसार 05 अप्रैल 2023 को जनपद पंचायत पाली एवं नगरीय निकाय पाली के दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए मंगल भवन पाली में शिविर लगाया जाएगा। इसी तरह जनपद पंचायत कटघोरा एवं नगरीय निकाय कटघोरा, दीपका एवं छुरीकला के दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए 08 अप्रैल को सद्भावना भवन कटघोरा में शिविर लगाया जाएगा। इसी तरह जनपद पंचायत करतला के सद्भावना भवन में 09 अप्रैल को, जनपद पंचायत कोरबा के ग्राम पंचायत भवन भैंसमा में 12 अप्रैल को तथा जनपद पंचायत पोड़ी-उपरोड़ा के सद्भावना भवन में 14 अप्रैल को शिविर लगाये जाएंगे। इन शिविरों के सफल आयोजन के लिए विभिन्न विभागों को दायित्व सौंपा गया है। पाली, कटघोरा, करतला, कोरबा और पोड़ी-उपरोड़ा जनपद पंचायतों को दिव्यांगजनों को शिविर स्थल पर लाने एवं परीक्षण पश्चात् सकुशल गंतव्य स्थल पर पहुंचाने, शिविर हेतु कुर्सी, टेबल, ध्वनि फोटोकॉपी मशीन, भोजन व्यवस्था, अधीनस्थ विभागीय अमलों की ड्युटी, जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय क्षेत्रांतर्गत व्यापक प्रचार-प्रसार करने, अतिथि आमंत्रण एवं मंच संचालन का दायित्व सौंपा गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कोरबा को शिविर स्थल पर मेडिकल बोर्ड के विशेषज्ञों की ड्युटी लगाने, दंत चिकित्सा की सेवाएं, चलित चिकित्सा इकाई की सेवाएं, दिव्यांजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को शिविर स्थल में चश्मा वितरण करने का दायित्व सौंपा गया है। पुलिस अधीक्षक कोरबा को शिविर स्थल पर यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था करने, चिकित्सा अधिकारी एनटीपीसी हॉस्पिटल जमनीपाली कोरबा को जेना आर्थोप्रोस्थेटिक इंजीनियर एनटीपीसी हॉस्पिटल जमनीपाली की ड्युटी लगाई जाने हेतु व शिविर स्थल में कटे-फटे हाथ पैर वाले व्यक्तियों के नाप लिया जा कर कृत्रिम हाथ पैर बनाने का दायित्व सौंपा गया है। उपसंचालक समाज कल्याण विभाग कोरबा को समस्त फार्म-बेंनर पोस्टर की छपाई एवं हितग्राहियों की फोटोग्राफी, जिला शिक्षा अधिकारी कोरबा को शिविर स्थल पर जिला परियोजना समन्वयक कोरबा के समग्र शिक्षा में कार्यरत विशेषज्ञों की ड्युटी निर्धारित करने, श्रवण बाधित बच्चों को श्रवण यंत्र प्राप्त करने हेतु उपस्थित कराने का दायित्व सौंपा गया है।

## किसान संघ के आंदोलन की चेतावनी का असर, सहकारी बैंक में घोटाले की जांच शुरू



पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

जिला सहकारी बैंक तोरवा मंडी शाखा में बैंक के कर्मचारियों के द्वारा 80किसानों लगभग 1 करोड़ से ज्यादा अमानत राशि को कूटरचना कर गबन कर दिया गया जिसमें भारतीय किसान संघ के द्वारा जांच में गति दिए जाने तथा किसानों का राशि अविलंब भुगतान किए जाने की मांग की गई थी अन्यथा 15 दिन बाद बैंक घेराव की चेतावनी 16 मार्च को दिया गया था जिसका असर आज बैंक प्रबंधन द्वारा 6 सदस्यीय जांच कमेटी के सदस्यों के समक्ष किसानों का आवश्यक दस्तावेज मंगाकर किसान संघ के जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र दुबे एवम जिला कोषाध्यक्ष माधोसिंह की उपस्थिति में किसानों ने अपना दस्तावेज जमा किया गया, दस्तावेज की जांच राइटिंग एक्सपर्ड सुनंदा ढेंगे रायपुर के द्वारा किया जा रहा है जिसमे 30 किसानों के दस्तावेज भेजा जा चुका है और आज 30 किसानों के दस्तावेज जमा किये गए हैं दस्तावेज जांच की प्रक्रिया के पश्चात किसानों के खाते में राशि हस्तांतरित किया जाएगा।

## एडीएम ने सुनी आम जनता की समस्याएं, 132 मामलों की हुई सुनवाई

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देश पर जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में एडीएम आर.ए.कुरूवंशी ने आज यहां बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने कुछ आवेदनों का जहां जनदर्शन में ही समाधान कर दिया वहीं जांच एवं परीक्षण की जरूरत वाले मामलों को टीएल में पंजीकृत करते हुए संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए गए। जनदर्शन में आज एडीएम ने 132 मामलों की सुनवाई की। जनदर्शन में आई शहर की महिला समूहों ने एडीएम के समक्ष अपना आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उन्हें नगर पालिक निगम द्वारा मकान आबंटित किया गया था, जिस पर अन्य व्यक्तियों द्वारा बलपूर्वक कब्जा कर लिया गया है। एडीएम ने इस संबंध में नगर निगम आयुक्त को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सिरगिट्टी निवासी मनहरण प्रसाद साहू ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक शाखा सिरगिट्टी से ऋण दिलाने के लिए आवेदन दिया। एडीएम ने आवेदन को टीएल में पंजी करते हुए संबंधित अधिकारियों को मामले को सौंपा। कोटा ब्लॉक के ग्राम करवा निवासी मिथिलेश दरके ने विधवा पेंशन दिलाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। इस मामले को सीईओ जनपद पंचायत कोटा देखेंगे। भेलनाडीह निवासी प्रतापसिंह नेताम ने एन.एच.130 के निर्माण हेतु अधिग्रहण की गई भूमि का मुआवजा नहीं मिलने की शिकायत की और परिवार की आर्थिक स्थिति खराब होने की जानकारी देते हुए मुआवजा राशि दिलाने की मांग की। एडीएम ने आवेदन को टीएल में पंजी कर संबंधित अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## महापौर की अध्यक्षता एवं आयुक्त की उपस्थिति में सम्पन्न हुई निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक

■ निगम का बजट एमआईसी से हुआ पारित, साधारण सभा की ओर हुआ अग्रेषित

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com



कोरबा जिला नगर पालिक निगम का पुनरीक्षित बजट वर्ष 2022-23 एवं बजट वर्ष 2023-24 सर्वसम्मति से मेयर इन काउंसिल से पारित होकर साधारण सभा की ओर अग्रेषित किया गया, वहीं नागरिक सेवाओं व सुविधाओं, विकास व निर्माण कार्यो सहित निगम के विविध कार्यो से संबंधित लगभग 02 दर्जन से अधिक प्रस्तावों पर भी मेयर इन काउंसिल ने विस्तृत चर्चा उपरांत आवश्यक निर्णय लिए। कोरबा जिला नर निगम महापौर राजकिशोर प्रसाद की अध्यक्षता एवं आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय की उपस्थिति में नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित एम.आई.सी. सभा कक्ष में मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर पालिक निगम कोरबा का पुनरीक्षित बजट वर्ष 2022-23 एवं बजट वर्ष 2023-24 मेयर इन काउंसिल के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। मेयर इन काउंसिल द्वारा उक्त बजट प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित करते हुए आवश्यक स्वीकृति हेतु साधारण सभा की ओर अग्रेषित किया। बैठक के दौरान सुनालिया चौक के पास नवनिर्मित मल्टीलेवल पार्किंग को व्यवसायिक काम्पलेक्स के रूप में परिवर्तित कर नगर पालिक निगम कोरबा को भवन का स्वामित्व हस्तांतरित करने, पं. रविशंकर शुक्ल नगर विस्तार के रिक्त भूखण्डों के व्ययन, कोसाबाड़ी भाग-अ, ब व्यवसायिक भूखण्ड एवं महाराणा प्रतापनगर कोरबा के रिक्त भूखण्डों के व्ययन, पार्षद, एल्डरमेन निधि के संबंध में, निगम द्वारा पेट्रोल पम्प स्थापना, विभिन्न वार्डो में सड़क डामरीकरण, मरम्मत व संधारण कार्य, निगम की साफ सफाई व्यवस्था, जलप्रदाय संधारण कार्य हेतु सामग्री खरीदी के संबंध में वार्षिक दर निर्धारण, 14वें वित्त आयोग के अंतर्गत तैयार की गई कार्ययोजना, निगम क्षेत्र में विभिन्न विद्युत कार्य हेतु वार्षिक दर निर्धारण, वार्डो में डामरीकृत सड़कें के मरम्मत व पेंच रिपेरिंग, नवनिर्मित बैंडमिंटन कोट के संचालन, शासकीय भूमि पर विज्ञापन होर्डिंग लगाने, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं की नियुक्ति आदि के साथ-साथ निगम की विभिन्न नागरिक सेवाओं, सुविधाओं व विकास तथा निर्माण कार्यो से जुड़े संबंधित प्रस्तावों पर मेयर इन काउंसिल द्वारा आवश्यक निर्णय लिए गए।

## जिला स्तरीय बाइक रैली के साथ पोषण पखवाड़ा का हुआ शुभारंभ

### मिलेट्स से बने व्यंजनों के बारे में भी किया जाएगा जागरूक

■ आंगनबाड़ी केन्द्रों व पंचायतो में पोषण जागरूकता के लिए 03 अप्रैल तक आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com





पोषण अभियान अंतर्गत जिले में 20 मार्च से 3 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष कोरबा शिवकला कंवर ने जिले में बाइक रैली को हरी झण्डी दिखाकर पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ किया। इस जागरूकता रैली में राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना उपाध्याय ने स्वयं स्कूटी चलाते हुए साथ में स्कूटी के पीछे सीट पर जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रीति खोखर चखियार को बिठाकर जिले में लगभग 5 किलोमीटर तक स्कूटी चलाया। उन्होंने इसके माध्यम से लोगों को पोषण एवं स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया। यह रैली कलेक्टोरेट परिसर से निकलकर कोसाबाड़ी चौक होते हुए घंटाघर से बुधवारी बाजार से आईटीआई चौक होते हुए अपने गंतव्य स्थान में वापस आकर संपन्न हुआ। इस वर्ष पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत मुख्य रूप से 3 थीम अनुसार गतिविधि आयोजित की जा रही है। इसके अंतर्गत पोषण कल्याण के लिए अन्न मिलेट्स का प्रचार प्रसार और लोकप्रियता, स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा एवं सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र से संबंधित थीम के अनुसार 3 अप्रैल 2023 तक प्रतिदिन कैलेंडर अनुसार गतिविधि आयोजित की जाएगी। इस गतिविधि में जिले के समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों, ग्राम पंचायतों में लोगों को सुपोषण के संबंध में जागरूक किया जाएगा। साथ ही आयोजित गतिविधियों को पोषण ट्रैकर ऐप में भी प्रतिदिन इंद्राज किया जाएगा। पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत मिलेट्स से बने व्यंजनों की प्रतियोगिता, प्रदर्शनी एवं मिलेट्स जागरूकता कैम्प का भी आयोजन किया जाएगा।

### शासन ने अनियमित विकास के नियमितीकरण का दिया सुनहरा अवसर, इसका लाभ उठाएं लोग, आर्किटेक्ट इंजीनियर्स निभाएं सक्रिय भूमिका : आयुक्त

## आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने ली आर्किटेक्ट इंजीनियर्स की बैठक

■ नियमितीकरण हेतु अधिक से अधिक आवेदन जमा कराने दिया मार्गदर्शन

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com



कोरबा जिला नगर निगम आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने कहा है कि अनियमित रूप से निर्माण व विकास करने वाले व्यक्तियों को शासन ने नियमितीकरण का सुनहरा अवसर प्रदान किया है, अतः लोग इसका लाभ उठाएं, अनिवार्य रूप से नियमितीकरण करवाएं तथा इस हेतु निगम में आवेदन जमा करें। उन्होने आर्किटेक्ट इंजीनियर्स से कहा है कि वे नियमितीकरण के अधिकाधिक आवेदन जमा कराने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं, लोगों को नियमितीकरण कराने के फायदे तथा न कराने के नुकसान के संबंध में जानकारी दें, उन्हें प्रेरित करें कि वे नियमितीकरण हेतु जल्द से जल्द अपने आवेदन दें। आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में निगम के पंजीकृत आर्किटेक्ट इंजीनियर्स की एक महत्वपूर्ण बैठक लेकर अनियमित विकास के नियमितीकरण की कार्यप्रगति की समीक्षा की। उन्होने आर्किटेक्ट इंजीनियर्स के पास आज की स्थिति में कितने-कितने आवेदन लंबित हैं, इसकी पृथक-पृथक जानकारी लेते हुए सभी लंबित आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए एक सप्ताह के अंदर निगम में जमा कराने को कहा। आयुक्त पाण्डेय ने कहा कि शासन की गाईड लाईन के अनुसार नियमितीकरण का कार्य माह जुलाई 2023 तक करना है, चूंकि आवेदन प्राप्त करने से लेकर स्वीकृति देने तक की प्रक्रिया में समय लग जाता है, अतः जल्द से जल्द आवेदन निगम में जमा कराएं जाएं। उन्हेने आर्किटेक्ट इंजीनियर्स से कहा कि वे प्राप्त आवेदनों को अपने पास लंबित न रखें, आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही कर उन्हें निगम में जमा कराएं ताकि सक्षम स्वीकृति हेतु प्रकरणों को जिला नियमितीकरण प्राधिकार समिति के समक्ष रखा जा सके।

**नियमितीकरण के फायदे-** नगर निगम आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने आर्किटेक्ट इंजीनियर्स से कहा कि वे लोगों को यह जानकारी दें कि नियमितीकरण कराने के फायदें हैं, वहीं न कराने के नुकसान भी हैं। अनियमित विकास व निर्माण पर कभी भी कार्यवाही कर उसे हटाया जा सकता है, जबकि नियमितीकरण करा लेने के बाद वह अवैध निर्माण वैध हो जाता है, फिर उसे अवैध मानकर हटाया नहीं जा सकता। वास्तव में अनियमित विकास के नियमितीकरण का शासन द्वारा दिया गया यह विकल्प अनियमित विकास व निर्माण करने वालों के हित में है, जिसका लाभ उन्हें जल्द से जल्द उठाना चाहिए।

**बिना अनुमति न हो निर्माण कार्य-** आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने कहा कि निगम क्षेत्र में कोई भी निर्माण बिना सक्षम अनुमति प्राप्त किए नहीं होना चाहिए, नियमों के अनुसार सभी निर्माण हेतु अनुमति लेना आवश्यक है। उन्हेने आर्किटेक्ट इंजीनियर्स से कहा कि यदि किसी व्यक्ति के पास भवन निर्माण की अनुमति नहीं है, तथा वह उनके पास नक्शा बनवाने आता है तो आप उसे नक्शा बनाने से मना कर दीजिए तथा उससे कहिए कि वह भवन निर्माण की सक्षम अनुमति लेकर आए तभी उसका नक्शा बनेगा, आयुक्त पाण्डेय ने कहा कि इसी में शहर का हित है तथा निर्माण करने वाले व्यक्ति का हित भी इसी में निहित है। उन्हेने आर्किटेक्ट इंजीनियर्स एसोसिएशन से इस पर पूर्ण सहयोग देने का आग्रह भी किया। बैठक के दौरान अपर आयुक्त खजांची कुम्हार, भवन अधिकारी अखिलेश शुक्ला, सहायक भवन अधिकारी विवेक रिछारिया, आर्किटेक्ट इंजीनियर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक सिंह, अरविंद साहू, प्रमोद अग्रवाल, आशीष भावनानी, दीपक सोनी, हनुमान साहू, अक्षय साहू।

## 22, 23, 30 मार्च एवं 04, 14 अप्रैल को बंद रहेगा पशुवध कार्य

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत 22 मार्च को गुडी पडवा, 23 मार्च को चेट्रीचंड, 30 मार्च को रामनवमी, 04 अप्रैल को महावीर जयंती एवं 14 अप्रैल को डॉ. अंबेडकर जयंती के विशिष्ट अवसर पर पशुवध कार्य बंद रहेगा तथा मांस की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा अपने क्षेत्र के अंतर्गत संचालित समस्त वधशालाओं के पशुवधकर्ताओं व दुकान संचालकों को आदेश दे दिए हैं की वे इन तिथियों में किसी भी प्रकार का पशुवध का कार्य न करें, मांस विक्रय की दुकानों को पूर्ण रूप से बंद रखें, यदि किसी दुकान में मांस का विक्रय करते हुए पाया जाता है तो मांस जप्त कर संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी।

## एसडीएम पथरिया ने की समग्र शिक्षा अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा

**मुंगेली।** एसडीएम पथरिया बी. आर. ठाकुर ने हायर सेकेण्डरी स्कूल सरगांव में समग्र शिक्षा अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। कलेक्टर के निर्देश पर उन्होंने पथरिया विकासखंड के समस्त विद्यालयों मे शैक्षणिक गुणवत्ता, बोर्ड परीक्षा और समग्र शिक्षा द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समग्र शिक्षा अंतर्गत संचालित योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन होना चाहिए।


छत्तीसगढ़ शासन
सत्यमेव जयते

# लघु धान्य फसलों से बरसेगा आदिवासी घरों में धन

## कोदो, कुटकी, रागी का समर्थन मूल्य तय करने वाला देश का पहला राज्य



samvad-35049/4



दर प्रति क्विंटल

₹ 3000 कोदो

₹ 3100 कुटकी

₹ 3578 रागी

श्री भूपेश बघेल
मान. मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

- छत्तीसगढ़ मिलेट मिशन का गठन
- इंडियन इंस्टीट्यूट आफ मिलेट्स रिसर्च के साथ करार
- प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों और स्व सहायता समूहों के माध्यम से संग्रहण
- प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना
- मिलेट्स के व्यंजनों को बढ़ावा देने खोले कैफे


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403